राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 मुंबई इंडियंस ने जीत के साथ मनाया...

ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट जज पर फूटा मस्क ... 12

वर्ष : 14 | अंक : 325 | नई दिल्ली, मंगलवार, 09 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 31°C
न्यूनतम तापमान 21°C

**बाजार**

सोना 73,330
चांदी 82,700
सेंसेक्स 74,742
निफ्टी 22,666

# कांग्रेस सरकार के समय भ्रष्टाचार देश की पहचान बन गई थी: मोदी

प्रात: किरण/एजेंसी

जगदलपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौर में भ्रष्टाचार देश की पहचान बन गई थी। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के गांव 'छोटे आमाबाल' में 'विजय संकल्प शंखनाद' रैली को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा, कांग्रेस की सरकार के समय भ्रष्टाचार ही देश की पहचान बन गई थी और भ्रष्टाचार से अगर सबसे ज्यादा नुकसान किसी का होता है तो गरीब का नुकसान होता है। भ्रष्टाचार गरीब का हक मारता है। 2014 से पहले लाखों करोड़ रुपये के घोटाले होते थे। उन्होंने कहा, "कांग्रेस की सरकार में दिल्ली से एक रुपया भेजा जाता था तो सिर्फ 15 पैसा गांव तक पहुंचता था। यह मैं नहीं कह रहा हूं, कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री (पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जिक्र) ने कहा था कि दिल्ली से हम एक रुपये भेजते हैं तो 15 पैसा ही पहुंचता है। अरे भाई, बताओ ना वह कौन पंजा था जो 85 पैसे मार लेता था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मोदी ने कांग्रेस की लूट की इस व्यवस्था को बंद कर दिया है। भाजपा सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में 34 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजा है। दिल्ली से एक रुपये भेजा गया और पूरे 100 पैसे गरीब के खातों में जमा हो गए। एक रुपये भेजने पर 85 पैसे गायब होने का जादू का खेल बंद हो गया है।"

मोदी ने कहा कि अब पैसे सीधे लोगों के बैंक खाते में जाते हैं और एक भी पैसा कांग्रेस लूट नहीं पाई। उन्होंने कहा कि अगर देश में कांग्रेस की सरकार होती तो राजीव गांधी के हिसाब से गरीबों के 34 लाख करोड़ रुपये में से 28 लाख करोड़ रुपये लूट लिये जाते। उन्होंने कहा, ह्वआजादी के बाद से कांग्रेस समझती थी कि उसे देश को लूटने का लाइसेंस मिला हुआ है। 2014 में सरकार में आने के बाद मोदी ने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस निरस्त कर दिया। मोदी यह लाइसेंस इसलिए कैंसिल कर पाया क्योंकि आपने मोदी को लाइसेंस दिया है। प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत के कथित लाठी मारने वाले बयान को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा, ह्वजब उनकी दुकान बंद हो गई, लूटने का लाइसेंस चला गया तब यह मोदी को गाली देंगे। तब मेरी रक्षा कौन करेगा। यह मेरे कोटि-कोटि देशवासी, मेरी माताएं-बहनें, आज मोदी का रक्षक रक्षा कवच बन गई हैं। मोदी ने जब घोटालेबाजों का रास्ता रोका, जब बिचौलियों की कमाई बंद की तब से यह मोदी पर भड़के हुए हैं।"

मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं को जिन्होंने धोखा दिया है उनकी तेजी से जांच चल रही है, इसलिए अब नाराज होकर वे लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह कहते हैं कि 'भ्रष्टाचार हटाओ', तो वह कहते हैं कि 'भ्रष्टाचारी बचाओ।' मोदी ने कहा कि वे चुनावी रैलियां नहीं कर रहे हैं, वे भ्रष्टाचारियों को बचाने की रैलियां कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, "सारे लोग कान खोलकर सुन लें कि मोदी को चाहे जितनी धमकियां दो लेकिन भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा, यह मोदी की गारंटी है।ह्व उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में आदिवासियों के लिए किए गए कार्यों को जनता के सामने रखा और कहा कि जनजाति समाज को भाजपा ने हमेशा प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि जिस आदिवासी समाज का कांग्रेस ने हमेशा तिरस्कार किया उस आदिवासी समाज की बेटी आज देश की राष्ट्रपति है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ही छत्तीसगढ़ को पहला आदिवासी मुख्यमंत्री दिया है। इस दौरान उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर का भी जिक्र किया और कहा कि रामनवमी बहुत दूर नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बार अयोध्या में हमारे रामलला टेंट में नहीं बल्कि भव्य मंदिर में दर्शन देंगे और यह सपना 500 साल बाद पूरा हुआ है। मोदी ने कहा कि इसकी सबसे अधिक खुशी प्रभु राम की ननिहाल छत्तीसगढ़ के लोगों को होना बहुत स्वाभाविक है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और 'इंडी' गठबंधन राम मंदिर बनने से बहुत नाराज हैं और कांग्रेस के शाही परिवार ने राम मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा समारोह का का न्योता ठुकरा दिया था। मोदी ने आरोप लगाया कि कि कांग्रेस के जिन नेताओं ने पार्टी के इस कदम को गलत बताया उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया। उन्होंने कहा कि जो एक-दो नेता प्राणप्रतिष्ठा समारोह में पहुंच गये और प्रभु राम के चरणों में सिर झुकाया, उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। इस अवसर पर बस्तर और कांकेर से पार्टी के प्रत्याशी महेश कश्यप और भोजराज नाग मौजूद थे। छत्तीसगढ़ की 11 सीट के लिए तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और सात मई को मतदान होगा। बस्तर में 19 और कांकेर में 26 अप्रैल को मतदान होगा।



## पीएम मोदी ने जबलपुर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में किया रोड-शो

### प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए उमड़ा जनसैलाब

जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने रविवार की शाम जबलपुर में भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे के समर्थन में रोड शो संपन्न किया। प्रधानमंत्री जी ने भगत सिंह चौक से शंकराचार्य चौक तक जनता का अभिवादन कर भाजपा प्रत्याशी के लिए आशीर्वाद मांगा। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए यात्रा मार्ग की दोनों ओर की सड़कें भगवामय हो गई थीं। आम जनता ने घरों से पुष्प वर्षा कर एवं मोदी-मोदी के गगनभेदी नारों के साथ प्रधानमंत्री जी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री जी का यात्रा मार्ग में विभिन्न समाज के नागरिकों द्वारा मंच लगाकर स्वागत किया गया, वहीं प्रधानमंत्री ने उनका अभिवादन किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भगत सिंह चौराहे स्थित सरदार भगत सिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं रानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश शासन के मंत्री राकेश सिंह एवं भाजपा प्रत्याशी आशीष दुबे के साथ विशेष रूप से सजाई गई गाड़ी पर सवार होकर प्रधानमंत्री जी ने स्थानीय नागरिकों एवं कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार किया। रोड शो के दौरान नागरिकों में खासा उत्साह था। रोड शो मार्ग में विभिन्न सांस्कृतिक झांकिया सुसज्जित थीं। जिसमें विशेषकर अयोध्या का भगवान श्री राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, चंद्रयान-3, महाकाल महालोक, सर्जिकल स्ट्राइक, धारा-370 और ट्रिपल तलाक आदि थे। पारंपरिक वेशभूषा में हर्षोल्लास के साथ नृत्य करते हुए सभी जन प्रधानमंत्री जी की एक झलक पाने के लिए लालायित थे।

# अमेठी से राहुल और रायबरेली से प्रियंका गांधी वाड्रा उतरेगी मैदान में

### वायनाड में मतदान के बाद 26 अप्रैल को नामांकन दाखिल की तैयारी

प्रात: किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों का संग्राम अब अपने चरम पर आ रहा है। सभी की निगाहें उत्तर प्रदेश पर टिकी हुई हैं। यहां से बीजेपी ने अपने सभी प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, लेकिन कांग्रेस ने अपने पत्ते पूरी तरह से नहीं खोले हैं। यूपी में कांग्रेस की परंपरागत सीटें रायबरेली और अमेठी को लेकर खबर आई है कि यहां से गांधी परिवार का सदस्य ही चुनाव लड़ने वाला हैं। पार्टी के उच्चपद पर बैठे नेताओं ने इशारा दिया है कि अमेठी से खुद राहुल गांधी और रायबरेली से प्रियंका गांधी वाड्रा चुनाव लड़ सकती हैं। हालांकि पार्टी की तरफ से अभी ऐसी कोई सूचना नहीं दी गई है। लेकिन पार्टी सूत्रों का दावा है कि राहुल और प्रियंका गांधी को लेकर तस्वीर साफ हो गई है। किसी भी वक्त पार्टी उनके नामों की घोषणा कर सकती है। अमेठी सीट से वर्तमान सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी को बीजेपी ने फिर से मैदान में उतार दिया है। हालांकि, रायबरेली सीट पर भाजपा ने कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। कांग्रेस पार्टी के जानकार बताते हैं कि राहुल गांधी 26 अप्रैल को अमेठी से अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से सांसद हैं, और इस बार अमेठी से भी चुनाव लड़ रहे हैं। वायनाड सीट पर दूसरे चरण में वोट डाले जाएंगे। वायनाड से फ्री होने के बाद राहुल गांधी अमेठी का रुख करने वाले है। चूंकि यह कांग्रेस की परंपरागत सीट है, इसकारण यहां पार्टी को बहुत अधिक ध्यान देने की जरूरत नहीं है। इसी रणनीति को ध्यान में रखकर अमेठी सीट से राहुल गांधी की उम्मीदवारी की घोषणा बाद में होगी। वायनाड सीट पर अमेठी की घोषणा का विपरीत असर ना पड़े इसलिए अभी इस बारे में कुछ नहीं बोला जा रहा है। क्योंकि अगर यह बात जग जाहिर होती है, कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ रहे हैं, और चुनाव जीतने के बाद वायनाड सीट को छोड़ सकते हैं, तब इससे मतदाताओं पर गलत असर पड़ेगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने अमेठी के साथ वायनाड सीट से भी लड़ा था। लेकिन वे अमेठी में स्मृति ईरानी से चुनाव हार गए थे। वहीं रायबरेली सीट पर बीजेपी को केवल एक बार जीत मिली है। यहां 1952 से कांग्रेस का कब्जा रहा है। सोनिया गांधी 2004 से लगातार इस सीट से सांसद रही हैं। लेकिन, इस बार सोनिया गांधी लोकसभा सीट छोड़कर राजस्थान से राज्य सभा की सांसद बन गई हैं। बताया जा रहा है कि इस सीट से प्रियंका गांधी वाड्रा कांग्रेस की उम्मीदवार हो सकती हैं।

# वाराणसी सीट से हिमांगी सखी उतरेगी चुनावी मैदान में

प्रात: किरण/एजेंसी



वाराणसी। वाराणसी लोकसभा सीट से देश की पहली किन्नर महामंडलेश्वर हिमांगी सखी चुनाव मैदान में होंगी। अखिल भारत हिंदू महासभा ने हिमांगी सखी को चुनाव मैदान में उतारा है। वह 12 अप्रैल को बनारस पहुंचेंगी और बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लेकर अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत करेंगी। महामंडलेश्वर हेमांगी ने कहा कि पूरे देश में किन्नर समाज की स्थिति दयनीय है। किन्नर समाज को एक भी सीट आरक्षित नहीं है। किन्नर समाज अपनी बात लोकसभा और विधानसभा में कैसे रखेगा? किन्नर समाज का नेतृत्व कौन करेगा? किन्नर समाज की भलाई के लिए मैंने धर्म से राजनीति की ओर रुख किया है। हेमांगी ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध में नहीं हैं, उन्होंने भी धर्म का काम किया है। हमारा प्रयास सिर्फ इतना ही है कि हमारी बात सरकार के कानों तक पहुंचे। इस कारण मैंने वाराणसी संसदीय सीट से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। महामंडलेश्वर ने कहा कि मोदी सरकार ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया है। हम मोदी सरकार के इस प्रयास की सराहना करते हैं, बेटियां जगतजननी का स्वरूप हैं, लेकिन मोदी सरकार अर्द्धनारीश्वर को भूल गई। यह नारा हम भी सुनना चाहते हैं, वह दिन कब आएगा? केंद्र ने ट्रांसजेंडर पोर्टल जारी कर दिया लेकिन क्या किन्नरों को इसके बारे में पता है। जो सड़क पर भीख मांग रहे हैं, उन्हें पता ही नहीं है, कि उनके लिए कोई पोर्टल भी है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मोदी सरकार ने पोर्टल जारी किया, तब प्रचार क्यों नहीं किया ? किन्नर बोर्ड बनाने से कुछ नहीं होगा है। मोदी सरकार को किन्नर समाज के लिए सीट आरक्षित करनी होगी, तब जाकर स्थितियां बदलेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### लोकसभा चुनाव में हरियाणा में खेल करने की तैयारी में विज

अंबाला। हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री और अंबाला छावनी से विधायक अनिल विज पिछले कुछ दिनों से नाराज चल रहे है, कि वे नायब सिंह सैनी को सीएम बनाने के बाद से ही पार्टी और भाजपा आलाकमान से नाराज हैं। विज की यह नाराजगी इस हद तक बढ़ी चुकी हैं, अब उन्होंने अपने एक्स हैंडल से (मोदी का परिवार) बॉयो हटाया है। दरअसल विज भी भाजपा के अन्य नेताओं, केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और विधायकों आदि की तरह अपने एक्स हैंडल के बायो में (मोदी का परिवार) लिखा हुआ था। इस अब विज ने हटा दिया है। उसकी जगह उन्होंने पूर्व गृहमंत्री, हरियाणा, भारत लिखा है। चुनाव के बीच पूर्व गृहमंत्री विज के फैसले से राजनीति होना है। विपक्ष को भी भाजपा पर हमला करने का अवसर मिल सकता है। विज प्रदेश में मुख्यमंत्री बदलने के बाद से ही चर्चा में हैं। भाजपा शीर्ष नेतृत्व के नायब सिंह सैनी को सीएम बनाना विज को रास नहीं आया। विज ने बीच-बीच में अपनी नाराजगी के बाद कई इसतरह के बयान दिए।

### केंद्र सरकार ने आंध्र के लोगों को धोखा दिया: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को केंद्र सरकार पर आंध्र प्रदेश के लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया और कहा कि वह विशेष राज्य का दर्जा देकर प्रदेश के आर्थिक भविष्य को सुरक्षित करने में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव संबंधी अपने घोषणापत्र में आंध्र प्रदेश के लिए विशेष राज्य के दर्जे का वादा किया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "कांग्रेस के न्यायपत्र ने एक बार फिर आंध्र प्रदेश राज्य के लिए विशेष दर्जे का वादा दोहराया है। यह वादा किसी और ने नहीं बल्कि स्वयं मनमोहन सिंह (पूर्व प्रधानमंत्री) ने आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के पारित होने के दौरान किया था। उन्होंने फरवरी 2014 में राज्यसभा के पटल पर इसके लिए प्रतिबद्धता जताई थी।" उन्होंने कहा, "विशेष श्रेणी का दर्जा प्राप्त राज्य के रूप में, आंध्र प्रदेश को निवेश आकर्षित करने मं मदद के लिए विशेष केंद्रीय सहायता अनुदान, बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए बेहतर वित्तपोषण शर्तें, उत्पाद शुल्क रियायतें और कर छूट जैसे लाभ प्राप्त होंगे। ये प्रावधान राज्य की निरंतर समृद्धि की नींव रखने में मदद कर सकते थे, लेकिन मोदी सरकार ने राज्य के लोगों को 10 साल तक धोखा दिया।"

### भारत के सबसे बुजुर्ग अरबपति लक्ष्मणदास मित्तल

नईदिल्ली। भारत में वैसे तो अरबपतियों की बहुत लंबी लिस्ट है और कई की तो दुनिया के अरबपतियों में भी गिनती होती है। अगर भारत में बुजुर्ग अरबपतियों की बात की जाए तो भारत में सबसे उम्र दराज अरबपतियों में लक्ष्मण दास मित्तल का नाम है। हाल ही में फोर्ब्स द्वारा जारी सूची में इनका नाम शामिल किया गया है। भारत के सबसे उम्रदराज अरबपति को फोर्ब्स ने अपने सूची में शामिल किया है। इस सूची में 93 साल के लक्ष्मण दास मित्तल का नाम है पिछले एक साल में इनकी संपत्ति में अच्छी खासी ग्रोथ हुई है, जिस कारण इनका नाम फोर्ब्स की बिलियनेयर सूची में जोड़ा गया है। लक्ष्मण दास से पहले महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह के पूर्व चेयरमैन केशुब महिंद्रा भारत के सबसे बुजुर्ग अरबपति शामिल थे।

# मोदी की डिग्री मामले में संजय सिंह को नहीं मिली राहत

प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह को समन जारी करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने गुजरात की एक एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की ओर से जारी समन आदेश में हस्तक्षेप करने से साफ तौर पर इनकार कर दिया। पीठ ने श्री सिंह की अपील पर विचार करने से इनकार करते हुए उनके अधिवक्ता से कहा, ₹क्षमा करें। हम इच्छुक (उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के) नहीं हैं। श्री सिंह ने एसीएमएम के समन आदेश पर मुहर लगाने वाले गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश को खारिज करने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। शीर्ष अदालत ने श्री सिंह को राहत देने से इनकार कर दिया और उच्च न्यायालय के उस आदेश पर सहमति जताई, जिसमें उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। इस आपराधिक मानहानि के मुकदमे में श्री सिंह के अलावा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी आरोपी हैं।

# हैदराबाद में नारीशक्ति से घिरे ओवैसी

प्रात: किरण/एजेंसी



हैदराबाद। माना जाता है कि हैदराबाद में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को चुनाव में टक्कर देना आसान नहीं है। पर,इस बार स्थिति दूसरी है। अब ओवैसी का पाला नारीशक्ति से पड़ा है। जिससे लोहा लेना आसान नहीं है। हार जीत तो चुनाव परिणाम तय करेंगे,लेकिन कांटेदार मुकाबला होने के कारण यह सीट काफी चर्चा में आ गई है। ओवैसी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने 49 वर्षीय माधवी लता को चुनाव मैदान उतारा है। माधवी लता पेशे से कारोबारी होने के साथ समाजसेवी भी हैं और वह लंबे समय से इस मुस्लिम-बहुल पुराने शहर में सक्रिय हैं। ऐसे में इस बार ओवैसी को माधवी से जोरदार चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी माधवी लता की खूब तारीफ की है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर अपनी पोस्ट में उन्हें असाधारण बताते हुए लिखा, माधवी लता जी, आपका आप की अदालत एपिसोड असाधारण है। आपने बहुत ठोस मुद्दे उठाए हैं और तर्क और जुनून के साथ ऐसा किया है। आपको मेरी शुभकामनाएं। बीजेपी उम्मीदवार माधवी लता ने आप की अदालत में दावा किया था कि इस चुनाव में औवैसी डेढ़ लाख वोटों के अंतर से हारने वाले हैं। उन्होंने आगामी चुनावों में एआईएमआईएम प्रमुख की हार की भी भविष्यवाणी करते हुए दावा किया कि औवेसी ने बेईमानी से चुनाव जीता है। उन्होंने दावा किया कि असदुद्दीन औवेसी इस बार 1,50,000 वोटों के अंतर से हारेंगे। उन्हें ओवैसी पर फर्जी वोट पाने का आरोप लगाते हुए कहा, ह्वअगर हमारे पास फर्जी वोट होते तो हम 4,000 साल तक लगातार जीत सकते हैं। लेकिन क्या करूं! हमारे पास फर्जी वोट नहीं हैं। ओवैसी के पास 6,20,000 वोगस वोट हैं। बता दें कि हैदराबाद की यह सीट वर्ष 1984 से ही एआईएमआईएम के पास रही है। पहले सलाहुद्दीन औवेसी और फिर उनके बेटे असदुद्दीन औवेसी यहां से चुनाव जीतते रहे हैं। चार बार के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने 2019 में बीजेपी के भगवंत राव को 2.5 लाख से अधिक वोटों से हराया था। हालांकि इस बार बीजेपी नेता ओवैसी से यह सीट छीनने को लेकर आश्वस्त हैं।

# एनसीईआरटी ने नकली पाठ्य पुस्तकों के प्रति लोगों को किया आगाह

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने नकली स्कूली पाठ्यपुस्तकों को लेकर सोमवार को चेतावनी जारी कर कहा कि इनमें तथ्यात्मक रूप से गलत सामग्री होने की आशंका है। एनसीईआरटी ने अपनी पाठ्यपुस्तकों की अनधिकृत छपाई और उनकी व्यावसायिक बिक्री के प्रति लोगों को आगाह किया और उसकी शैक्षिक सामग्रियों के कॉपीराइट के उल्लंघन को लेकर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। परिषद के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, कुछ प्रकाशक एनसीईआरटी से अनुमति प्राप्त किए बिना इसकी वेबसाइट पर उपलब्ध एनसीईआरटी की स्कूली पाठ्यपुस्तकों को अपने नाम से छाप रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर कोई व्यक्ति व्यावसायिक बिक्री के लिए एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों को पूर्ण या आंशिक रूप से प्रकाशित करता हुआ या कॉपीराइट अनुमति प्राप्त किए बिना अपने प्रकाशनों में एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक की सामग्री का उपयोग करता हुआ पाया जाता है तो उसे कॉपीराइट अधिनियम 1957 के तहत कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। अधिकारी ने कहा, आम जनता से अनुरोध है कि कृपया ऐसी पाठ्यपुस्तकों या वर्कबुक से दूर रहें क्योंकि उनकी सामग्री तथ्यात्मक रूप से गलत हो सकती है और साथ ही एनसीएफ 2023 के मूल दृष्टिकोण के खिलाफ भी हो सकती है। उन्होंने कहा, हम लोगों से आग्रह करते हैं कि अगर उन्हें ऐसी नकली पाठ्यपुस्तकों या वर्कबुक का पता चलता है तो वे इसकी सूचना तुरंत परिषद को दें।

# कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मोदी की टिप्पणी से भड़के खडगे

प्रात: किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने पार्टी के घोषणा पत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पुरखों पर आजादी की लड़ाई में देश का नहीं, बल्कि अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ देने का आरोप लगाया। श्री खडगे ने कहा कि श्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर उल्टी सीधी बातें कर रहे हैं और तरह-तरह का भ्रम फैलाया जा रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि उनकी विचारधारा ने आजादी के आंदोलन में अंग्रेजों का साथ दिया तथा मुस्लिम लीग का समर्थन किया।

उन्होंने कहा, ₹मोदी-शाह के राजनीतिक व वैचारिक पुरखों ने स्वतंत्रता आंदोलन में भारतीयों के खिलाफ, अंग्रेजों और मुस्लिम लीग का साथ दिया। आज भी वो आम भारतीयों के योगदान से बनाए गए 'कांग्रेस न्याय पत्र' के खिलाफ मुस्लिम लीग की दुहाई दे रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा ₹मोदी-शाह के पुरखों ने 1942 में 'भारत छोड़ो' के दौरान महात्मा गांधी के आवाहन व मौलाना आजाद की अध्यक्षता वाले आंदोलन का विरोध किया। सभी जानते है कि आपके पुरखों ने 1940 में मुस्लिम लीग के साथ मिलकर बंगाल, सिंध और एनडीएफपी में अपनी सरकार बनाई। क्या श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने तत्कालीन अंग्रेजी गवर्नर को ये नहीं लिखा कि 1942 के देश व कांग्रेस के भारत छोड़ो आंदोलन को कैसे दबाना चाहिए और इसके लिए वे अंग्रजों का साथ देने के लिए तैयार है। मोदी-शाह व उनके मनोनीत अध्यक्ष आज कांग्रेस घोषणापत्र के बारे में उल्टी-सीधी भ्रांतियां फैला रहें हैं। उन्होंने कहा मोदी जी के भाषणों में केवल आरएसएस की बू आती है, दिन पर दिन भाजपा की चुनावी हालात इतनी खस्ता होती जा रही है कि आरएसएस को अपने पुराने मित्र-मुस्लिम लीग-की याद सताने लगी है।

**सक्षम** कंधे पर रखकर दागी जाने वाली मिसाइलें 6 किमी. तक हवाई लक्ष्य भेदने में सक्षम

# भारत ने एलएसी पर तैनात की रूसी एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलों की पहली खेप

प्रात: किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। भारत ने चीन की सीमा वास्तविक नियंत्रण रेखा पर इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम तैनात कर दिया है। पहली इकाई में 24 लॉन्चर और 100 एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलें हैं, जो हाल ही में रूस से पहली खेप के रूम में भारत को मिली हैं। कंधे पर रखकर दागी जाने वाली यह मिसाइलें 6 किमी. तक हवाई लक्ष्य को भेदने में सक्षम हैं। यानी अब भारत बहुत नजदीक से दुश्मन को मारने में सक्षम होगा। सेना की मौजूदा जरूरतों को पूरा करने के लिए इग्ला-एस का ऑर्डर पिछले साल दिया गया था। 6 किमी. तक की बेहतर मारक क्षमता के साथ इग्ला-एस पुराने सिस्टम के मुकाबले ज्यादा प्रभावी है। कंधे पर रखकर सतह से हवा में मार करने वाली यह मिसाइल प्रणाली उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में दुश्मन के विमान, ड्रोन और मिसाइलों को कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों को बेअसर करने के लिए काफी है। इग्ला-एस एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल का वजन 10.8 किलोग्राम, जबकि पूरे सिस्टम का वजन 18 किलोग्राम है। मिसाइल के आगे 1.17 किलोग्राम वजन का विस्फोटक लगाया जाता है और यह अधिकतम 11 हजार फीट तक जा सकती है। सेना ने 2021 में आपातकालीन खरीद के हिस्से के रूप में इग्ला-एस के 24 लॉन्चर और 216 मिसाइलों का ऑर्डर रूस की कंपनी रोसोबोरोन एक्सपोर्ट को दिया था। भारतीय सेना की बहुत कम दूरी की वायु रक्षा (वीएसएचओआरएडी) क्षमताओं को बढ़ाने के लिए इस प्रणाली की खरीद की गई थी। भारतीय सेना को इसी सौदे की पहली खेप के रूप में 100 मिसाइलों के साथ 24 इग्ला-एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम मिले हैं, जिसमें बाकी को भारत में बनाया जाएगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 09 अप्रैल, 2024


## संक्षिप्त समाचार

### नकल कराने का आरोपी साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त

**काशीपुर, एजेंसी।** न्यायिक मजिस्ट्रेट/सिविल जज (जू.डि.) अदालत ने नकल कराने के एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है। तुलाराम राजाराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के केंद्र व्यवस्थापक प्रकाश चंद्र जोशी ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि स्कूल में 30 जनवरी 2011 को एलटी की परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी सतीश चंद्र पपनै के स्थान पर सलीम निवासी बरेली परीक्षा दे रहा था। शक होने पर विद्यालय के स्टाफ ने सलीम को पकड़ लिया और आईटीआई थाना पुलिस को सौंप दिया था। जांच के बाद पुलिस ने धारा 420, 419 आईपीसी में सतीश चंद्र पपनै और सलीम अहमद के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय में विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से गवाही में छह गवाह पेश किए गए। विवेचना के बाद कोर्ट ने सतीश चंद्र पपनै को साक्ष्यों के अभाव में दोष मुक्त कर दिया। आरोपी के अधिवक्ता आनंद स्वरूप रस्तोगी व अधिवक्ता भुवन चंद्र नौटियाल ने बताया कि अभियोजन पक्ष आरोप को सिद्ध नहीं कर पाया। अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि गवाहों के बयान में विरोधाभास को देखा गया। अधिवक्ता रस्तोगी ने बताया कि सलीम अहमद के कोर्ट में उपस्थित नहीं होने के कारण सतीश की पत्रावली को अलग कर दिया गया।

### 187 विद्यार्थियों को अंतिम मौका, 10 तक भरें फार्म

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने के बाद गायब 187 विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय प्रबंधन ने परीक्षा फार्म भरने के लिए एक और मौका दिया है। विश्वविद्यालय से संबद्ध चार परिसर और 36 महाविद्यालय के पीजी पहले सेमेस्टर में प्रवेश लेने के बाद विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए आवेदन नहीं किया। समर्थ पोर्टल के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज बिष्ट ने बताया कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फार्म भरने के लिए इन विद्यार्थियों को 10 अप्रैल तक अंतिम मौका दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब तक तीन बार तिथि आगे बढ़ाई जा चुकी है लेकिन विद्यार्थी परीक्षा फार्म भरने के लिए गंभीरता नहीं दिखा रहे है। बिना परीक्षा फार्म भरे उनका परीक्षाफल घोषित नहीं किया जाएगा।

### देहरादून में ओएनजीसी के रिटायर्ड डीजीएम की मौत के मामले में केस

देहरादून, एजेंसी। ओएनजीसी के रिटायर्ड डीजीएम हरीश चंद्र सिंह की सड़क हादसे में मौत के मामले में प्रेमनगर थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हादसा गत 30 मार्च को धूलकोट जंगल के पास उस समय हुआ था, जब हरीश चंद्र अपने दोस्तों के साथ साइकिलिंग करने चकराता की ओर निकले थे। एसओ प्रेमनगर गिरीश नेगी ने बताया कि अक्षय निवासी नेश्विला रोड देहरादून ने बताया कि बीती 30 मार्च को उसके पिता हरीश चन्द्र सिंह रावत अपने दोस्तों के साथ साइकिल से चकराता की ओर जा रहे थे। उनके साथी विशाल का सुबह करीब आठ बजे फोन आया। बताया कि पिता को किसी वाहन ने धूलकोट के जंगल के पास टक्कर मार दी है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू की थी। आसपास सीसीटीवी कैमरा न होने की वजह से आरोपी की पहचान करने में मुश्किल हुई। वहीं, पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कार्रवाई की जा रही है।

### विकासनगर में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का का समापन

**देहरादून, एजेंसी।** आर्य समाज मंदिर डोभरी में चल रहे दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का रविवार को समापन हो गया। आचार्य वीरेंद्र शास्त्री ने वैदिक रीति-रिवाज से यज्ञ को संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जितने भी शुभ, अशुभ कर्म होते हैं, उनका फल अवश्य मिलता है। उन्होंने कहा कि कर्म फल के आधार पर ही मनुष्य को अगला जन्म मिलता है। समापन पर सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुड़ीर भी शामिल हुए। वरिष्ठ उप प्रधान नरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि विधायक सहदेव पुंडीर की सहयोग से सांसद और विधायक निधि से 17 लाख रुपये की निधि प्राप्त हुई है।

# मलिक के बगीचा मामले में छह में से तीन आरोपियों की मौत, दस्तावेजों में ही उलझ गई पुलिस की जांच



**हल्द्वानी, एजेंसी।** हल्द्वानी नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट की ओर से छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। इनमें से तीन आरोपियों की मौत हो चुकी है। ऐसे में पुलिस की जांच दस्तावेजों में ही अटककर रह गई है।

हल्द्वानी नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट की ओर से छह लोगों के खिलाफ दर्ज कराए गए मुकदमे में से तीन आरोपियों की मौत हो चुकी है। एक की हालत नाजुक है, जबकि शेष दो आरोपी साफिया और अब्दुल मलिक जेल में हैं। ऐसे में पुलिस की जांच दस्तावेजों में ही अटककर रह गई है।

बता दें कि, मलिक के बगीचे की नजूल जमीन खरीद-फरोख्त मामले में नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने कोतवाली हल्द्वानी में शिकायती पत्र सौंपा था। कहा था कि साफिया मलिक पत्नी अब्दुल मलिक, अब्दुल मलिक निवासी अब्दुला बिल्डिंग लाइन नंबर आठ, अख्तरी बेगम पत्नी नन्हें खां, नबी रजा खां निवासी हल्द्वानी, गौस रजा खां निवासी लाइन नंबर 17 आजाद नगर हल्द्वानी और अब्दुल लतीफ निवासी बरेली (उत्तर प्रदेश) ने कूटरचित प्रार्थना पत्र दिए। साथ ही इन्होंने मरे हुए व्यक्ति का शपथपत्र देकर राजकीय जमीन (मलिक का बगीचा) हड़पने, खुर्द-बुर्द करने, बेचने का आपराधिक षडयंत्र किया।

सरकारी विभागों और कोर्ट में मरे हुए व्यक्ति के नाम से झूठे शपथपत्र दिए। मरे हुए व्यक्ति के नाम से कोर्ट में रिट डाली गई, पुलिस ने तहरीर के आधार पर साफिया मलिक, अब्दुल मलिक, अख्तरी बेगम, नबी रजा खां, गौस रजा खां और अब्दुल लतीफ के खिलाफ धोखाधड़ी, आईपीसी 417 और 120 बी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी नबी रजा खां, अख्तरी बेग और अब्दुल लतीफ की मौत हो चुकी है। गौस रजा खां की उम्र 82 वर्ष है। दिल्ली के अस्पताल में वह वेंटिलेटर में भर्ती थे। डॉक्टरों ने उनकी हालत बेहद नाजुक बताते हुए घर भेज दिया है। वह भी अंतिम सांसें गिन रहे हैं।

अब पुलिस की जांच अब्दुल मलिक, साफिया मलिक और दस्तावेजों पर आकर टिक गई है। पुलिस जल्द साफिया मलिक से इस बारे में पूछताछ कर सकती है। कोतवाल उमेश मलिक के बताया कि जांच अब दो आरोपियों और दस्तावेजों पर टिकी है। जल्द ही पुलिस इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर सकती है।

## जेब में रखे मोबाइल से निकला धुआं...फिर धमाके के साथ फटा, हादसे में श्रमिक झुलसा



**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** रुद्रपुर में एक श्रमिक की जेब में रखा मोबाइल फट गया। इससे उसकी टांग झुलस गई। पीड़ित ने पुलिस को मोबाइल कंपनी के खिलाफ तहरीर सौंपकर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

रुद्रपुर में एक श्रमिक की जेब में रखा मोबाइल फट गया। इससे उसकी टांग झुलस गई। पीड़ित ने पुलिस को मोबाइल कंपनी के खिलाफ तहरीर सौंपकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। साथ ही कंज्यूमर कोर्ट में मोबाइल कंपनी के खिलाफ शिकायत करने की बात भी कही।

शहर के वार्ड 25 सनसिटी कॉलोनी निवासी महेश पाल पंतनगर सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत है। शनिवार को महेश कंपनी की बस से ड्यूटी के लिए गया। कंपनी गेट पर बस से उतरते समय उसके जेब में रखे मोबाइल से धुआं निकलने लगा। महेश जब तक मोबाइल को जेब से निकालता, वह धमाके के साथ फट गया। इससे उसकी पैंट फट गई और टांग भी झुलस गई। रविवार को वह कार्यवाही की मांग को लेकर कोतवाली पहुंचा, जहां से उसे सिडकुल चौकी भेज दिया गया। इसके बाद उसने सिडकुल चौकी में मोबाइल कंपनी के खिलाफ तहरीर दी। महेश ने बताया कि वह कंपनी के खिलाफ कंज्यूमर कोर्ट में भी शिकायत करेंगे।

मुंबई के आईटी एक्सपर्ट मंगलेश एलिया ने बताया चार्जिंग के समय मोबाइल के आसपास रेडिएशन हाई रहता है। इस कारण भी बैटरी गरम हो जाती है। इसलिए यह चार्जिंग के वक्त बात करने पर ब्लास्ट हो सकती है। कई बार यूजर्स की गलतियों की वजह से भी बैटरी ओवरहीट होकर फट जाती है। बैटरी के सेल डेड होते रहते हैं जिससे फोन के अंदर के केमिकल में चेंजेस होते हैं और बैटरी फट जाती है।

## महिला दरोगा के यौन शोषण का आरोपी रेंजर निलंबित, वन विभाग की कार्रवाई




**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) के ढेला रेंज के वन क्षेत्राधिकारी (रेंजर) अजय कुमार ध्यानी को अपने विभाग की महिला दरोगा के यौन शोषण के आरोप में शासन ने निलंबित कर दिया है।

वन महकमे के मुखिया और प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक की ओर से निलंबन के आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने इसे गंभीर मामला बताया है और इस मामले में जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए निलंबन के आदेश जारी कर दिए। आरोपी को कालागढ़ के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएओ) के कार्यालय से संबद्ध करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। ढेला के रेंजर अजय कुमार ध्यानी पर उन्हीं की एक महिला दरोगा ने लैंगिग उत्पीड़न का आरोप लगाया था। सीटीआर के निदेशक धीरज पांडे ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक कमेटी बनाकर मामले की जांच के निर्देश दे दिए। साथ ही शासन को इसकी सूचना प्रेषित कर दी थी। प्रमुख वन संरक्षक मलिक ने इसी पत्र के आधार पर उत्तरांचल सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 2003 के नियम 4(1) तहत आरोपी को प्रभाव करने के आदेश जारी कर दिए।

## बाबा तरसेम सिंह की हत्याकांड में शामिल तीन और आरोपी गिरफ्तार, दो और नाम आए सामने



**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** बाबा तरसेम सिंह की हत्या के षड्यंत्र में शामिल तीन और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें एक यूपी और दो उत्तराखंड के बाजपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं।

डेरा कार सेवा नानकमत्ता के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की हत्या का षड्यंत्र रचने में शामिल तीन और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें एक यूपी और दो उत्तराखंड के बाजपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं। बाजपुर के आरोपियों ने शॉर्प शूटरों को राइफल उपलब्ध कराई थी।

रविवार को नानकमत्ता पुलिस थाने में एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने पत्रकारों को बताया कि बाबा तरसेम सिंह की हत्या के षड्यंत्र में तुलापुर, बिलसंडा, पीलीभीत निवासी परगट सिंह को शनिवार देर रात मेलाघाट रोड, झनकईया, खटीमा से गिरफ्तार किया गया। केशोवाला मोड, बाजपुर निवासी जसपाल सिंह भट्टी को जेल रोड, रामपुर, यूपी से और बन्नाखेड़ा बाजपुर निवासी सुखदेव सिंह गिल उर्फ सोनू गिल को रविवार को बाजपुर क्षेत्र से पकड़ा गया।

एसएसपी ने बताया कि विवेचना में यह तथ्य प्रकाश में आया कि जिस 315 बोर की राइफल से बाबा तरसेम सिंह की हत्या की गई, वह जसपाल सिंह भट्टी ने शार्प शूटर सर्बजीत सिंह और अमरजीत सिंह को 17 मार्च को बाजपुर में ही उपलब्ध कराई थी। जसपाल की जिस कार से शॉर्प शूटरों को राइफल उपलब्ध कराई गई थी, वह कार पुलिस ने बरामद कर ली है।

एसएसपी ने बताया कि बाबा तरसेम सिंह की हत्या के षड्यंत्र में बिलासपुर निवासी सुल्तान सिंह और कुईया महोलिया, शाहजहांपुर निवासी सतनाम सिंह भी शामिल हैं। सुल्तान सिंह मुख्य हत्यारोपी शूटर अमरजीत सिंह के संपर्क में था। उसने ही अमरजीत को बाबा तरसेम सिंह की हत्या के लिए तैयार किया था। सुल्तान का काफी लंबा आपराधिक इतिहास है। उन्होंने कहा कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक, सुल्तान सिंह पर यूपी और उत्तराखंड में हत्या, बलवा, जानलेवा हमले समेत विभिन्न अपराधों के 11 केस दर्ज हैं। सुल्तान लंबे समय से शूटर अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू के संपर्क में था। अमरजीत को हत्याकांड के लिए तैयार करने वाला सुल्तान सिंह ही है। बाबा तरसेम सिंह की हत्या का षड्यंत्र रचने और शॉर्प शूटरों को राइफल उपलब्ध कराने के आरोप में पुलिस के गिरफ्त में आया बाजपुर निवासी जसपाल सिंह भट्टी उर्फ मिंटू वर्ष 2014 में एटीएम चोरी और पुलिस पर जानलेवा हमले के आरोप में जेल जा चुका है। जसपाल पर यूपी और उत्तराखंड में 10 केस दर्ज हैं।

## ऋषिकेश से देवप्रयाग-सतपुली चलेगी बस



**ऋषिकेश, एजेंसी।** जून के मध्य में ऋषिकेश से देवप्रयाग, ब्यासघाट होते सतपुली तक जीएमओयू की प्राइवेट बस का संचालन होगा। बस के संचालन होने से पौड़ी के जिले के छह विकासखंडों के ग्रामीणों को फायदा मिलेगा। इस बस के संचालन को लेकर परिवहन कंपनियों की बैठक में पहले फैसला लिया जा चुका है। जीएमओयू लिमिटेड ऋषिकेश के प्रभारी भगवान सिंह रावत ने बताया कि कंपनी की ओर से ऋषिकेश से वाया देवप्रयाग ब्यासघाट होते हुए सतपुली तक बस का संचालन अप्रैल माह से होना था। लेकिन बांघाट में नयार नदी में बने पुल की मरम्मत के काम के चलते कंपनी की ओर से संचालन जून में करने का फैसला लिया। उन्होंने बताया कि इस बस के संचालन होने से पौड़ी जिले के एकेश्वर, जयहरीखाल, थलीसैंण, बीरोंखाल, द्वारीखाल, कोट ब्लॉक के लोग सतपुली से ब्यासघाट, देवप्रयाग होते हुए सीधे ऋषिकेश पहुंच सकेंगे। बस का संचालन होने से वहां के लोगों को ऋषिकेश देहरादून जाने के लिए कोटद्वार, नजीबाबाद, हरिद्वार के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। यह बस ऋषिकेश से सुबह 11 बजे चलेगी। देवप्रयाग पहुंचने के बाद वहां दो बजे सतपुली के लिए रवाना होगी। रात सतपुली रहने के बाद अगली सुबह नौ बजे से सतपुली से ऋषिकेश के लिए रवाना होगी।

## बाबा तरसेम सिंहः मास्टरमाइंड कौन...अब भी बना है सबसे बड़ा सवाल, SSP बोले- अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई



**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के 11 दिनों के भीतर षड्यंत्र में सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन इस हत्याकांड का मास्टरमाइंड अभी भी रहस्य बना हुआ है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के 11 दिनों के भीतर षडयंत्र में सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन इस हत्याकांड का मास्टर माइंड अभी भी रहस्य बना हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्याकांड के मास्टर माइंड तक पहुंचने जांच की कड़ियों को जोड़ते हुए ठोस सुबूत एकत्रित किए जा रहे हैं। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि बाबा तरसेत सिंह हत्याकांड में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा जा चुका है। इन सभी पर हत्या का षडयंत्र रचने, शार्प शूटरों को हथियार व संशाधन उपलब्ध कराने का आरोप है। सभी आरोपियों के विरुद्ध कई केस दर्ज हैं। एसएसपी ने कहा कि हत्याकांड के मास्टर माइंड तक पहुंचने के लिए साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं।

मजबूत साक्ष्य मिलने के बाद सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि इस मामले में सोशल मीडिया में अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## जामनसोत कालसी से लखवाड़ बैंड तक सुरक्षा दीवारें क्षतिग्रस्त

**देहरादून, एजेंसी।** बीते तीन वर्षों से जगह-जगह से क्षतिग्रस्त दिल्ली यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सरकार के सुगम एवं सुरक्षित चारधाम यात्रा के दावों की पोल खोल रहा है। जामनसोत कालसी से लखवाड़ बैंड तक लगभग 28 किमी के दायरे में सुरक्षा दीवारें, क्रैश बैरियर टूटे पड़े हैं। मलबे के कारण राजमार्ग संकरी हो गई है। हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बोसान बैंड के ऊपर और जुड्डो से तीन किमी आगे कंजरेड खड्डु नाम स्थान पर सुरक्षा दीवारें क्षतिग्रस्त हैं। यहां पर विपरीत दिशा से बड़ा वाहन आने पर अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। व्यासी के पास क्रैश वैरियर क्षतिग्रस्त हैं। सदन पुल के निकट मलबा पड़ा है। राजमार्ग से यमुनोत्री धाम को जाने वाले यात्रियों के साथ ही जौनसार बाबर क्षेत्र के 30 से अधिक गांव और मसूरी तथा चकराता जाने वाले पर्यटक दिन-रात गुजरते हैं। स्थानीय निवासी भवानी सिंह तोमर, यशपाल सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह का कहना है कि तीन साल से विभाग ने क्षतिग्रस्त हाईवे की सुध नहीं ली है। यात्रा सीजन शुरू होने से पूर्व सुधारीकरण के दावे किए जाते हैं, लेकिन अभी तक सुधारीकरण कार्य शुरू नहीं कराए गए हैं।

# चारधाम यात्रा में भीड़ बढ़ी तो वन-वे प्लान करेंगे लागू : नगन्याल

**ऋषिकेश, एजेंसी।** चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले जन संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक करण सिंह नगन्याल ने रविवार को व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों और राफ्टिंग कारोबारियों के साथ बैठक की। आईजी ने उनके सुझाव सुने। आईजी ने कहा कि यदि चारधाम यात्रा के दौरान भीड़ बढ़ती है कि वन-वे प्लान लागू किया जाएगा। जिसके लिए चार जिलों के पुलिस कप्तानों के साथ बैठक की जाएगी।

नगर निगम के सभागार में आयोजित बैठक में आईजी ने कहा कि चारधाम यात्रा के बेहतर संचालन के लिए ऋषिकेश को स्थायी यातायात निरीक्षक की तैनाती की जाएगी। अभी तक यातायात निरीक्षक की तैनाती केवल चारधाम यात्रा अवधि के लिए होती थी। कहा कि चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले पुलिस और स्थानीय प्रशासन की ओर से संयुक्त रूप से हाईवे और अन्य मार्गों का अतिक्रमण हटाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर वन-वे प्लान लागू करने से पहले पौड़ी, टिहरी, देहरादून और हरिद्वार के एसएसपी के साथ बैठक की जाएगी। उनके सुझाव भी लिए जाएंगे।



उन्होंने कहा कि ऋषिकेश में चारधाम यात्रा के दौरान अस्थायी पार्किंग के लिए जगह चिह्नित की जाएगी। चारधाम यात्रा के दौरान राफ्टिंग संचालकों के वाहनों को हाईवे किनारे खड़ा नहीं होने दिया जाएगा। थानाध्यक्ष मुनि की रेती से कहा कि वह राफ्टिंग संचालकों के साथ बैठक कर उनको बताएं। साथ ही टैक्सी, ऑटो-विक्रम और ई-रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों से वार्ता कर बताएं कि सवारियों को स्टॉपेज से ही बैठाएं और उतारें। कहा कि चारधाम के लिए एसपी देहात देहरादून, सीओ नरेंद्रनगर और सीओ गढ़वाल नोडल अधिकारी होंगे, जो चारधाम यात्रा में यातायात को लेकर समन्वय रखेंगे।

व्यापारी राजकुमार अग्रवाल ने ऋषिकेश में स्थायी यातायात निरीक्षक की तैनाती होने से जाम की समस्या दूर हो सकेगी। प्रतीक कालिया ने कहा कि आईएसबीटी पर वाहनों को दिन में लोडिंग-अनलोडिंग के लिए छूट दी जाए। देहरादून रोड पर जीजीआईसी के बाहर से बैरिकेडिंग हटाई जाए। ललित मोहन मिश्र ने कहा कि दिल्ली और हरियाणा पंजाब से आने वाहन श्यामपुर बाइपास से सीधे नटराज चौक तपोवन भेजे जाते हैं, जिससे बाजार में होटल और अन्य व्यवसायियों को नुकसान होता है। गढ़वाल ट्रक यूनियन के अध्यक्ष दिनेश बहुगुणा ने कहा कि तपोवन से व्यासी तक राफ्टिंग संचालकों के वाहन खड़े होने से जाम जैसी स्थिति होती है। व्यापारी नवल किशोर ने कहा कि गौरा देवी चौक के पास अतिक्रमण हटाकर वहां पर ट्रैफिक लाइट लगाई जाए। सूचना पट लगाएं जाए।

एसएसपी देहरादून अजय सिंह, एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह, सीओ ऋषिकेश संदीप नेगी, सीओ श्रीनगर रविंद्र चमोली, एसएनए चंद्रकांत भट्ट, पंकज गुप्ता, भगत सिंह पयाल, आदेश तोमर, जयप्रकाश नारायण, हेमंत डंग, थानाध्यक्ष मुनि की रेती रितेश शाह, रवि सैनी, एसएस बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ. मनोज को मिला स्वर्ण पदक सम्मान



हाजीपुर। इंडियन सकोलॉजी एसोसिएशन के तत्वावधान में मनोविज्ञान विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन जय प्रकाश विश्वविद्यालय ,छपरा में किया गया।जिसमें डॉ. मनोज कुमार सिंह (प्राचार्य सह विभागाध्यक्ष एन. के .एस महाविद्यालय,अंधड़ाबड़ चौक, वैशाली) को उत्कृष्ट शोध प्रपत्र प्रस्तुत करने के लिए इंडियन सकोलॉजी एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. डॉ. तारणी सिंह एवं जय प्रकाश विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. पूनम सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से स्वर्ण पदक सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में देश-विदेश के मनोविज्ञान विशेषज्ञों ने भाग लिया ।डॉ. मनोज को स्वर्ण पदक सम्मान के लिए महाविद्यालय के शिक्षकगण ने बधाई दी। जिसमें प्रो. विकेश कुमार, प्रो. प्रभुनाथ सिंह, प्रो. लाल बाबू राय ,प्रो. राजनाथ राय, प्रो. सत्य प्रकाश, प्रो. विभुषा सिन्हा, प्रो. कैलाशपति शर्मा शामिल हैं।

# अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा कर रहा है डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय

प्रात: किरण, संवाददाता



मुजफ्फरपुर। डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के विद्यापति सभागार में शिक्षा परिषद 2024 की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति एवं अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ पुन्यव्रत सुविमलेंदु पांडेय ने कहा कि केंद्रीय कृषि विश्वविधालय अंतरराष्ट्रीय शिक्षा मानकों को एक एक कर पूरा कर रहा है और एक अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय बनने की ओर अग्रसर है। इस बैठक में अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए शिक्षा के स्तर बढ़ाने और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई । बैठक के दौरान एक व्यापक रोडमैप तैयार करने पर भी चर्चा की गई जिसमें अगले सौ दिनों का रोड मैप, अगले एक वर्ष का एक रोड मैप और अगले पांच वर्षों का रोड मैप तैयार करने पर भी विचार किया गया । नई शैक्षणिक नीति के कार्यान्वयन और नए पाठ्यक्रम तथा अन्य शैक्षणिक क्षेत्रों का विस्तार को लेकर भी निर्णय लिया गया। इस बैठक में प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों और प्रयोग को कृषि छात्रों के पाठ्यक्रम में समाहित करने पर भी चर्चा की गई। हाल ही में विश्वविद्यालय ने देश में पहली बार प्राकृतिक खेती में बी एस सी के पाठ्यक्रम का शुरूआत की है। कुलपति डॉ पांडेय ने कहा कि अब विश्वविद्यालय के कृषि छात्र गाँवों में जायेंगे और किसान के साथ मिलकर उनकी समस्या पर अनुसंधान करेंगे। इसे पाठ्यक्रम के हिस्सा बनाया जायेगा। इसके अतिरिक्त, जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए कृषि और संबंधित कोर्स के पाठ्यक्रम को पूरी तरह से पुनर्निर्देशित किया जाएगा जिससे कि आने वाले समय में जलवायु परिवर्तन के असर से निपटने के लिए देश पहले से तैयार हो सके। कुलपति डॉ पुन्यव्रत सुविमालेंदु पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्रों ने देश और दुनिया में अपना नाम किया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र वर्ल्ड बैंक सहित दुनिया भर के बीस से अधिक देश में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षा के स्तर की पहचान छात्रों से होती है। विश्वविद्यालय के 136 छात्रों ने नेट जेआरएफ परीक्षा में सफल हुए हैं, दस से अधिक छात्र को विदेशी विश्वविद्यालयों से फेलोशिप मिला है और छात्रों का लगभग सौ प्रतिशत प्लेसमेंट हुआ है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय देश को 2047 तक विकसित बनाने में अपना योगदान देने को तत्पर है और उसी अनुरूप अपना लक्ष्य निर्धारित कर रहा है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा मृत्युंजय कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में शार्ट टर्म के साथ साथ अगले पच्चीस वर्ष का भी लक्ष्य तय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ वर्ष में विश्वविद्यालय ने तीव्र गति से प्रगति की है। निदेशक शिक्षा डा उमाकांत बेहरा ने कहा कि छात्रों के लिए परंपरागत शिक्षा के अतिरिक्त नेट जेआरएफ की परीक्षा, बीपीएससी और यूपीएससी की परीक्षा के लिए भी तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष से ही इसके लिए विशेष प्रयास शुरू किए गए हैं। छात्रों के लिए पुस्तक और विशेषग्यों की भी व्यवस्था की गई है। पुस्तकालय के अतिरिक्त प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए अलग से सभी सुविधायुक्त हाल और कमरे तैयार किये गये है। कार्यक्रम के दौरान, एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग कॉलेज, तिरहुत कृषि महाविद्यालय, मत्स्यकी महाविद्यालय, वानिकी महाविद्यालय, सामुदायिक विग्यान महाविद्यालय, आधारभूत एवं मानविकी महाविद्यालय समेत सभी महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने अपने विचार व्यक्त किए और आने वाले वर्षों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने को लेकर अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम के दौरान सभी, निदेशक प्रसार शिक्षा, डॉ एम एस कुंडू, डॉक्टर मयंक कुमार, डॉ पी पी श्रीवास्तव, डॉक्टर पी पी सिंह, डॉ अमरेश चंद्रा, एकेडमिक इंचार्ज, विश्वविद्यालय पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ राकेश मणि शर्मा सूचना पदाधिकारी डॉ कुमार राज्यवर्धन समेत विभिन्न वैज्ञानिक शिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## विश्वविद्यालय में निर्माण अपशिष्ट से बने बैठने की व्यवस्था का लोकार्पण



प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय, भगवानपुर के परिसर में असैनिक डिप्लोमा तृतीय वर्ष के छात्रों के द्वारा निर्माण अपशिष्ट पदार्थ से निर्मित बैठने की व्यवस्था का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ० सी० वी० रमण विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एमएल गौर, अतिथि डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के प्रति-कुलपति डॉ बसंत सिंह एवं कुलसचिव डा ब्रिजेश सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया इस मौके पर डॉ एम एल गौर ने छात्रों के द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट की सराहना की उन्होंने इस कार्य हेतु छात्रों एवं प्राध्यापकों को प्रोत्साहित भी कियो उन्होंने कहा कि छात्रों के द्वारा किया गया प्रयोगिक निर्माण कार्य उन्हें भविष्य में कार्य कुशल बनाएगा एवं जीवन में नई ऊंचाई तक पहुचायेगो।

वहीं विश्वविद्यालय के प्रति-कुलपति डॉ बसंत सिंह ने भी अपनी प्रसन्नता जाहिर की विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ० ब्रिजेश सिंह ने बच्चों के इस तरह के पर्यावरण संरक्षित कार्य करने हेतु प्रेरित कियो इस निर्माण में असैनिक अभियंत्रण के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शांतनु कुमार, प्राध्यापक प्रोफेसर ओंकार शरद, प्रोफेसर अभिषेक कुमार, प्रोफेसर तनवीर आलम एवं प्रोफेसर चंदन कुमार द्वारा छात्रों को मार्ग प्रशस्त किया गयो इसमें छात्र शिद्धार्थ, मयंक, आदित्य राज, निक्की कुमारी, विकाश कुमार एवं रोहित राज इत्यादि शामिल हैं।

## अभिभावकों की है जिम्मेवारी, बच्चों को नियमित रूप से भेजें विद्यालय



प्रात: किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) शिक्षा विभाग के आदेशानुसार आलमनगर नगर पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बीआरसी परिसर में समारोह आयोजित कर वार्षिक परीक्षा में सफल छात्र छात्रों के बीच प्रगति पत्र का वितरण किया गया। विद्यालय के वरीय शिक्षक केसरी कुमार के नेतृत्व व प्रधानाध्यापक सदानंद मेहता की मौजूदगी में कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिका लाल बहादुर यादव, मंजू देवी, रतन पासवान, डेजी कुमारी, आरती कुमारी, नीतू भारती, कुंदन किशोर, सुभिलेश कुमार, सुनील कुमार सहित कई अन्य शिक्षकों ने भी कार्य में अपनी महती भूमिका निभाई। वही इस दौरान वरीय शिक्षक केसरी कुमार ने सेवा निवृत्त शिक्षक लखन लाल महाराज को माला पहनाकर सम्मान किया। वही इस दौरान केसरी कुमार ने आए हुए छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि सरकार के द्वारा जो भी राशि छात्र छात्रों को देती है वह राशि का दुरुपयोग नहीं करके बच्चों को ड्रेस बैग व जूता खरीद कर अवश्य दें ताकि छात्र-छात्राओं में खुशी रहे वह नित प्रतिदिन विद्यालय आ सके। वही मौके पर वार्ड पार्षद सदस्या साधना कुमारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं आए हुए अभिभावकों को संबोधित करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में बच्चों शिक्षकों एवं अभिभावकों की भूमिका पर चर्चा करते हुए विद्यालय में चल रहे शैक्षणिक कार्य एवं अन्य योजनाओं के संचालन की स्थिति एवं सुधार के लिए बैठक में अभिभावकों की उपस्थिति की महत्ता को बतलाया। तत्पश्चात बच्चों को प्रमाण पत्र प्रगति पत्र वितरण किया गया।

## भारत सरकार की जमीन पर चल रहा है बिहार सरकार का कार्यालय

प्रात: किरण संवाददाता,
अंजुम परवेज

महनार ।8 अप्रैल। भारत सरकार की भू खण्ड पर महनार में पिछले सैंकड़ो साल से बिहार सरकार का कार्यालय चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार महनार नगर के वार्ड 6 स्थित थाना परिसर की भू खण्ड सरकारी अभिलेख में कैसर ए हिन्द यानी भारत सरकार के नाम पर दर्ज है किंतु यहां थाना, एक मंदिर व पुलिस वालों का आवास है अर्थात इस भू खण्ड पर बिहार सरकार का कार्यालय चल रहा है । इस भू खण्ड का रखवा लगभग 15 कट्ठा है एवं लोग बताते है कि इस पर भारत सरकार का कार्यालय यानी पोस्ट ऑफिस खुलना था किंतु पुलिस वालों के द्वारा यह भूमि खाली नही किये जाने के कारण पोस्ट ऑफिस आज भी किराए के मकान में चल रही है । 22 वर्ष पूर्व तत्कालीन संचार मंत्री रामविलास पासवान ने एक भाषण में कहा था कि वह एसपी से बात कर वह जमीन पुलिस से खाली करवा कर वहां पोस्ट ऑफिस का भवन निर्माण करवाएंगे।

बाद में पुलिस विभाग ने ही कहा कि इस भू खण्ड से थोड़ा स्थान पोस्ट ऑफिस के लिए भी वह लोग देने को तैयार है किंतु जनप्रतिनिधियों की उचित पहल नही होने के कारण यह सम्भव नही हो सका। 5 वर्ष पूर्व तत्कालीन डाक अधीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने भी एसपी को पत्र लिख कर भू खण्ड खाली करवाने का अनुरोध किया था किंतु आज भी भारत सरकार की जमीन पर पुलिस वालों का ही कब्जा है और पोस्ट ऑफिस की अपनी जमीन होने के बावजूद वह किराया के मकान में चल रही है।

## हिंदू नव वर्ष आज, एबीवीपी ने बाजार में बांटे 500 झंडे



बाजार में घूम-घूम कर व्यापारियों के बीच झंडे वितरण करते हुए

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/झाझाःनव वर्ष चैत्र शुक्ल वर्ष प्रतिपदा 2081 के अवसर 08 अप्रैल सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जन जागरूकता अभियान चलाया।इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने मुख्य बाजार झाझा में घूम-घूम कर व्यापारियों के बीच 500 झंडे का वितरण किया तथा उसके एवज में लागत शुल्क भी लिया। कार्यक्रम की अगुआई कर रहे स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट दक्षिण बिहार सहसंयोजक सूरज बरनवाल ने कहा कि अंग्रेजी नव वर्ष पर कैसा हर्ष आओ मनाएं अपना हिंदू नव वर्ष। उन्होने आगे कहा कि हिंदू नव वर्ष के दिन ही भगवान श्री रामचंद्र जी का राज्याभिषेक हुआ था और हमारे पुराणों के अनुसार ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना इसी दिन की थी,इसलिए यह सृष्टि का प्रथम दिन है ।जिसे हिंदू सनातन समाज नव वर्ष के रूप में मनाता है ।इस दौरान उन्होंने अपील की कि सभी लोग अपने - अपने घरों पर भगवा ध्वज लहराए और विक्रम संवत 2081 का स्वागत पूजन, भजन ,रंगोली और दीयों से करे । सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र वर्मा व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रूपेश भारती ने कहा कि भारत वर्ष में प्राचीन काल से चली आ रही काल गणना उसी दिन से प्रारंभ होती है। सम्राट विक्रमादित्य ने आक्रमणकारी शकों को पूर्ण रूप से पराजित कर भारत से निष्कासित किया और उसकी याद में विक्रम संवत प्रारंभ किया। उसी दिन स्वामी दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना की थी और भगवान राम का राज्याभिषेक भी उसी दिन हुआ था। इसलिए सभी लोगों को हिंदू नववर्ष धूमधाम से मनाना चाहिए। नगर कार्यकारिणी सदस्य राज वर्मा,,आयुष कुमार,गोलू कुमार,आनंद झा,अमन कुमार,शनिदेव,विकास कुमार आदि ने चढ़ बढ़कर भाग लिया तथा उन्होंने कहा कि हमारा नव वर्ष हिंदू नव वर्ष है परंतु वर्तमान समय में पाश्चात्य संस्कृति का नव वर्ष हमारे समाज को दूषित करने का कार्य कर रहा है इसके निवारण हेतु सभी सनातनियों को विक्रम संवत वर्ष प्रतिपदा वृहद पैमाने पर मनाने की आवश्यकता है। हम सभी युवा समाज में घूम-घूम कर लोगों को जागृत करने का कार्य कर रहे हैं।

## मोटरसाइकिल सहित 10 लीटर देसी महुआ शराब जब्त

प्रात: किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) थाना क्षेत्र के डीम्हा बासा के समीप दस लीटर देशी शराब एक हीरो सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जप्त किया गया। इस बाबत अंचलाधिकारी दिव्या कुमारी ने बताया कि संध्या में वाहन चेकिंग के दौरान प्रखंड मुख्यालय से कुछ हीं दूरी पर वाहन चेकिंग कर रहे थे कि तभी गनियारी की ओर से एक सुपर स्प्लेंडर पर एक चालक तेज गति से आ रहा था वाहन चेकिंग होते देख वापस गाड़ी घूमा कर गनियारी की ओर भागने लगा इसके बाद सशस्त्र पुलिस बल की सहयोग से उसे खदेड़ा गया पुलिस को देख वाहन चालक मोटरसाइकिल छोड़कर मक्के की फसल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा जब मोटरसाइकिल की डिक्की चेक किया गया तो मोटरसाइकिल के डिक्की से 10 लीटर देसी शराब जो पॉलिथीन में पैक किया हुआ था बरामद किया गया इसके बाद जप्त देसी शराब एवं मोटरसाइकिल थाना को सोंप दिया गया। वहीं इस बाबत अंचलाधिकारी दिव्या कुमारी ने बताया के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए लगातार वाहन चेकिंग की जा रही है वहीं थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि अंचलाधिकारी दिव्या कुमारी के आवेदन पर अज्ञात शराब कारोबारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## 8 वीं उत्तीर्ण छात्रों को दी गई विदाई

- शिक्षक-अभिभावक व दीक्षांत समारोह प्रगति पत्रक वितरण एवं नामांकन अभियान अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन



प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। प्रखंड के सभी उत्क्रमित व मध्य विद्यालय में सोमवार को अष्टम वर्ग की परीक्षा पास कर चुके छात्र-छात्राओं के लिए कन्या मध्य विद्यालय पतसंडा के प्रधानाध्यापक निरंजन पासवान,संजय रजक की अध्यक्षता में विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में शिक्षक-अभिभावक व दीक्षांत समारोह प्रगति पत्रक वितरण एवं नामांकन अभियान की शुरूआत की गई।विद्यालय के छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर और स्वागत गीत के साथ प्रधानाध्यापक द्वारा स्वागत भाषण के साथ ग्रामीणें का स्वागत किया गया।बाल संसद के अनेक मंत्रियों एवं ऊजार्वान छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार कि और से प्रगति पत्र,कलर,कलम,मेडल,डायरी देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में पतसंडा पंचायत के मुखिया ललीता देवी ने बच्चों को प्रोत्साहित और प्रेरित करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।सप्तम वर्ग की छात्राओं द्वारा गाए गये विदाई गीत ने ग्रामीणें को भाव-विभोर कर दिया।इस मौके पर प्रिंयका शर्मा,रंजीत रजक,केदार रजक,विजय रजक,सुजाता कुमारी, प्रिंयका, कुमारी, किरण कुमारी, अंशु माला, स्वेत कनिका,अमृता प्रितम,मो साबिर अंसारी,अनिमेष सिंह,सौरव कुमार, गुलनार प्रवीण,नवेन्दु शर्मा,तपास मंडल,नुसरत प्रवीण,पंकज सिंह, संजय रजक सहित दर्जनों छात्र-छात्राओं मौजूद थे।

## हिन्दी बज्जिका के वरिष्ठ कवि साहित्यकार रवीन्द्र कुमार रतन सम्मानित और पुरस्कृत हुए

प्रात: किरण संवाददाता



हाजीपुर। गोरखपुर के पण्डित दीनदयाल उपाध्याय विश्विद्यालय के परिसर में स्थित संवाद-भवन सभागार में हिन्दी साहित्य परिवार मंच ने अपने तृतीय वर्षगांठ पर एक साहित्यिक अधिवेशन का आयोजन प्रोफेसर उमेश चंद्र पांडे जी की स्मृति में किया इस कार्यक्रम का आयोजन अली अंसारी महराजगंज , संयोजिका किरण पांडे,एवं सरिता सिंह द्वारा किया गया ' पूरे देश से आए साहित्यकारों, कवियों के द्वारा विराट कवि सम्मलेन का आयोजन किया गया ।जिसमे चुने हुए साहित्यकारों, कवियों को सम्मानित और.पुरस्कृत किया गया 'इसी सम्मेलन में बिहार के हिन्दी, बज्जिका के वरिष्ठ कवि रवींद्र कुमार रतन एवं कवयित्री सरोज वाला सहाय को अंग वस्त्र, पौधा, मोमेंटो,सम्मानपत्र देकर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया 'कार्य क्रम के मुख्य अतिथि रवि किशन शुक्ला एवं कुलपति पूनम टंडन जी के कर कमलों से सम्मानित और पुरस्कृत हुआ 'सभा का संचालन किरण पांडे एवं सरिता सिंह ने संयुक्त रूप से किया ।प्रेमलता रस विंदु, अर्चनासिंह ,साधना त्रिपाठी , शशि जोशी, सुधीर कुमार श्रीवास्तव आदि मुख्य रूपसेउपस्थित रहे । कवि रतन एवं सरोज वाला सहाय के सम्मानित एवं पुरस्कृत होने पर. यहां कवि सुधांशु चक्रवर्ती, उमेश निराला, डॉ पूर्णिमा श्रीवास्तव ,सुरेंद्र प्रसाद श्री अनिल कुमार अधिवक्ता, पंकज कुमार आदि ने धन्यवाद और बढ़ाई दिया ।

## वार्षिक परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को दी गई प्रमाण पत्र



प्रात: किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) नगर पंचायत स्थित मध्य विद्यालय लदमा में शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार समारोह आयोजित कर वार्षिक परीक्षा में सफल छात्राओं के बीच प्रगति पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधान शिक्षक अजीत कुमार सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं के बीच प्रगति पत्र का वितरण एवं सफल छात्र-छात्राओं को उपहार देकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में पठन-पाठन की अच्छी व्यवस्था है। जरूरत है छात्र-छात्राओं के समय पर उपस्थित होने की, यदि आप सभी विद्यालय में नियमित तथा अनुशासित रह कर पढ़ाई करेंगे तो निश्चित ही ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे। वहीं उपस्थित छात्र-छात्राओं को शिक्षा के महत्व समझाते हुए प्रधान शिक्षक अजीत कुमार सिंह ने बताया कि शिक्षा हमारे समाज में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है, जो एक व्यक्ति की सोच, संस्कृति और समृद्धि में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बच्चों को शिक्षा की महत्ता समझाना अनिवार्य है, क्योंकि शिक्षा ही उन्हें समाज में सही दिशा दिखाती है और उनकी सोच को विकसित करती है। शिक्षा न केवल ज्ञान का खजाना होती है, बल्कि यह व्यक्ति को स्वयं के साथी बनाती है, जो उसे समस्याओं का सामना करने में मदद करता है। इससे वह स्वतंत्रता से सोचता है, समस्याओं को हल करने के लिए सक्षम होता है और अपनी दिशा चुनता है। शिक्षा के माध्यम से ही बच्चे समाज में अपनी जगह बनाते हैं, जहाँ उन्हें अच्छे मानवीय मूल्यों का पाठ प्राप्त होता है और वह समाज के उच्चाधिकारियों के साथ बराबरी करने का साहस रखते हैं। शिक्षा से ही बच्चों की सोच बदलती है, उन्हें खुद को स्वीकार करने और अपने सपनों को पूरा करने का साहस मिलता है। यह उन्हें समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करती है और वे नये विचारों और नये दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ते हैं। इसलिए आपको तमाम अभिभावक से सादर अनुरोध है कि अपने बच्चों को समय पर स्कूल भेजें आपके बच्चों की उपस्थिति सत प्रतिशत हो इसके लिए आप अभिभावक भी अपना दायित्व निभावें वही इस दौरान शिक्षक मुकेश कुमार गुप्ता ,अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार आजाद, संजय कुमार, मनीषा कुमारी, सोनी कुमारी, श्वेता सिंह, कुमारी नीतू गुप्ता, विभा कुमारी, शबनम खातुन सहित कई अभिभावक एवं छात्र-छात्र मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



प्रात: किरण संवाददाता

लालगंज प्रखंड के पंचदमिया गांव के जागृति सभागार में मतदाता जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए महनार के पूर्व विधायक डॉक्टर अच्युतानंद सिंह ने कहा कि, मानव शरीर के लिय मछली प्रोटीन की प्रमुख श्रोत हैं। उन्होंने प्रशिक्षण लिए किसानों से कहा कि क्षेत्र में मछली उत्पादन करें। जिससे क्षेत्र में बाहर से मछली आना बंद हो। श्री सिंह ने कहा कि इन क्षेत्र में कई ऐसे भूमि के टुकड़े पर तालाब बना कर एक मजबूत रोजगार खड़ा किया जा सकता है। सभा को संबोधित करते हुए डॉक्टर रूपक कुमार सिंह ने कहा कि संस्थान मोटा अनाज और प्राकृतिक खेती पर लगातार कार्यक्रम कर रहा है जिससे क्षेत्र के युवाओं को काफी लाभ हो रहा है। जागृति कला केन्द्र के सचिव अभयनाथ सिंह ने कहा कि संस्थान प्राकृतिक खेती, मछली और मोती उत्पादन के साथ रेशम उत्पादन का प्रशिक्षण दे रहा है। उन्होंने कहा कि धान और गहूं के उत्पादन के अलावा अन्य खेती भी की जा सकती है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक विकास होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हरिवंश नारायण सिंह ने कहा कि खेती के अलावा अन्य श्रोतों की ओर बढ़ना होगा। जिससे आने वाले समय में खेतों की सिकुड़ती समस्या से निपटा जा सके। उन्होंने कहा कि देश में भोजन का तरीका भी बदल रहा है। इसलिए अन्य साधनों की ओर जाना होगा। कार्यक्रम का संचालन अभय नाथ सिंह ने किया। इस अवसर पर सहदई बुजुर्ग प्रखंड के आत्मा अध्यक्ष शिव कुमार, अनिकेत कुमार, राजेश कुमार, चांदनी देवी, संगीता देवी , राम एकबाल सिंह, मिलन सिंह, वरुण कुमार, अमरेश कुमार सिंह, समेत अनेक किसान और संस्था के सदस्य उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरूकाता कार्यक्रम भी चलाया गया। जिसमें लालगंज थाना के दारोगा मनोज कुमार पांडेय, सेक्टर दंडाधिकारी शैलेश कुमार सिंह, लालगंज प्रखंड के आत्मा के तकनीकी प्रबंधक अनिकेत कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित महिला और पुरुष ने पहले मतदान फिर जलपान की शपथ ली।

## राहुल सांकृत्यायन की जयंती पर संगोष्ठी आज

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग एवं दर्शनशास्त्र विभाग तथा आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में राहुल सांकृत्यायन की जयंती के अवसर पर मंगलवार को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसका विषय महापंडित राहुल सांकृत्यायन का रचनात्मक अवदान रखा गया है। यह जानकारी हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. बिनोद मोहन जायसवाल एवं दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने संयुक्त रूप दी। अध्यक्ष द्वय ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी परिषद के अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र कुमार यादव होंगे।

## विधालय स्तर पर आयोजित दीक्षांत समारोह एक नई सोच का परिचायक : पंकज कुशवाहा




प्रात: किरण संवाददाता

महुआ। राज्य सरकार के आदेश अनुसार सभी प्राथमिक ,मध्य एवं उच्च विद्यालयों में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी सह दीक्षांत समारोह का आयोजन दूसरे दिन आज आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जा नगर महुआ में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में प्रथम आने वाले छात्र-छात्राओं को बाल संसद की ओर से सर्वप्रथम चंदन लगाया गया एवं पुष्पवर्षा की गई। प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान लाने वाले छात्र छात्राओं को मोमेंट देकर एवं माला पहनकर सम्मानित करते हुए प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने कहा कि बड़े कालखंड के बाद विद्यालय स्तर पर दीक्षांत समारोह का आयोजन ,एक नई सोच का परिचायक रहा , जो निश्चित रूप से से बच्चों के शिक्षा प्रताप्ति की दिशा में संजीवनी का काम करेगा। इस प्रकार का आयोजन प्रतिवर्ष और बेहतर तरीके से होना चाहिए।

इस दीक्षांत समारोह के माध्यम से बच्चों का मनोबल बढ़ाने में जिन शिक्षकों शिक्षिकाओं की भूमिका अहम रही है वे सभी प्रशंसा के पात्र हैं समाज और सरकार सदैव इनका ऋणी रहेगा। बच्चों को मुंह मीठा कराते हुए दीक्षांत समारोह का समापन किया गया। कार्यक्रम में सहायक शिक्षिका सुधा कुमारी, सुमन लता, संजय कुमार ,मोहम्मद अफजल हुसैन ,विनीता कुमारी सारिका कुमारी, रंजीता कुमारी, सजीना परवीन ,गीता कुमारी ,आशा कुमारी के अलावा काफी संख्याओं में छात्र-छात्र उपस्थित थे।

सम्पादकीय

# टूटना मतलब दल का पतन

प्रो. नवल किशोर

किसी भी राजनीतिक दल के उदय, स्थापना और विस्तार में जन समर्थन ही मुख्य तत्व है। प्रायः चुनावी दंगल में किसी भी दल को हासिल जनादेश को तीन खंड में देखने की कोशिश की जाती है जिसे कोर वोट, समर्थन वोट और तिरती वोट की संज्ञा दी गई है। इन तीनों में कोर वोट किसी भी दल की रीढ़ होती है। इसका टूटना मतलब उस दल का पतन। बाकी दोनों प्रकार के वोटों का ऊपर-नीचे होना स्वाभाविक है क्योंकि वह समसामयिक मुद्दों और अभियान पर निर्भर करता है। राष्ट्रीय जनता दल की स्थापना 25 जुलाई 1997 को हुई जो लालू प्रसाद के लिए एक विपरीत कालखंड में हुआ करता था। एक तरफ वह अपनी लोकप्रियता की पराकाष्ठा पर थे वहीं दूसरी तरफ पशुपालन घोटाले के आरोप में उनकी राजनीतिक जीवन बिल्कुल संक्रमण काल से गुजर रही थी। ऐसी परिस्थिति में उन्होंने दो महत्त्वपूर्ण राजनीतिक फैसले लिए थे। पहला, जनता दल से अलग होकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की गठन की घोषणा करना और दूसरी अपनी गिरफ्तारी से पूर्व राज्य सरकार के नेतृत्व परिवर्तन को अंतिम रूप देकर राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाना। उनके नेतृत्व में राजद की सरकार लगभग आठ साल (1997-2005) तक रही थी। उन्नीस सौ नब्बे के दशक में लालू प्रसाद यादव अपनी चुनावी सभाओं में कहा करते थे कि जब तक मायइ का आशीर्वाद रहेगा तब तक कोई माई का लाल उन्हें सत्ता से बेदखल नहीं कर सकता। उन्होंने जेपी आंदोलन (1974), जनता पार्टी (1977) और जनता दल (1989) के रास्ते बिहार की राजनीति में करिश्माई नेतृत्व, स्वीकार्यता और लोकप्रियता अर्जित की। फिर एक खास परिस्थिति में राजद (1997) का गठन किया। यह उनके सक्रिय राजनीतिक हस्तक्षेप से अर्जित आत्मविश्वास की एक झलक थी। उसी दौर में केंद्र-राज्य के मद्देनजर झटकते हुए उन्होंने एलान किया कि वे घुटनना टेक नहीं बल्कि सीनातान मुख्यमंत्री हैं। इस प्रकार उनके नेतृत्व उभार से स्थापित होने में स्पष्टवादिता एक रोचक पक्ष रही है। उनकी भूमिका मंडल आयोग रिपोर्ट को लागू कराना हो या आडवाणी को गिरफ्तार कर बिहार में रथयात्रा से संभावित दंगों को रोकने में हो, दोनों परिघटनाओं ने लालू प्रसाद यादव को पिछड़ों-अकलियतों के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया था। अपनी करिश्माई एवं जनवादी नीतियों के मद्देनजर वे समाजवाद, सामाजिक न्याय और सौहार्द के मुखर प्रवक्ता बन चुके थे। अपनी वाकपटुता और जन-संपर्क से राष्ट्रीय राजनीति में भी वे सदैव अग्रणी भूमिका में रहते थे। लगभग एक दशक (2005-15) तक विपक्ष में रहने के बाद जब राजद सत्ता में वापस राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने संघ प्रमुख मोहन भागवत आरक्षण समीक्षा की बात को चुनाव प्रचार में भाजपा विरोध अस्त्र बनाने सफल रहे। परिणामस्वरूप भाजपा को करारी शिकस्त मिली। राजद सबसे बड़े दल रूप में जीत हासिल की और तेजस्वी प्रसाद यादव विधायक दल के नेता निर्वाचित हुए। महागठबंधन सरकार में उपमुख्यमंत्री भी बने। लालू प्रसाद यादव की अनुपस्थिति उन्होंने एनडीए के खिलाफ बिहार विधानसभा (2020) चुनाव पढ़ाई, कमाई, दवाई, सिंचाई और कारवाई को अभियान का मुख्य बिंदु बनाने में सफल रहे। लगभग सत्रह महीने के कार्यकाल में नौकरी, जाति गणना और आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी को तय करने में तेजस्वी ने अहम भूमिका निभाया। जनवरी 2024 में नीतीश कुमार ने एक बार फिर महागठबंधन से नाता तोड़ा और राजद सरकार से बाहर हुए, लेकिन अल्पकालिक कार्यकाल में पांच लाख नौकरी देने के मुद्दे पर सभी जातियों के युवाओं के बीच तेजस्वी की स्वीकार्यता ज्यादा बढ़ती दिखी। उन्होंने कहा कि राजद सिर्फ माय की पार्टी नहीं बल्कि बाप (बीएएपी) की भी पार्टी है, जिसका तात्पर्य बहुजन, अगड़ा, आधी आबादी (महिला) और पुअर (गरीब) है। मूल आशय था कि यह पार्टी सभी जाति/धर्म के सदस्यों के लिए एक समान है। अपने सीमित कार्यकाल में दिए पांच लाख नौकरी की चर्चा एनडीए के सत्रह साल बनाम सत्रह महीनेइ को सक्रिय अभियान का हिस्सा बनाया। दरअसल ए टू जेडइ की राजनीति से तेजस्वी प्रसाद ने समाज के सभी धर्म/वर्ग/जातियों को जोडे की शुरूआत की है। इटली के सुविख्यात राजनीतिक विचारक निकोलो मैकियावेली ने की उक्ति यहां समुचित प्रतीत होता है -प्रत्येक राजनेता अपने समय-देशकाल का शिशु होता है। उसके समक्ष अपनी प्राथमिकताएं एवं चुनौतियां होती हैं। इ दूसरे शब्दों में, कहा जा सकता है कि लालू प्रसाद यादव के मायइ समीकरण की राजनीति आज व्यापक फलक को प्राप्त करता हुआ बीएएपइ अर्थात समावेशी एवं समदर्शी राजनीति को प्राप्त कर चुका है। यह बिहार जैसे विविधतासम्पन्न राजनीतिक प्रदेश के लिए मील का पत्थर सरीखा उपलब्धि है।

# सियासी उत्कंठा में उत्पीड

सवाल उपचुनावों में फिर हिमाचल के कद और सामर्थ्य से कहीं बड़े हो जाएंगे। हर चुनाव की अमानत में जनता के सरोकार खोटे हो जाते हैं या चलते हुए नेता खोटे सिक्के हो जाते हैं। भाजपा हो या कांग्रेस चुनावों की फेहरिस्त ने नेताओं के बोल छोटे कर दिए। भाव-भंगिमाओं के चुनाव में हिमाचल अब रहता ही कहां है। हम एक चुनावी कबीला कब बन जाते हैं, पता ही नहीं चलता, लेकिन किसी को परिवारवाद, किसी को जातिवाद, किसी को क्षेत्रवाद और किसी को अब आलाकमान की सरकार बनानी है। नेता अब धरती पर कम पार्टियों की छाती पर मूंग दलते अधिक मिलते, लेकिन राजनीति के गुनाहों ने मित्रों की टोलियां बनाकर पलटवार शुरू कर दिए। हिमाचल की सियासत में विरासत का दर्द झलकता है, तो वाईएस परमार, वीरभद्र सिंह, शांता कुमार, प्रेम कुमार धूमल और जयराम ठाकुर का संसार दिखाई देता है। बदल गई है राज्य की संवेदना, सरोकार और दृष्टि। अब छोटे से हिमाचल के कई छोटे टुकड़े भटक रहे हैं, इसलिए कद में सियासत नहीं, पद में विरासत देखी जा रही है। परिदृश्य से कुछ नेताओं की कहानियां बार-बार याद दिलाती हैं कि स्वार्थ सिद्धि के चलते प्रदेश कदमों में नहीं, घुटनों के बल चलने की कोशिश कर रहा है। संभावना अगर अतीत में श्यामा शर्मा के कालखंड में राजनीतिक विदाई को अवसर दे रही थी, तो याद करें वह दौर जब पंडित सालिग राम की पगड़ी पर प्रहार हुआ था। ठाकुर कर्म सिंह बनाम वाईएस परमार या वीरभद्र सिंह बनाम पंडित सुखराम के दौर से निकली राजनीतिक उत्कंठा में उत्पीड बढ़ता रहा है। उत्पीड के शिलालेख इतनी बेदर्दी से लिखे जा रहे हैं कि हिमाचल का राजनीतिक इतिहास एक तरह के गुरिल्ला युद्ध में फंस कर रह गया है। अब बात ऊपरी और निचले हिमाचल की नहीं रही, नेताओं के व्यक्तिगत पंथ पर आधारित सियासत चलने लगी है। प्रेम कुमार धूमल सरकार की फांस बने विधायक आज अगर चकनाचूर हुए, तो सुक्खू सरकार के दरपेश फिर इसी तरह के मुकाबले के अवतार इस बार उपचुनाव बने हैं। राख हुए थे महल जहां सिंहासन रखे थे, आज के महाराजा अब कुर्सी के साथ नत्थी हैं। सत्ता के चुंबक ने सारा चरित्र खींच लिया, अब तो मंसूबों के द्वंद्व बिकते हैं। राजनीतिक हत्याओं के अंबार में दो नाम पूरी सियासत की कनपटी पर रखी बंदूक की तरह सदा सचेत करेंगे। भाजपा के डा. राजन सुशांत और कांग्रेस के मेजर विजय सिंह मनकोटिया के इर्द-गिर्द रहा राजनीतिक उफान बताता है कि कितने सिरकटे मजमून आहें भरते हैं। कभी जनता की निगाहों में ये नेता नायक बनकर उभरे, लेकिन सत्ता की राहों ने इन्हें खलनायक बना दिया। ये नेता हमने चुने, तो सत्ता के चुनाव में क्यों फनां हुए। रमेश धवाला भी हादसे का शिकार हुए तो इसलिए कि राजनीति का कर्मकांड अब चढ़ती सीढि ों को उल्टा करने में माहिर है। ऐसे में उपचुनावों के फलक महज नतीजे नहीं, भविष्य की राजनीतिक फांस हैं। वर्तमान सत्ता के कुल नौ दोषी हैं, जिनमें छह कांग्रेस के विधायक रहे हैं। इनमें दो बड़े नाम राजेंद्र राणा व सुधीर शर्मा हैं, तो उनके लिए अतीत के एहसास को जीना आसान नहीं। हिमाचल के चुनावों में कई समीकरण और कई उबाल हैं, लेकिन राजनीति का शीर्षासन अगर कहीं हो रहा है, तो धर्मशाला और सुजानपुर के विधानसभा हलके हमेशा याद किए जाएंगे। यह भाजपा की बढ़त से कहीं अधिक दो नेताओं की कुंडली में घुसे शैतान से मुकाबला है। उस फितरत से पुनः जंग है जो इससे पहले ठाकुर कर्म सिंह, पंडित सुखराम, सालिग राम, डा. राजन सुशांत और मेजर विजय सिंह मनकोटिया ने लड़ी थी। यह बाघ-बकरी का मुकाबला नहीं, बल्कि अग्नि और बारूद का युद्ध है। सुलगते मसले बारूदी चुनाव की छाती पर किस तरह युद्ध क्षेत्र को हथियाते हैं, यह आने वाला वक्त ही बताएगा, लेकिन धर्मशाला-सुजानपुर के मैदान पर राजनीति अपने सबसे कठिन मोर्चे पर महाभारत लिख रही है। फिर महाभारत के पात्र कोसे जाएंगे, लेकिन अभिशप्त तो यह धरती ही होगी।

# अन्तर्कलह से जूझ रही समाजवादी पार्टी

**इसी तरह बिजनौर में भी पूर्व सांसद यशवीर सिंह का टिकट काटकर दीपक सैनी को दिया गया। इसके अलावा कई अन्य सीटों पर भी प्रत्याशी बदलने की मांग को लेकर सपा कार्यकर्ता बगावत पर उतर आये हैं। इससे तो यही सिद्ध होता है कि सपा अध्यक्ष ने प्रत्याशी चयन में स्थानीय नेताओं से सलाह मशविरा नहीं किया। इस उधेड़बुन में सपा कार्यकर्ता भी उलझे हैं। आठ बार के विधायक व दो बार सांसद रहे कुंवर रेवती रमण सिंह भी सपा छोड़कर कांग्रेलस का हाथ थाम चुके हैं। वहीं सपा छोड़कर जाने वालों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।**






**बृजनन्दन राजू**
**लेखक**

उत्तर प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी सपा इन दिनों अन्तर्कलह से जूझ रही है। विधानसभा चुनाव 2017 के मुकाबले 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा की ताकत तो जरूर बढ़ी लेकिन लोकसभा चुनाव आते–आते पार्टी के कई बड़े नेता व विधायक सपा का साथ छोड़ गये। पीडीए को मजबूत करने का दंभ भरने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य ने भी सपा से अपना पिंड छुड़ा लिया है। यही नहीं सपा के सहयोगी दल भी जिनमें सुभासपा, अपना दल कमेरावादी व महानदल भी एक-एक कर सपा से सरक गये। रही सही कसर लोकसभा चुनाव से ऐन पहले रालोद ने भाजपा गठबंधन का हिस्सा बनकर पूरी कर दी। ऐसे कठिन दौर में सपा के टिकट वितरण की प्रक्रिया ने आम पार्टी कार्यकताओं को असमंजस में डाल दिया है। इस बार टिकट अदला बदली के मामले में सपा ने बसपा को भी पीछे छोड़ दिया है। सपा के इतिहास में शायद यह पहला अवसर होगा जब इतने बड़े पैमाने पर सपा ने उम्मीदवारों के नाम घोषित करने के बाद टिकट बदला हो। इसे पार्टी की अंदरूनी कलह कहें यह मजबूरी इसका खामियाजा तो सपा को लोकसभा चुनाव में उठाना ही पड़ेगा। क्योकि जिसका टिकट घोषित होने के बाद पार्टी ने बदला वह प्रत्याशी भले ही विरोध न करे लेकिन उसके सजातीय वोटर जरूर विरोध में वोट करेंगे। लेकिन सीधी सी यह बात सपा मुखिया अखिलेश यादव को क्यों नहीं समझ में आती। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो अगर सपा ने टिकटों की अदला बदली न की होती और दमदारी से चुनाव लड़ती तो यूपी की दो दर्जन से अधिक सीटों पर सपा सीधे मुकाबले में रहती। बदले परिदृश्य में सपा लड़ाई से बाहर होती दिखाई दे रही है। जिस तरह से सपा ने प्रथम व दूसरे चरण के प्रत्याशियों के टिकट नामांकन के अंतिम समय में काटे हैं उससे तो यही प्रतीत होता है कि बाकी चरणों में भी सपा कई लोकसभाओं के टिकट में फेरबदल अवश्य करेगी। सपा नेतृत्व के इस कदम से प्रदेश की अन्य सीटों के घोषित पार्टी प्रत्याशी संशय में हैं। इस वजह से वह ठीक से चुनाव प्रचार भी नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें चिंता सता रही है कि कहीं अंतिम समय में पार्टी हमारा टिकट न काट दे। इसलिए वह क्षेत्र में जनसम्पर्क न कर लखनऊ का चक्कर लगा रहे हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फिलहाल लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला लगभग कर ही लिया है। वहीं सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव भी पुत्रमोह में स्वयं लोकसभा चुनाव न लड़कर बेटे आदित्य यादव को लोकसभा का चुनाव लड़ाना चाहते हैं। सपा के दोनों प्रमुख नेताओं अखिलेश व शिवपाल यादव के लोकसभा चुनाव न लड़ने से भी कार्यकताओं में गलत संदेश जाना तय है। क्योंकि इससे तो यही संदेश जायेगा कि मोदी लहर में हार की डर की वजह से यह लोग चुनाव लड़ने से कतरा रहे हैं। वहीं कभी सपा के नीति नियंता रहे आजम खाँ व अखिलेश यादव के बीच मनमुटाव भी खुलकर सामने आ गये है। मनमुटाव दूर करने के लिए अखिलेश यादव आजम खां से मिलने सीतापुर जेल जरूर गये लेकिन बात बनी नहीं। जिस तरह आजम खां के दबाव में एसटी हसन का टिकट काटकर रूचिवीरा को प्रत्याशी बनाया गया इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि सपा में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। दूसरे चरण का नामांकन पूरा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने धुंआंधार आक्रामक प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया है। वहीं सपा अभी टिकट वितरण में ही उलझी है। ओमप्रकाश राजभर, स्वामी प्रसाद मौर्य, चन्द्रशेखर आजाद व पल्लवी पटेल ने सपा से किनारा कर लिया है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में जनाधार विहीन हो चुकी कांग्रेस से कितना फायदा होगा यह तो आने वाला समय ही बतायेगा लेकिन लोकसभा चुनाव में सपा के सफा होने के स्पष्ट संकेत अवश्य दिख रहे हैं। क्योंकि 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा व कांग्रेस के गठबंधन को जनता नकार चुकी है। इस बार फिर से वही गठबंधन जनता के सामने है। चुनाव से पहले पस्त हो चुका सपा कांग्रेस का गठबंधन यूपी में भाजपा के विजय रथ को रोक पायेगा ऐसा लगता नहीं है। सपा मुखिया की कार्यसंस्कृति को देखकर यही लगता है कि अखिलेश यादव अभी भी अपने को मुख्यमंत्री से कमतर नहीं आंकते हैं। पार्टी के जमीनी कार्यकताओं व नेताओं से न तो वह फीडबैक बैक लेते हैं और न ही वह उन्हें तवज्जो देते हैं। यही कारण है कि मुलायम सिंह यादव के खासमकास माने जाने वाले नेता आज मजबूरी में सपा को अलविदा कह चुके हैं। पार्टी के उम्रदराज नेताओं से सलाह मशविरा करना भी अखिलेश अपनी तौहीन समझते हैं। एटा, इटावा व मैनपुरी के आसपास के ही जिलों की ही अगर बात करें तो पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह यादव, पूर्व मंत्री अवधपाल यादव, पूर्व सांसद देवेन्द्र सिंह यादव, एमएलसी आशु यादव व पूर्व विधायक शिशुपाल यादव समेत दर्जनभर नेता सपा का हाथ छोड़ चुके हैं। अखिलेश यादव जाति आधारित जनगणना का मुद्दा भी जोर शोर से उठाये लेकिन उस पर वह अडिग नहीं रह पाये। यही हाल पीडीए का भी है। स्वामी प्रसाद मौर्य, पल्लवी पटेल और चन्द्रशेखर ने पीडीए की हवा निकाल दी है। अखिलेश बात पीडीए की करते हैं लेकिन वह पीडीए को संगठित करना तो दूर बल्कि पीडीए की राजनीति करने वाले नेताओं ने भी उनसे दूरी बना ली। सुभासपा और रालोद के राजग का हिस्सा बनने से पहले से मजबूत भाजपा अब और सशक्त हो चुकी है। अयोध्या में सपा ने इस बार पीडीए फामूर्ले के तहत पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद को टिकट दिया। लेकिन पूर्व सांसद मित्रसेन यादव के पुत्र आईपीएस अधिकारी रहे अरविन्द सेन यादव ने सीपीआई के टिकट से मैदान में आकर सपा प्रत्याशी की राह मुश्किल कर दी है। इससे यादव मतों में बिखराव होना तय है। ऐसे में यदि अवधेश प्रसाद का टिकट बदलते हैं तो एससी वोटर सपा से नाराज होंगे ही। कमोबेश यही स्थिति प्रदेश की अन्य कई सीटों की है। पहले चरण के ही सात प्रत्याशियों के टिकट बदले जा चुके हैं। इसमें गौतमबुद्धनगर, मिश्रिख और मेरठ में तो कई बार परिवर्तन किये गये। पहली सूची में ही बदायूं से धर्मेन्द्र यादव को टिकट दिया गया था। गत 20 फरवरी को धर्मेन्द्र यादव के स्थान पर शिवपाल यादव को मैदान में उतार दिया। मुरादाबाद में अंतिम समय में मौजूदा सांसद डा. एसटी हसन को मैदान में उतारा और उन्होंने अपना पर्चा भी दाखिल कर दिया। नामांकन के अंतिम दिन डा. एसटी हसन के बजाय रूचि वीरा को सिंबल दे दिया गया। मेरठ हापुड़ संसदीय क्षेत्र से सपा ने पहले अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह को अपना प्रत्याशी घोषित किया। एक अप्रैल को उनका टिकट बदलकर सरधना से विधायक अतुल प्रधान को टिकट दे दिया। अतुल प्रधान ने जिस दिन नामांकन दाखिल किया उसी दिन रात में उनका टिकट काटे जाने की सूचना आ गयी। इसके बाद पार्टी ने पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता वर्मा को टिकट दे दिया। इसी तरह गौतमबुद्धनगर में पहले डा. महेन्द्र नागर को प्रत्याशी घोषित किया गया। इसके बाद इस सीट पर राहुल अवाना को उम्मीदवार बनोबेया गया। बाद में पुनः डा. महेन्द्र नागर को प्रत्याशी घोषित किया गया। वहीं मिश्रिख में भी पहले रामपाल राजवंशी, फिर उनके बेटे मनोज कुमार राजवंशी और उसके बाद उनकी बहू संगीता राजवंशी को प्रत्याशी बनाया गया। कमोबेश यही स्थिति बागपत में भी आई जहां पहले सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज चौधरी को उतारा गया। नामांकन के अंतिम दिन टिकट बदलकर पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा को दिया गया।

# जब झुंझुनू से चुनाव हार गए थे उद्योगपति बिड़ला

**मगर जब बिड़ला परिवार की चुनाव में हार हो गई तो लोगों ने एक जुमला बना लिया कि बाबू बिड़ला तो पहले ही बारह आना थे। यानी कि पहले ही उनके भाव खराब थे। उस समय बाबू बारह आना बहुत चर्चित हुआ था। पुराने लोग बताते हैं कि चुनाव के दौरान बिड़ला परिवार ने लोगों से वायदा किया था कि यदि कृष्ण कुमार बिड़ला चुनाव जीतते हैं तो जिले में ऐसे बड़े उद्योग धंधों की स्थापना की जाएगी जिससे आने वाले समय में लोगों को रोजगार मिलेगा। मगर बिड़ला परिवार की हार के बाद उन्होंने जिले के विकास में कोई रुचि नहीं ली। 1971 में बिड़ला को भारी मतों से हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल भी 1977 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी की लहर में कन्हैयालाल महला से सवा लाख से ज्यादा मतों से चुनाव हार गए थे।**





**रमेश सर्राफ धमोरा**
**स्वतंत्र पत्रकार**

हरियाणा सीमा पर स्थित राजस्थान का झुंझुनू जिला एक तरफ जहां पूरे देश में सैनिकों के लिए जाना जाता है। वहीं दूसरी तरफ देश के बहुत से बड़े-बड़े उद्योगपति भी झुंझुनू जिले के रहने वाले हैं। हालांकि सभी बड़े उद्योगपति झुंझुनू जिले से बाहर जाकर अपना व्यवसाय बढ़ा कर उद्योग जगत में अपना नाम कमाया है। मगर कई बार औद्योगिक घरानो के परिवार के सदस्य अक्सर झुंझुनू आते रहते हैं। इसी तरह भारतीय सेना में देश में किसी एक जिले से सबसे अधिक सैनिक झुंझुनू जिले के जवान है। वही देश में सबसे अधिक शहीद भी झुंझुनू जिले के सैनिक हुए हैं।

देश में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। सभी जगह चुनावी चचाएं जोरों से चल रही है। झुंझुनू जिले में 1971 का लोकसभा चुनाव पूरे देश में चर्चित रहा था। उस समय देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों में शुमार बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला स्वतंत्र पार्टी से झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे थे। उनके सामने कांग्रेस पार्टी ने एक साधारण किसान के घर जन्मे शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतारा था। पिलानी के रहने वाले बड़े उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला के सुपुत्र कृष्ण कुमार बिड़ला का उस समय देश के उद्योग जगत में एक बड़ा नाम होता था। लाखों की संख्या में लोग बिड़ला घराने के औद्योगिक संस्थानों में काम करते थे।

दूसरी तरफ बैंकों के राष्ट्रीयकरण व पाकिस्तान युद्ध में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देशभर में हवा चल रही थी। उस समय देश में इंदिरा गांधी आई है, नई रोशनी लाई है नारा बहुत चर्चित हुआ था। उस नारे की बदौलत देश में कांग्रेस की ऐसी हवा चली थी कि विपक्ष के कई बड़े धुरंधर नेता चुनाव हार गए थे। इंदिरा गांधी ने बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने के लिए जिले के धमोरा गांव के शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतार दिया था। उस समय शिवनाथ सिंह गिल गुढ़ा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक थे। चुनाव में एक तरफ देश के सबसे धनवान प्रत्याशी थे तो दूसरी तरफ कांग्रेस के एक साधारण किसान चुनाव लड़ रहा था। उस वक्त के चुनाव में धनवान बनाम किसान का नारा लगा था। स्वतंत्र पार्टी के प्रत्याशी कृष्ण कुमार बिड़ला ने अपने कल कारखानों में कार्यरत झुंझुनू जिले के सभी लोगों को चुनाव प्रचार के लिए झुंझुनू भेज दिया था। बिड़ला की ओर से बड़े भव्य तरीके से चुनाव लड़ा जा रहा था तथा जमकर पैसा खर्च किया जा रहा था। वहीं दूसरी तरफ शिवनाथ सिंह गिल सामान्य प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे।

जब चुनाव नतीजे आए तो सभी राजनीतिक पर्यवेक्षक दंग रह गए। बड़े-बड़े राजनीतिक भविष्यवक्ताओं की भविष्यवाणी फेल हो गई। देश के सबसे बड़े उद्योगपति परिवार के कृष्ण कुमार बिड़ला को कांग्रेस के एक किसान परिवार के प्रत्याशी शिवनाथ सिंह गिल ने 98949 वोटो के अंतर से चुनाव हार दिया था। उस चुनाव में कांग्रेस के शिवनाथ सिंह गिल को 223286 यानी 59.79 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं स्वतंत्र पार्टी के कृष्ण कुमार बिड़ला को 124337 यानी 33.30 प्रतिशत वोट मिले थे। कामरेड घासीराम को 9548 वोट, हणुताराम को 5073 वोट, बलदेव प्रसाद को 3143 वोट, दुलाराम को 3013 वोट, महादेव प्रसाद को 2113 वोट, बृजमोहन को 1801 वोट, तारावती को 1113 वोट मिले थे। उस चुनाव में मुल 9 प्रत्याशी खड़े हुए थे। मगर मुख्य मुकाबला कृष्ण कुमार बिड़ला व शिवनाथ सिंह गिल के बीच ही हुआ था। लोकसभा चुनाव में हारने के बाद बिड़ला परिवार का झुंझुनू जिले से मोह भंग हो गया और उन्होंने अपनी जन्म भूमि पिलानी में एक शैक्षणिक संस्थान बिड़ला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (बिट्स) के अलावा और कोई भी ऐसा काम नहीं किया जो जिले की जनता के काम आ सके। हालांकि बाद में कृष्ण कुमार बिड़ला कांग्रेस के टिकट पर 1984 से 2002 तक लगातार 18 वर्षों तक राज्यसभा सदस्य रहे। बाद में कृष्ण कुमार बिरला की बेटी व हिंदुस्तान टाईम्स अखबार की अध्यक्ष शोभना भरतीया भी एक बार कांग्रेस के टिकट पर राजस्थान से राज्यसभा सदस्य रह चुकी है।

कहते हैं कि उस चुनाव में बिड़ला परिवार ने अपने यहां काम करने वाले लोगों को चुनाव प्रचार के लिए झुंझुनू भेज दिया था और बिड़ला परिवार के बड़े-बड़े मैनेजर अलग-अलग विधानसभा चुनाव के प्रभारी बनाए गए थे। जब वह अपने समर्थन में आए हुए लोगों से चुनाव के दौरान चुनाव की स्थिति पूछते थे तो सभी लोग कहते थे कि बाबू बारह आना यानी की 12 आने में बाबू है बाकी में शिवनाथ सिंह गिल है।

# आवश्यक है मुफ्तखोरी की घोषणाओं पर आय की समीक्षा

डा. रवीन्द्र अरजरिया

देश की दलगत राजनीति ने आदर्शो, सिध्दान्तों और मान्यताओं को तिलांजलि देना शुरू कर दी है। व्यक्तियों की सोच अब स्वार्थपरिता के साथ कदमताल करने लगी है। निजी हित सर्वोपरि होते जा रहे हैं। राष्ट्रवादिता को नारे के रूप में प्रयुक्त करने वाले प्रत्यक्ष में भले ही सामाजिक समरसता का संकल्प दोहरा रहे हों परन्तु वे अप्रत्यक्ष में जातिगत खाई को ही गहरी करने में जुटे हैं। नागरिकों के मतों पर कब्जा करने की नियत से लुभावने लालच परोसे जा रहे हैं। कहीं क्षेत्रवाद को आधार बनाकर देश को टुकडों में बांटने का प्रयास हो रहा है तो कहीं भाषावाद का सहारा लेकर विभेद पैदा किया जा रहा है। कहीं वैभवशाली अतीत की दुहाई पर वर्तमान को सजाने की बानगी दी जा रही है तो कहीं सम्प्रदायवाद को हवा देकर खुलेआम चुनौतियां परोसी जा रहीं हैं। संविधान, कानून और सामाजिक ढांचा तार-तार हो रहा है। निर्दोष को दण्ड न मिलने की व्यवस्था ने अपराधियों के हौसले बुलंद कर दिये हैं। अराजकता फैलाने वालों के मंसूबे नित नये रूप में सामने आ रहे हैं। स्वयंभू बुध्दिजीवियों की जमात सकारात्मकता की भी नकारात्मकता भरी व्याख्यायें करने में जुटी है। संचार के अनगिनत साधनों का उपयोग करने वाले विशेषज्ञों ने भ्रामक सामग्रियां प्रकाशित करके समाज में मानसिक व्दन्द की स्थिति पैदा कर दी है। कहीं अतिउत्साह में शब्द मयार्दाहीन हो रहे हैं तो कहीं उत्तेजनात्मक वाक्यों को प्रयोग हो रहा है। मंचीय उद्बोधन, रैलियों के नारे और तख्तियों की भाषा के साथ-साथ झंडों, डंडों और पंडों का गणित बैठाया जा रहा है। मुफ्त सुविधाओं के डंके पर घोषणाओं की चोट हो रही है। यह मुफ्तखोरी की आदत, उस पर खर्च होने वाला धन और उस धन की आमद के स्त्रोतों के संबंध में विचार करने की किसी को फुर्सत नहीं है। सरकारों के पास टैक्स के माध्यम से ही धन आता है। यही धन विकास कार्यों, सुविधाओं के संसाधनों, मुफ्तखोरी, निजी संतुष्टि जैसे कारकों पर लुटाया जा रहा है। अच्छी सडकों का उपयोग करने के लिए आम आदमी से टैक्स वसूला जाता है परन्तु भारी भरकम तनख्वाय पाने वाले जनप्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों के वाहनों के फरार्टे मुफ्त हैं। यात्राओं में सशुल्क भुगतान करके आरक्षण करवाने की कसरत में लगे लोगों को जहां भारी मसक्कत करना पड रही है वहीं जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के लिए निःशुल्क कोटा आरक्षित है। जनसामान्य को अपनी सुरक्षा के लिए सरकारी सुरक्षाकर्मी लेने पर एक बडी राशि का भुगतान करना पडता है जबकि राजनेताओं, अधिकारियों के आगे-पीछे सशस्त्र बल का फ्री में घेरा होता है। समाज के अनेक पक्षों के सजाने-संवारने हेतु सरकारी योजनाओं की भरमार है तिस पर भी जनप्रतिनिधियों को अपनी मर्जी से विकास कार्यो के नाम पर खर्च करने हेतु एक बडी धनराशि आवंटित की जाती है। लोकसभा के वर्तमान चुनावों में लिंग, जाति और विशेष आधारों पर धनराशि, सुविधायें और छूट देने की घोषणायें निरंतर की जा रहीं है। आश्चर्य होता है कि खुलेमंच से घोषणा-पत्रों का विमोचन, उस पर अमल करने की कसम उठाने तथा समाज को बांटने जैसे जुमलों पर निर्वाचन आयोग चुप क्यों है। लालच देने वाले इन कृत्यों को कानूनी दायरे से बाहर कैसे रखा गया है जबकि शराब बांटने, पैसा देने, भेंट पहुंचाने जैसे कार्यों को गैरकानूनी करार दिया जाता है। तत्काल लाभ परोसने वालों पर कार्यवाही और दूरगामी घातक परिणाम देने वाली घोषणाओं को अनदेखा करना किसी भी दशा में सुखद नहीं कहा जा सकता। समाज को बांटने वाले दलों ने लोगों को मुफ्तखोर बनाने की दिशा में तेजी से बढना शुरू कर दिया है। मंहगाई का हल्ला मचाने वाले लोग ही मुफ्तखोरी की घोषणाओं पर घोषणायें कर रहे हैं। सीमित आय पर असीमित खर्जों का बोझ की मंहगाई का आधार होता है। मुफ्त में सुविधायें देने के वायदे पूरे करने वाले राज्यों को कर्ज के दलदल में डूबने की स्थिति का सामना करना पड रहा है। इन सुविधाओं के लिए राज्यों ने अतिरिक्त टैक्स की व्यवस्था करना शुरू कर दी है। ईमानदार करदाताओं के खून-पसीने की कमाई को मुफ्तखोरों पर लुटाने की मंशा को, राष्ट्र के सीने में खंजर भौंपने की तरह लिया जाना चाहिए। निर्वाचन आयोग सहित देश के नागरिकों को मुफ्तखोरी की घोषणा करने वाले दलों से सरकारी खजाने में धन की आमद बढाने की योजनाओं के बारे में भी पूछना चाहिए ताकि आय बढाने पर ही फ्री फंड जनरेट होने की संभावना पर तार्किक बहस हो सके। आवश्यक है मुफ्तखोरी की घोषणाओं पर आय की समीक्षा। मगर ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### गठबंधन के आधे नेता जेल में आधे नेता बेल पर : जेपी नड्डा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने प्रियंका मॉडर्न पब्लिक स्कूल, धामपुर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि इंडी गठबंधन के आधे नेता जेल में और आधे नेता बेल पर हैं। सत्ता में रहते हुए इन लोगों ने आकाश पाताल व धरती कहीं नहीं छोड़ा, सब जगह घोटाला ही घोटाला किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में हैं। लालू यादव ने चारा घोटाला किया। नौकरी के बदले जमीन घोटाला किया कि नहीं किया। केजरीवाल ने शराब घोटाला किया कि नहीं किया।राहुल गांधी बेल पर हैं कि नहीं। सोनिया गांधी और पी. चिदम्बरम बेल पर हैं कि नहीं। भाजपा अध्यक्ष ने फिर एक बार मोदी सरकार,अबकी बार 400 पार का नारा भी लगवाया। जेपी नड्डा ने कहा कि समूचा उत्तर प्रदेश एक समय माफियाराज और भ्रष्टाचार का गढ़ बना हुआ था, यहाँ का समाज असुरक्षित व भयभीत रहने को अभिशप्त था। भाजपा की सरकार ने प्रदेश में सुशासन की स्थापना कर जन-जन का उत्थान सुनिश्चित किया है। सर्वांगीण विकास के पथ पर अग्रसर देश और प्रतिष्ठा के नए सोपान गढ़ता उत्तर प्रदेश मोदी के साथ है और एनडीए को 400 सीटों से भव्य विजय का संकल्प ले चुका है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भी जनसभा को संबोधित किया।

### हिन्दू नववर्ष के स्वागत के लिए मातृ शक्ति ने किया अनुष्ठान

चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा पर मंगलवार से शुरू हो रहे हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2081 के स्वागत के लिए आज सोमवार को मातृ शक्ति ने अपने अपने घरों में पूजा-पाठ और अनुष्ठान किया एवं समाज के कल्याण व समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। जनपद मुख्यालय निवासी प्रेमलता पाटकार ने बताया कि अंग्रेजी नव वर्ष के बारे में तो सब लोग जानते हैं लेकिन अपने हिन्दू नव वर्ष के बारे में लोगों बहुत कम जानकारी है। जबकि महाराजा विक्रमादित्य की प्रेरणा से विक्रम नवसंवत्सर अंग्रेजी कलेंडर से 57 वर्ष पहले शुरू हुआ था। हमारे सभी तिथि, त्यौहार हिन्दू कलेंडर से ही निर्धारित होते हैं। साथ ही हमारा वित्तीय वर्ष भी इसीलिए एक अप्रैल से शुरू होता है। मुख्यालय के ढलैतनपुरा में महिलाओं ने सुबह पहले पीपल के वृक्ष की पूजा की, उसके बाद अपने घर पर अनुष्ठान किया एवं एक दूसरे को हिन्दू नव वर्ष की बधाइयां दी। मौके पर शकुंतला देवी, उमा देवी, राम देवी, अनीता, आरती, खुश्बू, सुनिधि, नंदनी, पूर्वी, वंशिका, भक्ति व विधि समेत तमाम महिलाएं मौजूद रही हैं।

### लखनऊ में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर पाबंदी

लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद लखनऊ जिला प्रशासन ने शराब की दुकानों के बाहर या उसके आसपास समेत सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर पाबंदी लगा दी है। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने शराब विक्रेताओं को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि तय स्थानों के अलावा अन्य किसी भी स्थान पर शराब का सेवन न किया जाए। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों, शराब की दुकानों के बाहर पार्किंग स्थलों और सड़क के किनारे शराब पीने पर रोक है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने से आम जनता को असुविधा हो सकती है और कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो सकती है। इसका उल्लंघन करने पर जुमार्ना और छह महीने तक की जेल हो सकती है।

### 108 वर्ष की आयु में स्वामी शिवशंकर भारती का निधन, पीएम मोदी ने जताया दुख

काशीवासियों के लिए भगवान विश्वनाथ का साक्षात स्वरूप माने जाने वाले स्वामी शिवशंकर भारती ह्लचैतन्यह्व का रविवार को 108 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। लगभग 100 वर्षों से अनवरत भगवान विश्वनाथ की उपासना, साधना कर रहे भारती जी महाराज ने 20 वर्ष की आयु में ही संन्यास धर्म ग्रहण कर लिया था। वह प्रातः ढाई बजे से सायंकाल छह बजे तक भगवान विश्वनाथ के सानिध्य में रहते थे। गर्भगृह में बैठकर भगवान विश्वनाथ का अभिषेक करते रहते थे। लगभग आठ दशकों यह क्रम चलता रहा।स्वामी शिवशंकर भारती के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, भगवान विश्वनाथ के परम भक्त संत श्री शिवशंकर चैतन्य भारती जी के महाप्रयाण का दुःखद समाचार काशी से प्राप्त हुआ।

# सही वक्त आने पर करेंगे अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट के लिए प्रत्याशियों की घोषणा : कांग्रेस




लखनऊ, एजेंसी

अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा को लेकर जारी संशय के बीच कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने सोमवार को कहा कि ह्यसही वक्तह्व आने पर इन सीट के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। ह पूछे जाने पर कि रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस के उम्मीदवारों के नाम कब घोषित होंगे, पांडेय ने कहा, ह्यअमेठी और रायबरेली कांग्रेस के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण लोकसभा क्षेत्र हैं। हमने जनता और पूरे उत्तर प्रदेश के कांग्रेस जनों की भावनाओं के बारे में राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत कराया है। पांडेय ने कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा,

राजनीति में एक रणनीति होती है और रणनीति के तहत सही समय आने पर घोषणा की जाती है। जब इसका (अमेठी और रायबरेली सीट के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की घोषणा) सही वक्त आएगा तो केंद्रीय चुनाव समिति की ओर से इसकी घोषणा कर दी जाएगी। नेहरू-गांधी परिवार का मजबूत किला कही जाने वाली रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस ने अभी तक उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। पार्टी कार्यकताओं की ख्वाहिश है कि अमेठी से पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और रायबरेली से पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा चुनाव लड़ें। खुद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी इसकी पैरवी कर चुके हैं।

कांग्रेस का घोषणापत्र मुस्लिम लीग और वामपंथी विचारधारा से प्रेरित होने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आरोप पर पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी ने कहा, ह्ययह (कांग्रेस का घोषणापत्र) देश के लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। इसमें ऐसी कौन सी चीजें हैं जो प्रधानमंत्री को तकलीफ दे रही हैं? उन्होंने कहा, ह्यस्वाभाविक रूप से भाजपा और पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार की असफलता तथा लोगों के बीच उभरता रोष उन्हें मजबूर कर रहा है कि किस तरह लोकप्रिय घोषणापत्र से लोगों का ध्यान भटकाया जाए। लेकिन देश की जनता ने भाजपा का पिछले 10 वर्षों का कार्यकाल देखा है। उनकी गारंटियों और उनके जुमलों का असर क्या रहा है, यह सब देखा है। प्रधानमंत्री जी कृपा करके बताएं कि कब वह इस देश और समाज को बांटने का तथा समाज में जहर फैलाने का काम बंद करेंगे और लोकतंत्र को सही रूप में अपना काम करने देंगे। पांडेय ने कहा कि इंडिया गठबंधन की उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीट पर मजबूती से चुनाव लड़ने की तैयारी है।

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच हर स्तर पर यानी राज्य स्तर पर और लोकसभा स्तर पर तथा ब्लॉक स्तर पर भी यह समन्वय बहुत ही सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि ह्यइंडियाह्व गठबंधन की एक बहुत बड़ी रैली उत्तर प्रदेश में होने जा रही है जिसका समय और स्थान बहुत जल्द घोषित किया जाएगा। पांडेय ने कहा कि इस बारे में भी जानकारी जल्द साझा की जाएगी कि समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी के मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा की संयुक्त प्रचार रैलियां कहां-कहां होंगी।

## मकान की छत गिरने से दबे मां और दो बेटे घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

प्रात किरण संवाददाता

अमरोहा। घर में खाना खाते समय टीन शेड के मकान के नीचे दबकर मां और दो बेटे घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल मां को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। जबकि प्राथमिक उपचार के बाद दोनों बेटों को घर भेज दिया गया है। ये हादसा रविवार की रात नगर के मोहल्ला जयओम नगर में हुआ। यहां पर रहने वाले शेर सिंह दिल्ली में एंबुलेंस चलाते हैं। उनकी पत्नी शीला उर्फ सुशील अपने दो बेटे अनिल और विनोद के साथ घर पर रहती हैं। उनका मकान टीन शेड का है।परिजनों के मुताबिक रविवार की रात करीब साढ़े आठ बजे खाना बनाने के बाद शीला उर्फ सुशील अपने दोनों बेटे के साथ टीन शेड के नीचे बैठकर खाना खा रहे थे। तभी अचानक टीन शेड दीवार समेत भरभरा कर गिर पड़ा। तीनों मां बेटा मलबे के नीचे दब गए।धमाके की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोगों की भीड़ जमा हो गई। किसी तरह लोगों ने मां-बेटों को टीनशेड के मलबा के नीचे से निकला और सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से गंभीर हालत में शीला उर्फ सुशील को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जहां सुशीला की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे में हजारों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। गनीमत रही बड़ा हादसा होने से टल गया।

## सोमवती अमावस्या पर चित्रकूट में उमड़ा आस्था का जनसैलाब



चित्रकूट, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के पौराणिक तीर्थ स्थल चित्रकूट में सोमवार को सोमवती अमावस्या के पावन पर्व में दस लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में आस्था की डुबकी लगायी और कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा कर मनोवांछित फल की कामना की। कामदगिरि के परिक्रमा स्थल पर चारों तरफ श्रद्धालुओं की अपार भीड़ दिखाई पड़ रही थी। रामघाट, कामदगिरि मुखारविंद, अनुसूइया आश्रम, गुप्त गोदावरी जानकी कुंड जैसे तमाम सारे स्थान में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा हुआ है और तिल रखने की जगह नहीं बची है। जिला प्रशासन ने इस अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये हैं। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद अपनी पूरी टीम के साथ मेला स्थल पर लगातार अपनी नजर बनाए हुए हैं। सभी संबंधित अधिकारी एवं सभी विभाग श्रद्धालुओं को सुविधा मुहैया कराने में लगातार तत्पर हैं। कुछ समाजसेवी संस्थाएं भी श्रद्धालुओं को भंडारा प्रसाद पानी शरबत आदि पिलाने की व्यवस्था संभाले हुए हैं। कामदगिरि मुख्य द्वार के महंत श्री रामस्वरूप आचार्य ने बताया कि सोमवती अमावस्या के दिन मंदाकिनी नदी में स्नान कर कामदगिरि की परिक्रमा लगाने एवं दान करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। बुरे ग्रहों का समन होता है एवं भगवत कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि आज के दिन का महत्व और भी बढ़ जाता है जब लोग एक दूसरे के प्रति सद्भावना रखते हुए जरूरतमंदों की मदद करते हैं। पुलिस एवं प्रशासन ने पूरे मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की जद में रखा है। इसके अलावा भारी मात्रा में पुलिस बल एवं बगैर वर्दी के महिलाएं एवं पुरुष कांस्टेबल अवांछनीय तत्वों पर पैनी नजर रखे हैं। उधर रेल प्रशासन ने तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए कई मेला स्पेशल ट्रेन भी चलाई गई है जो झांसी कानपुर और प्रयागराज से लगातार चल रही है जबकि राज्य परिवहन निगम ने अतिरिक्त बसों का इंतजाम किया है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने अपनी पूरी टीम के साथ रेलवे स्टेशन से लेकर रोडवेज बस स्टैंड रामघाट कामगिरी परिक्रमा मार्ग पर डॉग स्क्वाड तारक एवं बम निरोधक दल की व्यवस्था की है।

## कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले जेपी नड्डा ,आज रामपुर का वायलिन हुआ विश्व प्रसिद्ध



प्रात किरण संवाददाता

रामपुर।भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भारत गार्डन में हजारों की संख्या को संबोधित कर जनता को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे पहले रामपुर की धरती पर आके सबसे पहले मैं प्रसिद्ध भमरूवा शिव मंदिर को मैं प्रणाम करता हूं।। और रामपुर जनपद की नीव रखने वाले राजा राम सिंह कटारिया जी को भी प्रणाम करता हूं।आज अगर हमारी माताएं, बहने और हमारे घर की बच्चियों सुख शांति से स्कूल,कॉलेज जाती है तो यह माहौल भारतीय जनता पार्टी की सरकार की वजह से बना है।। मोदी जी और योगी जी की वजह से बना है।भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सरकार आने के बाद 25 करोड लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ के जी रहे हैं, आज घर-घर साफ पानी पहुंचाने का हमारी योजनाएं पटल पर जनता को दिखाई दे रही है, पिछले 10 सालों में बने हुए न जाने कितने एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश को सुशोभित कर रहे हैं, जो लोग उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य कहा करते थे आज उन लोगों को दिखाई दे रहा है कि उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है।यह घमंडियां गठबंधन जो बन रहा है, मैं इनके बारे में भी बात करूंगा, यह वह लोग है जिनको मोदी जी के लाल किले से लिए हुए संकल्प से दिक्कत है, कि मैं भ्रष्टाचार खत्म करूंगा और हर भ्रष्टाचारी जेल के पीछे होगा।और ये इंडिया गठबंधन कहता है,भ्रष्टाचारियों को बचाओ।सोनिया गांधी हो या राहुल गांधी या उनके पार्टी के पी चिदंबरम, लालू यादव, संजय सिंह, वह सब लोग बल पर है। और बाकी कितने जेल में हेमंत सोरेन, अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सतेंद्र जैन और तो और यह के पूर्व मंत्री समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान भी जेल में ही है।पहले लोगों को बांट कर वोट बैंक की राजनीति होती थी, लेकिन मोदी जी ने राजनीति की परिभाषा बदल दी। पहले रामपुर की पहचान चाकू से होती थी आज रामपुर का वायलिन विश्व प्रसिद्ध है।आज वोटबैंक की राजनीति नहीं, सिर्फ विकास की राजनीति होती है।मोदी जी ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्व के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।मुझे यकीन है रामपुर की जनता बहुत अच्छे से जानती है कि उसको अपना वोट किस पार्टी को देना है और किसको अपना सांसद चुना है और जनता बहुत अच्छे से जानती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से बेहतर प्रधानमंत्री दूसरा कोई नहीं हो सकता इसीलिए वोट सिर्फ और सिर्फ भारतीय जनता पार्टी को वोट दें। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, क्लस्टर इंचार्ज जसवंत सैनी, प्रदेश प्रवक्ता आलोक अवस्थी, राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना,सांसद घनश्याम सिंह लोधी, विधायक आकाश सक्सेना, राजबाला, शफीक अंसारी, चुनाव प्रभारी हरिसिंह ढिल्लों, सह प्रभारी मंजूदिलेर, जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू, जिला प्रभारी राजा वर्मा, चुनाव संयोजक सुरेश गंगवार, सहसंयोजक मोहनलाल सैनी, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, जिला मीडिया प्रभारी ओबीसी मोर्चा संजीव कुमार वर्मा, जिलामहामंत्री अशोक बिश्नोई, हरीश गंगवार, रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, निवर्तमान अध्यक्ष मसवासी हरिओम मोर्य, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष चेतन स्वरूप मौर्य, अपनादल अध्यक्ष घनवीर चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## इंडी गठबंधन भ्रष्टाचारियों का गठजोड़: नड्डा

लखनऊ, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विपक्ष के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) को भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार देते हुए सोमवार को कहा ि यह गठजोड़ बेईमान लोगों को बचाने की जुगत में लगा है। नड्डा ने रामपुर से पार्टी प्रत्याशी घनश्याम लोधी के समर्थन में आयोजित एक जनसभा में ह्यइंडियाह्व गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, ह्यएक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लाल किले की प्राचीर से कह रहे हैं कि भ्रष्टाचार हटाओ, वहीं ह्यइंडीह्व गठबंधन कह रहा है कि भ्रष्टाचारियों को बचाओ। वह इसी काम में लगा हुआ है। उन्होंने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, द्रमुक, आम आदमी पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा पर विभिन्न घोटाले करने का आरोप लगाते हुए कहा, ह्यइन्होंने तीनों लोक में घोटाला किया था। पाताल को भी नहीं छोड़ा, जल और धरती को भी नहीं छोड़ा। नड्डा ने तंज कसते हुए कहा, ह्ययह घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों के गठबंधन के सिवाय और कुछ नहीं है। आप बताइए राहुल गांधी जमानत पर हैं कि नहीं, सोनिया गांधी जमानत पर हैं कि नहीं, लालू यादव जामनत पर हैं कि नहीं, द्रमुक के मंत्री जमानत पर हैं कि नहीं, आप बताइए हेमंत जेल में हैं या नहीं हैं, अरविंद केजरीवाल जेल में हैं या नहीं है, मनीष सिसोदिया जेल में है या नहीं है। उन्होंने कहा, ह्ययह सारे घमंडिया गठबंधन के नेता या तो जमानत पर हैं या फिर जेल में हैं। क्या ऐसे लोगों के हाथों में भारत की सत्ता को देना है? भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक और उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना को खांटी परिवारवादी दल बताते हुए कहा कि इन पार्टियों में परिवार के बाद ह्यफुल स्टॉपह्व लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों को जनता के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। इनको अपना परिवार बचाना है और भ्रष्टाचार चलाना है। नड्डा ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा, ह्यआज मैं काफी समय बाद रामपुर आया, मुझे रामपुर की पुरानी तस्वीर भी याद है जब यहां की बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं थीं, जब व्यापारी सूरज ढलने से पहले अपनी दुकान बंद कर दिया करते थे, विश्वविद्यालय-कॉलेज में जाने वाली बेटियां जब तक घर में सुरक्षित पहुंच नहीं जाती थीं तब तक मां-बाप परेशान रहते थे। लेकिन आज हमारी बच्चियां बिना किसी रोक-टोक के पढ़ रही हैं। यह तस्वीर बदली है तो भारतीय जनता पार्टी और मोदी जी और योगी जी के कारण बदली है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, ह्यआगामी लोकसभा चुनाव देश को विकसित करने का चुनाव है। यह जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की राजनीति की मानसिकता बदली है यह उसका चुनाव है। प्रधानमंत्री ने राजनीति की संस्कृति, राजनीति का ढर्रा, राजनीति की संस्कृति बदल डाली है।

## रामनवमी पर चार मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला को करेंगी तिलक : नृपेन्द्र मिश्र

अयोध्या, एजेंसी

रामनवमी पर चार मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला को तिलक करेंगी। इसकी तैयारी में रविवार की रात भर काम में कई वैज्ञानिक जुटे रहे। इसके लिए राममंदिर में उपकरण लगाए जा रहे हैं, जिसका जल्द ही ट्रायल भी होगा। गौरतलब है कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की पूर्व घोषणा के अनुसार हो रही तैयारी में ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम के लिए उपकरण लगाए जा रहे हैं। बीती रात रामलला के शयन कराने के बाद उनके माथे का सटीक स्थान सुनिश्चित करने के लिए स्टिकर लगाकर तब श्रीविग्रह को चद्दर ओढ़ाया गया। जिससे वैज्ञानिक दल अपना उपकरण लगाने के लिए सटीक नाप जोख कर सकें। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अधिकारी ने बताया कि 75 मिमी का गोलाकार सूर्य से प्रभु श्रीराम का अभिषेक होगा। दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक पर पड़ेंगी। निरंतर चार मिनट तक किरणें रामलला के मुख मंडल को देदीप्तिमान करेंगी। उन्होंने बताया कि मुख्य रूप से रुड़की सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च संस्थान के वैज्ञानिकों का दल इस काम में लगे हुए हैं। ट्रस्ट के अधिकारियों के अनुसार मंदिर के भूतल पर दो मिरर और एक लेंस लगाया जा चुका है। सूर्य की रोशनी तीसरे तल पर लगे दर्पण से तीन लेंस 2 दर्पणों से होते हुए भूतल पर लगाए गए आखिरी दर्पण पर पड़ेगी। इससे परावर्तित होने वाली किरणों से मस्तक पर तिलक बनेगा। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने सोमवार को बताया कि श्रीराम लला का सूर्य तिलक करने की तैयारी संपूर्ण परिश्रम से हो रही है। संभव है कि राम नवमी पर वैज्ञानिकों का प्रयास फलीभूत हो जाय। तकरीबन सौ एलईडी स्क्रीन के माध्यम से इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि भीड़ की परेशानियों से बचने के लिए अपने स्थान पर ही नवमी का पूजन व दर्शन करें।

## ईद-उल-फित्र से पहले जकात व फितरे की अदायगी कर दें मुस्लिम समाज : अली हसन

प्रातः किरण संवाददाता

अमरोहा। जिले में अलविदा की नमाज के बाद माह-ए-रमजान अंतिम दौर में पहुंच गया है। ईद की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। ऐसे में लोग अपने आसपास अपनों का ध्यान रखें।इसी के चलते वरिष्ठ समाज सेवी, अमरोहा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सैदपुर इम्मा के ग्राम प्रधान अली हसन आढ़ती ने अपने खायलात का इजहार करते हुए कहा की ईद-उल-फित्र से पहले जकात व फितरे की अदायगी कर दें। हर साहबे नेसाब को जकात की अदायगी करना जरूरी है। माल के शुद्धीकरण के लिए ढाई प्रतिशत जकात निकालना इस्लामी फरीजा है। माह-ए-रमजान में जिस तरह सें लोग रोजा रख कर अपने शरीर को रोग मुक्त कर शुद्धीकरण करता है। उसी तरह वर्ष भर में एक बार अपने माल का ढाई प्रतिशत जकात निकाल कर माल का शुद्धीकरण कर लेना चाहिए। जकात वर्ष के किसी भी माह में निकाला जा सकता है। मगर रमजान में की गई हर इबादत अन्य माह के अनुपात में 70 गुना सवाब मिलता है। इसलिए अधिक सवाब के चलते अधिकांश लोग इसी



माह जकात, खैरात व इमदाद करते हैं। श्री अली हसन आढ़ती ने आगे बताया कि जकात की रकम देने के लिए सबसे पहले अपने घरों में तलाश करो। हो सकता है कि आपके घर खानदान में ऐसे लोग हों जो जकात के मुस्ताहिक हैं। सब पहला हक उन्हीं लोगों का है। फिर रिश्तेदारों के घरों में तलाश करें। अधिकांश भाई व रिश्तेदार शमाहोजोरी के चलते आपसे कह नहीं सकते। ऐसे हालात में आपको उनकी मदद करना जरूरी है।आगे कहा कि जकात का धन गरीबों, मिसकीनों गरीब, विधवा, बेसहारा महिला, सगे रिस्तेदार जो जकात के मुस्ताहिक हो दें सकते हैं। उन्होंने बताया भाई, बहन, मामा, भांजा सहित कई रिश्तेदार को जकात का पैसा दे सकते हैं।

## विंध्याचल नये परिवेश में नवरात्र मेले के लिये तैयार

मिजार्पुर, एजेंसी



उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर जिले में विंध्य क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां विंध्यवासिनी का विंध्याचल नये परिवेश में नवरात्र मेले के लिए तैयार है। विंध्याचल नवरात्रि मेले में दर्शनार्थियों की भारी में भीड़ आने की संभावना के मद्देनजर मेले की सुरक्षा व्यवस्था आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस)के हवाले कर दी गई है। नवरात्र मेला मंगलवार भोर से शुरू होने जा रहा है। पूरा मेला सीसी कैमरे के जद में होगा। ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी। मेला सुरक्षा में अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ तीन हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। होमगार्ड, पीआरडी, यातायात पुलिस एवं फायर ब्रिगेड जवानों को भी लगाया गया है। आधुनिक उपकरणों से युक्त बम डिस्पोजल दस्ता एवं जल पुलिस के जवान मुस्तैद रहेगे। मां विन्ध्यवासिनी देवी के गर्भगृह में चरण छूने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह प्रतिबंध वीआईपी व्यक्तियों पर भी लागू किया गया है। साथ ही साथ पंडों, नाईयो और सफाईकर्मी के लिए डेस कोड में रहने के आदेश दिए गए हैं। दुकानदारों और वाहन स्टैंडो पर रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए गए हैं। नौ दिन तक चलने वाले मेले सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिला प्रशासन ने मेला की मुकम्मल व्यवस्था कर लेने का दावा किया है। नगर मजिस्ट्र लाल बहादुर को मेला अधिकारी बनाया गया है जबकि अपर जिला मजिस्ट्रेट एस पी शुक्ल सुपर मजिस्ट्रेट होगे। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन बताया कि पूरे मेला क्षेत्र को दस जोन और 21सेक्टरों में बाटा गया है। सभी जोनो में जोनल मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेटो को तैनात किया गया है। मेला क्षेत्र में आवश्यकता से अधिक भीड़ एकत्र न हो सके इसके लिए जगह-जगह बैरियर लगाये गए हैं। जिला पुलिस प्रमुख अभिनंदन ने बताया कि मेले में सिविल पुलिस के अलावा जल पुलिस यातायात घुड़सवार पुलिस के अलावा खुफिया एजेंसी के जवान भी है। किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए अलग से व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि इस बार सुरक्षा व्यवस्था की द्दष्टि से एटीएस के जवान मोर्चा संभालेंगे। यह टीम पूरे नवरात्र मेला सुरक्षा व्यवस्था संभालेगी। उन्होंने बताया कि अतिसंवेदनशील स्थानों पर अतिसतर्कता बरती जा रही है। मंडलायुक्त मुथु स्वामी और पुलिस उपमहानिरीक्षक आर पी सिह ने मेला की तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक आदेश निर्देश दिए। नवरात्र मेले में ड्यूटी पर तैनात किए गए सुरक्षा कर्मियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि ड्यूटी के दौरान श्रद्धालु दर्शनार्थियों के साथ विनम्र व्यवहार करे।साथ ही साथ साफ सुथरी वर्दी में अनुशासित रह कर अपने कर्तव्य एवं दायित्व का निर्वहन करेंगे।

## पूर्व डीजीपी विजय कुमार भाजपा में शामिल

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण कर अपनी राजनीतिक पारी का आगाज किया। पार्टी के प्रदेश दफ्तर में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष उन्होने अपनी पत्नी अनुपमा के संग भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होने कहा कि आईपीएस की भूमिका में उन्होने ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन किया है। वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों से खासे प्रभावित है, खासकर उनके कार्यकाल में प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति और बेहतर हुयी है और यही कारण है कि बतौर राजनीतिज्ञ वे समाज को अपनी सेवायें देना चाहते हैं। श्री कुमार के अलावा सपा, बसपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालो में बसपा के पूर्व एमएलसी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनोज अग्रवाल (फरूर्खाबाद), बसपा से नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वत्सला अग्रवाल (फरूर्खाबाद), नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर (फतेहपुर), नगर पंचायत अध्यक्ष मिथलेश कुमार मिश्र (सुल्तानपुर), कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव योगेन्द्र सिंह तोमर (अलीगढ़), सपा के पूर्व प्रदेश सचिव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अम्बुज शुक्ला (कानपुर), बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सचिन त्रिपाठी (कानपुर), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संदीप शर्मा जैकी (कानपुर), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डीएस मिश्रा (सुल्तानपुर), बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अरूण कुमार दुबे (औरैया) आदि शामिल थे।

## पीरजादा अरशद फरीदी हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह के 17वें सज्जादानशीन घोषित

फतेहपुर सीकरी, एजेंसी

सूफी संत हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह के सज्जादानशीन हजरत पीरजादा आयाजुद्दीन चिश्ती उर्फ. रईस मियां चिश्ती ने अपने जानशीन (उत्तराधिकारी) के नाम का ऐलान किया।ऐतिहासिक कचहरी खानकाह में उर्स की महफि ल के दौरान यह घोषणा की गई। इस मौके पर हजारों जायरीन, सूफि यों एवं सज्जदानशीनों ने शिरकत की। विशेषकर अजमेर शरीफ दरगाह के सज्जदानशीन सैयद जैनुल आबेदीन अली खान ने बधाई दी है। सज्जदानशीन पीरजादा रईस मियां ने अपने संबोधन में कहा कि 1943 में मेरे पिता पीरजादा अजीजुद्दीन चिश्ती के इंतकाल के बाद मुझे सज्जदानशीन बनाया गया था। तब मेरी उम्र 7 वर्ष थी। इसी कचहरी में मेरी दस्तरबंदी हुई थी। मुझे खुशी है कि मैं अपने बड़े बेटे पीरजादा अरशद फरीदी की 17वें सज्जदानशीन के लिए दस्तरबंदी कर रहा हूं। अपने भावुक संबोधन में उन्होंने कहा कि मैंने 81 साल तक इस चौखट की खिदमत की और अब उम्मीद करता हूं कि अरशद फरीदी दरगाह की परमपरांओं, धार्मिक व सामाजिक नियमों का पालन करेंगे। शाही फरमान में वर्णित नियमों के अनुसार पवित्र दरगाह की व्यवस्था को चलाएंगे। बाबा शेख सलीम चिश्ती अजमेर शरीफ के ख्वाजा गरीब नवाज की चिश्ती परंपरा के सर्वमान्य सूफी हैं। वह प्रसिद्ध सूफी हजरत बाबा फरीद के परिवार से थे। शेख सलीम चिश्ती का उर्स 454 वर्ष से यहां हर साल हो रहा है। इस अवसर पर मौजूद बाबा शेख सलीम चिश्ती के तमाम श्रद्धालुओं ने इस घोषणा का स्वागत किया। विभिन्न खानकाहों की और लोगों ने भी पगड़ी पेश की। बाद में लोगों को संबोधित करते हुए पीरजादा अरशद फरीदी ने कहा कि अपने पिता के सान्निध्य में रहते हुए वह खानकाही परंपराओं से भली-भांति परिचित हुए हैं और आगे भी उनके आदर्शों पर चलेंगे। उन्होंने कहा कि इस दरगाह पर सिर्फ एक धर्म विशेष के नहीं, बल्कि हर धर्म के लोग आते हैं। इसलिए हमारा दायित्व है कि हम सबका ख्याल रखें। भाईचारे को बढ़ावा दें और सबकी श्रद्धा व आस्था का ख्याल रखें। हमारा मकसद अल्लाह की कृपा और दया हासिल करना है, देश के विकास के लिए प्रार्थना करना और प्रेम व आपसी भाई चारे को बढ़ावा देना है।



# हीरामंडी से वापसी कर रहे हैं यह तीन सितारे, वर्षों से थे गुम

संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी को लेकर बज बना हुआ है। सीरीज में फीमेल एक्टर्स लीड रोल में हैं। इनमें सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोईराला, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल हैं। शनिवार को मेकर्स ने मेल एक्टर्स के पोस्टर जारी किए जो सीरीज में अहम भूमिकाओं में होंगे। ये एक्टर्स फरदीन खान, शेखर सुमन, अध्ययन सुमन और ताहा शाह हैं।

## 14 साल बाद फरदीन की वापसी

शनिवार को, भंसाली प्रोडक्शंस ने नए कलाकारों को पेश करने के लिए चार नए चरित्र पोस्टर रिलीज किया। फरदीन खान 14 साल बाद हीरामंडी के साथ वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। नए पोस्टर में एक्टर शाही अवतार में हैं। वह एक सोफे पर बैठे हैं और उनके सामने ज्वैलरी से भरी ट्रे रखी हुई है। इसके साथ कैप्शन में लिखा है, 'प्यार और कर्तव्य के बीच फंसे, वली मोहम्मद अपनी शाही जिम्मेदारियों के साथ अपने दिल की इच्छा को समेटने की कोशिश करते हैं। वली मोहम्मद के रूप में फरदीन खान स्क्रीन की शानदार वापसी की।'

## नवाब बने शेखर सुमन



शेखर सुमन और बेटे अध्ययन सुमन भी नेटफ्लिक्स की सीरीज में हैं। उनका भी फर्स्ट लुक सामने आ गया है। शेखर सुमन नवाब की भूमिका में हैं और उनके किरदार का नाम जुल्फिकार है।

## जोरावर के रोल में अध्ययन



अध्ययन सुमन ने अपने लुक से सबका ध्यान खींचा। वह जोरावर बने हैं और लज्जो के प्रति लगाव रखते हैं। बता दें कि हीरामंडी- द डायमंड बाजार 1940 के दशक पर आधारित है। इसका प्रीमियर 1 मई को नेटफ्लिक्स पर होगा।



# घर बसाने को तैयार हैं नोरा



नोरा फतेही बॉलीवुड में अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर हैं। पिछले दिनों जब उनसे पूछा गया कि वे अपने जीवनसाथी में किन गुणों को देखना चाहती हैं। इस सवाल के जवाब में नोरा कहती हैं, पहले मैं जिस तरह से सोचती थी अब वह बिल्कुल बदल गया है। नोरा फतेही आज बॉलीवुड में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। बतौर डांसर अपने करियर की शुरुआत करने वाली नोरा आज फिल्मों में अहम भूमिकाएं निभाती नजर आ रही हैं।
हाल ही में नोरा कॉमेडी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस में दिखी थीं। दर्शकों को इस फिल्म में उनका किरदार काफी पसंद आया था। पिछले दिनों अभिनेत्री एक इंटरव्यू के दौरान अपनी निजी जिंदगी और अपनी शादी के बारे में खुलकर बातें करती दिखीं।

## समय के साथ नोरा के बदले हैं विचार

नोरा फतेही बॉलीवुड में अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर हैं। पिछले दिनों जब उनसे पूछा गया कि वे अपने जीवनसाथी में किन गुणों को देखना चाहती हैं। इस सवाल के जवाब में नोरा कहती हैं, पहले मैं जिस तरह से सोचती थी अब वह बिल्कुल बदल गया है। मैं प्यार और शादी के मामले में एकदम पुराने ख्याल रखती हूं। मैं भी शादी करके घर बसाना चाहती हूं।

## दिल का अच्छा होना है जरूरी

नोरा अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मैं एक ऐसे जीवनसाथी की तलाश में जो ईश्वर में विश्वास रखता हो। साथ ही साथ उसकी परवरिश अच्छी हुई हो। मेरे लिए पैसे बाद में आते हैं उससे पहले मेरे लिए इंसान का दिल से अच्छा होना जरूरी है।

# एक आइटम सॉन्ग की 5 करोड़ रुपये फीस लेती हैं सामंथा

बालीवुड फिल्में गानों के बिना अधूरी होती है। फिल्मों को हिट कराने में गीतों का अहम योगदान रहता है। इसके साथ-साथ अगर आइटम सॉन्ग भी जुड़ जाए तो फिल्म के धमाल मचाने को लेकर हल्ला मचने लगता है। फिल्म हिट हो या न हो, आइटम सॉन्ग फिल्म को सुर्खियों में जरुर ला देते हैं। बॉलीवुड में कई अभिनेत्रियों ने अलग-अलग फिल्मों में आइटम सॉन्ग करके चर्चा बटोरी है। अभिनेत्रियां एक गाने के लिए करोड़ो रुपये लेती हैं। क्या आप जानते हैं कि कौन सी अभिनेत्री इसके लिए सबसे ज्यादा फीस लेती है? अगर आपके मन में मलाइका अरोड़ा, नोरा फतेही, तमन्ना भाटिया, सनी लियोन, कैटरीना कैफ या रश्मिका मंदाना का नाम आ रहा है तो आप गलत सोच रहे हैं। दरअसल, सामंथा रुथ प्रभु वह अभिनेत्री है, जो एक आइटम सॉन्ग के लिए सबसे ज्यादा फीस लेती है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म पुष्पा द राइज के गाने ऊं अंटावा के लिए उन्होंने 5 करोड़ रुपये लिए थे। यह वाकई में एक बहुत मोटी रकम है।
नोरा फतेही और मलाइका अरोड़ा की इतनी है फीस
नोरा फतेही जैसी मशहूर डांसर ने भी इतने रुपये नहीं लिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नोरा एक गाने के लिए 2 करोड़ रुपये की फीस लेती हैं। इतने ही रुपये सनी लियोन भी लेती हैं। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि मलाइका अरोड़ा एक गाने के लिए केवल 50 लाख से 1 करोड़ रुपये ही लेती हैं। अच्छी डांसर होने के बावजूद उनकी फीस काफी कम है। करीना कपूर कुछ साल पहले तक एक आइटम सॉन्ग के लिए 1.5 करोड़ रुपये लेती थीं। वहीं, अभिनेत्री तमन्ना भाटिया एक गाने के लिए एक करोड़ रुपये की फीस लेती हैं। कैटरीना कैफ की फीस इन दोनों से ज्यादा है। वे हर गाने के 2 करोड़ रुपये से ज्यादा लेती है।



# फिल्मों की असफलता पर छलका कृति का दर्द

अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों अपनी फिल्म क्रू की वजह से चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म में दर्शकों को उनका किरदार काफी पसंद आ रहा है। क्रू से पहले कृति की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रही थी। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कृति अपनी फिल्म के अलावा बॉलीवुड में अभिनेत्रियों के हालात पर खुलकर बातें करती नजर आईं। कृति सेनन धीरे-धीरे बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने में कामयाब रही हैं, लेकिन उनके लिए यह सफर बिल्कुल भी आसान नहीं रहा है। कृति कहती हैं, देखिए फिल्म इंडस्ट्री में अक्सर फिल्मों की असफलता के लिए अभिनेत्रियों की जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है। जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है। किसी भी फिल्म का हिट होना या फ्लॉप होना किसी एक व्यक्ति के हाथ में नहीं रहता है। इसके लिए पूरी टीम जिम्मेवार होती है।

## ट्रोल से नहीं पड़ता फर्क

कृति सेनन अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मेरे साथ कई बार ऐसा हो चुका है। मैंने काफी बार सुना है कि फलां फिल्म मेरी वजह से फ्लॉप हुई है। पहले मुझे इस बात से काफी तकलीफ होती थी, लेकिन अब मुझे फर्क नहीं पड़ता है। मुझे अब आदत हो गई है। फिल्म इंडस्ट्री और इंडस्ट्री के बाहर भी किसी भी चीज के लिए लड़कियों पर आरोप लगा देना आसान होता है। आप देख लीजिए क्रिकेट के मैदान से लेकर हर जगह असफलता के लिए लड़कियों को तुरंत लोग ब्लेम कर देते हैं।

# चमकीला के लिए परिणीति ने छोड़ दी थी यह हिट फिल्म



परिणीति चोपड़ा चमकीला की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, जिसमें वे दिलजीत दोसांझ के साथ नजर आएंगी। फिल्म पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला और अमरजोत पर आधारित है, जिनकी 1988 में हत्या कर दी गई थी।
जब परिणीति को चमकीला ऑफर हुई तो उन्होंने पहले से किसी और फिल्म के लिए अपनी डेट्स दे दी थी। परिणीति इम्तियाज के साथ चमकीला में काम करना चाहती थीं, इसलिए उन्होंने दूसरी फिल्म छोड़ दी, जो रिलीज के बाद हिट बन गई। वह फिल्म एनिमल है, जो ब्लॉकबस्टर हिट हुई, जिसमें परी की जगह रश्मिका मंदाना को लिया गया था।

# दिनेश विजान की आगामी रोमांटिक कॉमेडी से जुड़े राजकुमार राव?



राजकुमार राव बॉलीवुड इंडस्ट्री के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं। अभिनेता को अलग-अलग फिल्मों और वेब सीरीज में अपने अलग-अलग अंदाज से दर्शकों का दिल जीतते देखा जा चुका है। वहीं अब अभिनेता के आगामी प्रोजेक्ट पर एक और बड़ा अपडेट सामने आया है।
रिपोर्ट्स की मानें तो राजकुमार राव, दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित आगामी रोमांटिक कॉमेडी का हिस्सा बन गए हैं। फिल्म में उन्हें इस शानदार अभिनेत्री के साथ दर्शकों का दिल जीतते देखा जाएगा। खबरों के अनुसार, राजकुमार राव और वामिका गब्बी दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित आगामी रोमांटिक कॉमेडी में स्क्रीन साझा करने के लिए तैयार हैं। फिल्म प्यार, हंसी और दिल छू लेने वाले पलों का एक आनंदमय मिश्रण होने का वादा करती है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैडॉक फिल्म्स ने एक नई प्रेम कहानी बनाई है जिसमें राजकुमार राव और वामिका गब्बी मुख्य भूमिका में हैं। कथानक और अन्य विवरण फिलहाल रहस्य में डूबे हुए हैं, लेकिन माना जाता है कि यह एक छोटे शहर में स्थापित एक विचित्र रोमांटिक ड्रामा है, जो एक असामान्य परिस्थिति में फंसे एक जोड़े के इर्द-गिर्द घूमता है।

## रोमांटिक कॉमेडी होगी फिल्म!

हालांकि, फिल्म की कहानी के बारे में विवरण गुप्त रखा गया है, लेकिन खबरों की मानें तो यह आधुनिक रिश्तों पर एक ताजा प्रस्तुति होगी। आप इस फिल्म से मजाकिया डायलॉग, भरोसेमंद किरदार और फील-गुड रोमांस की खुराक की अपेक्षा कर सकते हैं। स्त्री, बदलापुर और लूडो जैसी फिल्मों के निर्माण के लिए जाने जाने वाले दिनेश विजान को ऐसी कहानी कहने की आदत है जो दर्शकों को पसंद आती है।

## आधिकारिक पुष्टि का इंतजार

रिपोर्ट है कि महारानी वेब सीरीज के निर्देशक करण शर्मा इस आगामी फिल्म का निर्देशन करेंगे। यह प्रोजेक्ट शिद्दत 2 के बाद मैडॉक फिल्म्स के साथ उनका दूसरा सहयोग है, जिसमें सनी कौशल के साथ प्रमुख महिला के रूप में वामिका गब्बी भी हैं। हालांकि, इन खबरों की अब तक न तो कलाकार न ही निर्माता की ओर से कोई पुष्टि की गई है।



# पर्दे पर बड़े रोल्स करना चाहते हैं शरद केलकर

फिल्म उद्योग में बहुत कम ऐसे अभिनेता जिनकी आवाज दर्शकों को अपनी ओर खींचती है। इन्हीं अभिनेताओं में शामिल हैं अभिनेता शरद केलकर जो छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक अपनी एक्टिंग और आवाज से इंडस्ट्री में अपना दमखम दिखा चुके हैं। शरद आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। अभिनय की बात हो या वॉयस ओवर की, शरद केलकर की हर जगह बराबर मांग है। किरदार बड़ा हो या छोटा शरद केलकर परवाह किए बिना हमेशा चमकने में कामयाब रहे हैं। शरद केलकर ने भले ही फिल्मों में अब तक लीड रोल्स ना निभाए हो लेकिन साइड रोल्स के जरिए भी एक्टर को दर्शकों का प्यार खूब मिला है। हाल ही में शरद ने कहा है कि वह अब पर्दे पर बड़े रोल्स करना चाहते हैं। हाल ही में दिए अपने एक साक्षात्कार में शरद ने कहा, इंडियन पुलिस फोर्स में नजर आने के बाद अब उन्हें लगता है कि निर्माताओं को उन्हें बड़े रोल्स देने चाहिए। आगे बात करते हुए उन्होंने कहा, ऐसे बहुत से अभिनेता हैं जो मुझसे बेहतर हो सकते हैं और बेहतर काम कर सकते हैं। लेकिन भाग्य भी काम आता है। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे वे भूमिकाएं मिलीं। भले ही वह किरदार लंबाई में छोटे थे... मुझे नहीं पता कि इंडस्ट्री क्यों नहीं समझती। मुझे नहीं पता कि उन्हें मुझे बड़ी, बेहतर किरदार देने से कौन रोक रहा है। इंडस्ट्री में रोल्स के बारे में बात करते हुए आगे शरद बोले- मुझे इसके पीछे का कारण नहीं पता, मैं एक बहुत ही पॉजिटिव इंसान हूं, मैं बस अपनी बारी का इंतजार कर रहा हूं। मैं ये नहीं कहता कि मैं बहुत अच्छा एक्टर हूं, लेकिन मैं बहुत मेहनती हूं और खुद पर विश्वास करता हूं। मैं कभी हार नहीं मानता, मेरा यही रवैया है। मैं उस दिन का इंतजार कर रहा हूं जब लोग मुझ पर विश्वास करेंगे। ज्ञातव्य है कि शरद केलकर ने अपने करियर की शुरुआत ग्वालियर में बतौर जिम इंस्ट्रक्टर की थी। इसके बाद एक्टर ने दूरदर्शन के सीरियल आक्रोश से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने कई सीरियल में अपनी अदाकारी का दम दिखाया।

# मलयालम इंडस्ट्री में डेब्यू के लिए तैयार हैं एसजे सूर्या!



एस जस्टिन सेल्वाराज यानी एसजे सूर्या मलयालम इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रहे हैं। एसजे सूर्या ने तमिल, तेलुगु और हिंदी कई फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एसजे सूर्या अब मलयालम के दर्शकों पर अपने अभिनय का जादू चलाने को तैयार हैं। चर्चा है कि एस जे सूर्या अभिनेता फहद फासिल के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। एसजे सूर्या एक अभिनेता के साथ-साथ फिल्म निर्देशक, स्क्रिप्ट राइटर, संगीतकार और निर्माता भी हैं। तमिल सिनेमा में एक अभिनेता के तौर पर एसजे सूर्या की कई जबर्दस्त और प्रतिष्ठित भूमिकाएं निभाई है। ऐसे में मलयालम दर्शकों भी इस खबर के सामने आने के बाद से एस जे सूर्या को बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं। रिर्पोट्स की मानें तो निर्देशक विपिन दास की अगली फिल्म में एसजे सूर्या नजर आ सकते हैं, जिसमें वे फहद फासिल उनके साथ स्क्रीन साझा करेंगे। हालांकि, अभी तक फिल्म और कलाकारों को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। दोनों दिग्गज कलाकारों को एक साथ देखने के लिए दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।




## संक्षिप्त समाचार

### पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड को आईसीआरए द्वारा बीबीबी- क्रेडिट रेटिंग दी गई

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारत के वायर और केबल इंडस्ट्री में एक प्रमुख खिलाड़ी, पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड (बीएसई 530555, एनएसई) ने घोषणा की है कि क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ने कंपनी को पर बैंक फैसिलिटीज़ द्वारा लॉन्ग-टर्म रेटिंग दी है। फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही और फाइनेंशियल ईयर 24 के नौ माह के लिए, ऑपरेशनल रेवेन्य 30.3 प्रतिशत बढ़ गया, जो फाइनेंशियल ईयर 23 की तीसरी तिमाही में 2,180.9 मिलियन रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही में 2,842.5 मिलियन रुपये हुआ और 25.7 प्रतिशत से बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 23 के नौ माह में 5,943.9 मिलियन रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 के नौ माह में 7,472.3 मिलियन रुपये हुआ। यह ग्रोथ हमारे प्रोडक्ट्स की मज़बूत मांग और ऑर्डर बुक के एफिशिएंट एग्जीक्यूशन के कारण हुई, जो हमारे व्यवसाय की ताकत और लचीलेपन को दर्शाता है। शुद्ध लाभ 53.8 प्रतिशत बढ़ गया,जो फाइनेंशियल ईयर 23 की तीसरी तिमाही में 143.2 मिलियन रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही में 220.2 मिलियन रुपये हुआ और इसके साथ ही 65.0 प्रतिशत बढ़कर, फाइनेंशियल ईयर 23 के नौ माह में 339.7 मिलियन रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 के नौ माह में 560.6 मिलियन रुपये हुआ। इससे पहले, कंपनी ने 29 जनवरी 2024 को 66.50/- प्रति शेयर की कीमत पर 2,03,74,980 शेयर्स के अलॉटमेंट को मंजूरी दी थी, जिसमें नॉन-प्रमोटर, पब्लिक कैटेगरी को इक्विटी शेयर्स के प्रेफेरेंशियल अलॉटमेंट के माध्यम से 1,354.94 मिलियन रुपये की कुल बढ़त हुई। वर्ष 1955 में इनकॉरपोरेटेड, पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड भारत के तार और केबल उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी है, जो विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर सेग्मेंट्स के लिए हाई-क्वॉलिटी प्रोडक्ट्स के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है। कंपनी खुशखेड़ा, राजस्थान और धारूहेड़ा, हरियाणा में स्थित 2 अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटीज़ के माध्यम से काम करती है। इन फैसिलिटीज़ के पास अनेक इंडियन और ग्लोबल एजेंसियों द्वारा सर्टिफिकेशन्स हैं, जो हाई क्वॉलिटी स्टैंडर्ड के साथ उनके स्ट्रिक्ट कंप्लायंस की गवाही देते हैं।


### अनंत अंबानी 10 करोड़ रुपये की गाड़ी में बैठकर शॉपिंग करने पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है। इंस्टाग्राम पर एक यूजर ने यह वीडियो पोस्ट किया है। इसमें अनंत अंबानी 10 करोड़ रुपये की गाड़ी में बैठकर दुबई में शॉपिंग करने पहुंचे। कड़ी सुरक्षा के बीच वह एक ऑरेंज रॉल्स-रॉयस कलिनन ब्लैक बेज में बैठकर दुबई मॉल में आते हैं। उनकी सुरक्षा में 20 गाड़ियों का एक काफिला है। हुरून इंडिया लग्जरी कंज्यूमर सर्वे 2023 के मुताबिक लग्जरी एसयूवी में रॉल्स-रॉयस कलिनन भारतीयों की पहली पसंद है। कंपनी ने अपनी कलिनन ब्लैक बैज कार 2020 में भारत में लॉन्च की थी। भारत में इसकी कीमत करीब 8.2 करोड़ रुपये है। टैक्स लगाकर इसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपये बैठती है। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान के पास भी यह गाड़ी है। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी 12 जुलाई को मुंबई में होनी है। पिछले महीने जामनगर में उनकी प्री-वेडिंग सेरेमनी हुई थी। इसमें दुनियाभर की कई जानी-मानी हस्तियों ने हिस्सा लिया था।


# आईफोन बनाने वाली ऐपल अब 78,000 से अधिक मकान बनाने की तैयारी में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईफोन बनाने वाली अमेरिका की दिग्गज टेक कंपनी ऐपल भारत में 78,000 से अधिक मकान बनाने की तैयारी में है। ऐपल ने पिछले ढाई साल में भारत में 150,000 डायरेक्ट जॉब पैदा किए हैं। अब ऐपल ईकोसिस्टम चीन और वियतनाम के इंडस्ट्रियल हाउसिंग के तर्ज पर भारत में भी अपने फैक्ट्री कर्मचारियों को आवासीय सुविधाएं प्रदान करने की तैयारी में है। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक ऐपल के कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफैक्चरर्स और सप्लायर्स अपने कर्मचारियों के लिए मकान बनाने की योजना बना रहे हैं। इनमें

फॉक्सकॉन, टाटा और स्ड्डह्यष्श्चद्वश्च भी शामिल हैं। ये मकान पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत बनाए जा रहे हैं। इस योजना के तहत 78,000 से अधिक यूनिट्स का निर्माण किया जाना है। इनमें से तमिलनाडु को सबसे ज्यादा करीब 58,000 मकान मिलेंगे।

तमिलनाडु में सबसे ज्यादा मकान स्टेट इंडस्ट्री प्रमोशन कॉरपोरेशन ऑफ तमिलनाडु द्वारा बनाए जा रहे हैं। टाटा ग्रुप और एसपीआर इंडिया भी घर बना रहे हैं। योजना के तहत, केंद्र सरकार 10-15 प्रतिशत फंडिंग प्रदान करेगी जबकि बाकी पैसा राज्य सरकारें और कंपनियां देंगी। अधिकारियों ने कहा कि निजी क्षेत्र को निर्माण और हैंडओवर की प्रक्रिया 31 मार्च, 2025 को खत्म होने वाले फाइनेंशियल ईयर में पूरा होने की संभावना है। एक अधिकारी ने कहा, इस योजना का मकसद एफिशियंसी में सुधार करना और खासतौर पर प्रवासी महिला कर्मचारियों को सुरक्षा प्रदान करना



है। इनमें से अधिकांश की उम्र 19 से 24 वर्ष के बीच है। अधिकारियों ने कहा कि खासकर महिलाओं के लिए एक ही लोकेशन पर इतनी बड़ी हाउसिंग योजना भारत में अपनी तरह की पहली स्कीम है। अधिकांश कर्मचारी किराये पर रहते हैं और फैक्ट्रीज तक पहुंचने के लिए उन्हें बसों में घंटों यात्रा करनी पड़ती है। चूंकि कई कर्मचारी महिलाएं हैं, इसलिए इससे सुरक्षा संबंधी समस्याएं भी पैदा होती हैं।

### फैक्ट्री के करीब मकान

अधिकारियों के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री लोकेशन सेंसिटिव है और उसे एक बड़े हवाई अड्डे के पास होना चाहिए, ताकि कार्गो को आसानी से बाहर भेजा जा सके। सरकार वर्कर्स के लिए आरामदायक हाउसिंग सुनिश्चित करना चाहती है क्योंकि उनमें से कई देश के विभिन्न हिस्सों से आते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने ईटी को बताया कि आपको यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि वर्कर्स को फैक्ट्री के करीब अच्छी क्वालिटी वाले मकान दिए जाएं। इससे उत्पादकता और काम की स्थिति में सुधार होता है। भारत में ऐपल के लिए आईफोन के सबसे बड़े सप्लायर फॉक्सकॉन को 35,000 मकान मिलेंगे। कंपनी की फैक्ट्री तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में है। फॉक्सकॉन में अभी 41,000 वर्कर्स काम करते हैं जिनमें से 75 प्रतिशत महिलाएं हैं।

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स होसुर फैसिलिटी में अपने कर्मचारियों के लिए 11,500 यूनिट बना रही है। टाटा मुख्य रूप से घरेलू उपयोग और निर्यात के लिए आईफोन इनक्लोजर्स बनाती है। ऐपल के लिए पावर एडेप्टर, इनक्लोजर और मैग्नेटिक्स बनाने वाली सेलकम 3,969 हाउसिंग यूनिट का इस्तेमाल करेगी। इस बारे में ऐपल, फॉक्सकॉन और सेलकम ने सवालों का जवाब नहीं दिया। भू-राजनीतिक तनाव के बीच अमेरिका और चीन बाजारों में सुस्ती आई है। इस कारण ऐपल भारत पर फोकस कर रही है जो दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन मार्केट है।

### विस्ट्रॉन की योजना

ऐपल ने 2017 में भारत में आईफोन का निर्माण शुरू किया और अगस्त 2021 में शुरू हुई उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना के तहत उसने प्रॉडक्शन बढ़ाया। कंपनी फॉक्सकॉन, विस्ट्रॉन और पेगाट्रॉन के जरिए अपने लेटेस्ट आईफोन मॉडल को असेंबल कर रही है और साथ ही वह भारत में ही कंपोनेंट्स बना रही है। सूत्रों का कहना है कि हाउसिंग स्कीम ऐपल की पहल पर बनाई जा रही है। साल 2020 में कर्नाटक के नरसपुरा में विस्ट्रॉन फैसिलिटी और दिसंबर 2021 में तमिलनाडु में फॉक्सकॉन कारखाने में कर्मचारियों के असंतोष के कारण कामकाज प्रभावित हुआ था। विस्ट्रॉन का मालिकाना हक अब टाटा ग्रुप के पास आ गया है। विस्ट्रॉन अपनी फैक्ट्री के करीब वर्कर्स के लिए मकान बना सकती है। कंपनी प्रत्यक्ष रूप से करीब 27,000 कर्मचारियों को रोजगार देती है।

# अनंत अंबानी 10 करोड़ रुपये की गाड़ी में बैठकर शॉपिंग करने पहुंचे



### 2020 में भारत में लॉन्च हुई थी यह गाड़ी, केवल तीन लोगों के पास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है। इंस्टाग्राम पर एक यूजर ने यह वीडियो पोस्ट किया है। इसमें अनंत अंबानी 10 करोड़ रुपये की गाड़ी में बैठकर दुबई में शॉपिंग करने पहुंचे। कड़ी सुरक्षा के बीच वह एक ओरेंज रॉल्स-रॉयस कलिनन ब्लैक बेज में बैठकर दुबई मॉल में आते हैं। उनकी सुरक्षा में 20 गाड़ियों का एक काफिला है। हुरून इंडिया लग्जरी कंज्यूमर सर्वे 2023 के मुताबिक लग्जरी एसयूवी में रॉल्स-रॉयस कलिनन भारतीयों की पहली पसंद है। कंपनी ने अपनी कलिनन ब्लैक बैज कार 2020 में भारत में लॉन्च की थी। भारत में इसकी कीमत करीब 8.2 करोड़ रुपये है। टैक्स लगाकर इसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपये बैठती है। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान के पास भी यह गाड़ी है। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी 12 जुलाई को मुंबई में होनी है। पिछले महीने जामनगर में उनकी प्री-वेडिंग सेरेमनी हुई थी। इसमें दुनियाभर की कई जानी-मानी हस्तियों ने हिस्सा लिया था। इनमें ग्लोबल पॉप आइकन रिहाना, मेटा प्लेटफॉर्म्स के बॉस मार्क जकरबर्ग और माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स शामिल थे। इस इवेंट का एक वीडियो काफी वायरल हुआ था। इसमें मार्क जकरबर्ग और उनकी पत्नी अनंत अंबानी से उनकी घड़ी के बारे में पूछ रहे थे।

# ग्वालियर एयरपोर्ट ने जिंक से ईको-फ्रेंडली निर्माण में उत्कृष्टता हासिल की



**ग्वालियर, एजेंसी।** ग्वालियर का नवनिर्मित राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट दूरदर्शी डिजाइन और योजनाबद्ध प्रोजेक्ट का प्रमाण है। इसे क्रिएटिव ग्रुप एलएलपी के प्रोफेसर चरणजीत एस शाह और आर्किटेक्ट गुरुप्रीत एस शाह के नेतृत्व में महज 16 महीने पूरा किया गया। इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन के डायरेक्टर, इंडिया डॉ. राहुल शर्मा ने देश की वृद्धि और विकास को आगे बढ़ाने में बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। सरकार के प्रयासों और उल्लेखनीय परियोजनाओं के कारण भारत में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का विस्तार देखा जा रहा है। ष्टश्वष्टऋद्ध के अनुसार, भारत को इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार के कारण सालाना सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 3 से 4 प्रतिशत नुकसान होता है। राष्ट्र के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों की दीर्घायु और सुरक्षा सुनिश्चित करने की अनिवार्यता से प्रेरित होकर, इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन अपने सभी निर्माणों में संरचनात्मक गैल्वनीकरण जैसे स्टेबल और जंग प्रतिरोध के तरीकों को अपनाने की वकालत करता है। यह एयरपोर्ट अपने बेहतरीन आर्किटेक्चर से निर्माण की उत्कृष्टता को परिभाषित करता है, जिसमें ईको-फ्रेंडली डिजाइन सुविधाओं के साथ एक नई अत्याधुनिक टर्मिनल बिल्डिंग भी शामिल है। सोलर पैनल, जिंक के ईको-फ्रेंडली गुण और रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जैसे सतत अभ्यास कम कार्बन उत्सर्जित करते हैं, जो ईको फ्रेंडली निर्माण के लिए एक नया मानकों को स्थापित करता है। एयरपोर्ट टर्मिनल में लगे जिंक पैनल की हाई रिफलेक्टिविटी कम गर्मी को सोखती है।

# एनईसीसी लिमिटेड बोर्ड ने प्रेफेरेंशिएल बेसिस पर इक्विटी शेयर्स और वारंट के अलॉटमेंट को मंजूरी दी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएसई 534615, एनएसई), डोमेस्टिक, इंटरनेशनल, कमर्शियल और इंडस्ट्रीयल माल परिवहन में लीडिंग कंपनी, ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 6,70,000 इक्विटी शेयर्स के आवंटन को मंजूरी दे दी है और 39,55,062 शेयर वारंट 10/- रुपये की फेस वैल्यू से 32.05/- कीमत पर जिसमें 22.05/- रुपये प्रति इक्विटी शेयर का प्रीमियम शामिल है, कंपनी अधिनियम, 2013, सेबी (आईसीडीआर) रेग्युलेशन और अन्य लागू कानूनों के अनुसार निजी प्लेसमेंट के आधार पर प्रेफेरेंशियल इश्यू के माध्यम से कैश कंसीडरेशन के लिए प्रमोटर्स और अन्य नॉन-प्रमोटर ग्रुप के व्यक्ति को प्रेफेरेंशियल बेसिस पर इक्विटी शेयर्स में कन्वर्टबल हैं।

इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसे गेल (इंडिया) लिमिटेड से तीन साल की अवधि के लिए 52.48 करोड़ रुपये की कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू के तहत पॉलिमर के ट्रांसपोर्टेशन के लिए ऑर्डर मिला है। कंपनी ने हाल ही में 20 करोड़




रुपये तक के निवेश के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के माध्यम से ट्रकिंग पर्पस से 20 प्रतिशत तक शेयर/प्रतिभूतियों के लिए एसजी लॉजिस्टिक मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू किया था।

अपनी स्थापना के बाद से, नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन क्लाइंट्स को फ्लेक्सिबल, रेस्पॉन्सिव और सस्ती सेवाएं प्रदान कर रहा है जिसके वे हकदार हैं। कंपनी अपने ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी सॉल्यूशंस पेश करने के लिए अपने डीप ऑपरेटिंग नॉलेज का उपयोग करती है। वेयरहाउसिंग सर्विसेज़ के साथ-साथ डोमेस्टिक, इंटरनेशनल,कमर्शियल और इंडस्ट्रीयल माल ट्रांसपोर्टेशन में विशेषज्ञता के साथ नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन ने खुद को भारत में एक लीडिंग फ्रेट (माल) फॉरवर्डिंग कंपनी के रूप में स्थापित किया है।

जो लोग सामान को एक डेस्टिनेशन से दूसरी तक ले जाना चाहते हैं, उनके लिए नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन कॉस्ट-इफेक्टिव सॉल्यूशंस देता है। इसकी सेवाओं में फ्रेट (माल) मैनेजमेंट और कस्टमाइज लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जो एक ऑटोमेटेड ईआरपी-बेस्ड सॉफ्टवेयर सिस्टम द्वारा समर्थित है। अपनी ऑपरेशनल एक्सपर्टीज़, व्यापक ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी का लाभ उठाते हुए, टीम नेपाल, भूटान और भारत में राष्ट्रव्यापी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज़ प्रदान करने के लिए समर्पित है।

वर्तमान में, नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनईसीसी) पार्ट ट्रक लोड फुल ट्रक लोड बल्क मूवमेंट, ओडीसी मूवमेंट्स, वेयरहाउसिंग और 3पीएल सहित सेवाएं प्रदान करता है। अपने पार्ट ट्रक लोड के साथ नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड भारत भर के विभिन्न स्थानों से देश के पूर्वी और उत्तरपूर्वी क्षेत्रों तक माल और छोटे पार्सल (<50 किग्रा) की आवाजाही की सुविधा प्रदान करता है। यह सेग्मेंट कंपनी के प्रमुख व्यवसाय का प्रतिनिधित्व करता है, साथ ही यह नेटवर्क डेंसिटी और सेवाक्षमता के मामले में पूरे क्षेत्र में अग्रणी खिलाड़ी होने पर गर्व करता है। अपने पूर्ण ट्रक लोड में, नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड इस सेवा को प्रमुख कॉर्पोरेट ग्राहकों तक विस्तारित करता है, जिससे क्लाइंट्स की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार ट्रकों को किसी ओरिजिन से किसी भी डेस्टिनेशन तक ट्रांसपोर्ट करने की सुविधा मिलती है।

# मोदी की गारंटी का असर! भारत का मार्केट कैप पहली बार 400 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नए हफ्ते के पहले दिन शेयर मार्केट में शानदार तेजी दिख रही है। शुक्रवार को अमेरिकी शेयर बाजारों में तेजी और आईटी तथा ऑटो शेयरों में तेजी के दम पर बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी बाजार खुलते ही नए शिखर पर पहुंच गए। सेंसेक्स 400 अंक से अधिक तेजी के साथ 74,658 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 100 अंक से अधिक उछलकर 22,623 अंक पर पहुंच गया। इसके साथ ही भारत का मार्केट कैप पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। पिछले नौ महीने में इसमें 100 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। पिछले साल पांच जुलाई को भारत का मार्केट कैप 300 लाख करोड़ रुपये पहुंचा था। उसके बाद से निफ्टी में 16 फीसदी तेजी आई है। भारत का मार्केट कैप 2007 में 50 लाख करोड़ पहुंचा था जबकि 2014 में यह पहली बार 100 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा था। इसमें 200 लाख करोड़ रुपये का स्तर फरवरी 2021 में छुआ था।

पिछले एक साल में खासकर पीएसयू शेयरों में काफी तेजी देखने को मिली है। मोदी की गारंटी और सरकार के कैपेक्स को बढ़ावा देने से निवेशकों ने सरकारी कंपनियों के शेयरों को हाथोंहाथ लिया है।




पिछले 12 महीने में निफ्टी पीएसई और निफ्टी सीपीएसई में 100 फीसदी से ज्यादा तेजी आई है जबकि निफ्टी पीएसयू बैंक करीब 95 फीसदी चढ़ा है। सोमवार को शुरुआती कारोबार में निफ्टी के 50 शेयरों में से 41 में तेजी दिख रही है। बीपीसीएल, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व और टाइटन कंपनी में सबसे ज्यादा तेजी आई है जबकि अडानी पोर्ट्स, अपोलो हॉस्पिटल्स, विप्रो, दिवीज लैबोरेटरीज और एचडीएफसी बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट आई है।

### किन शेयरों में रही तेजी

सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 307.22 अंक की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 74,555.44 अंक पर खुला जबकि निफ्टी 79.6 अंक चढ़कर 22,593.30 अंक पर खुला। सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो एनर्जी, रियल्टी और मेटल्स शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी आई है। निफ्टी के 15 सेक्टोरल इंडेक्सेज में से 12 तेजी के साथ ट्रेड कर रहे हैं। निफ्टी ऑयल एंड गैस और निफ्टी रियल्टी में एक फीसदी से ज्यादा तेजी आई है। ऑटो और आईटी में भी खरीदारी दिख रही है। लेकिन बैंकिंग शेयरों में खासकर पब्लिक सेक्टर बैंकों में गिरावट दिख रही है। निफ्टी बैंक 0.09 फीसदी गिरावट के साथ 48,448 अंक पर ट्रेड कर रहा था। जानकारों का कहना है कि इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल वैश्विक रुझानों, व्यापक आर्थिक आंकड़ों और कंपनियों के तिमाही नतीजों से प्रभावित होगी। ईद-उल-फितर के मौके पर गुरुवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। कारोबारियों ने बताया कि विदेशी निवेशकों का रुख, रुपये-डॉलर के रुझान और कच्चे तेल की कीमतें भी उतार-चढ़ाव से भी बाजार की दिशा तय होगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख संतोष मीना ने कहा कि भारतीय कंपनियां इस सप्ताह चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों की घोषणा शुरू करेंगी। इस क्रम में आईटी सेवा कंपनी टीसीएस सबसे पहले अपने नतीजे घोषित करने वाली है। टीसीएस के नतीजे 12 अप्रैल को जारी होंगे। भारत के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी 12 अप्रैल को घोषित किए जाएंगे और इसी दिन मार्च के लिए महंगाई के आंकड़े भी आएंगे। पिछले हफ्ते बीएसई बेंचमार्क 596.87 या 0.81 फीसदी चढ़ गया। सूचकांक चार अप्रैल को 74,501.73 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

# ओल्ड टैक्स रिजीम का लाभ लेने के लिए भर दें आईटीआर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त वर्ष 2023-24 (एसेसमेंट ईयर 2024-25) के लिए आयकर रिटर्न भरने वाले करदाता सचेत रहें। जो करदाता पुरानी कर व्यवस्था को अपना कर आईटीआर भरना चाहते हैं, उन्हें हर हाल में 31 जुलाई तक रिटर्न दाखिल करना होगा। इसमें चूकने पर पुरानी व्यवस्था का लाभ नहीं मिलेगा और नई प्रणाली के आधार पर आयकर की गणना की जाएगी। एक अप्रैल 2024 से आकलन वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न भरने की शुरुआत हो गई है। इसमें आईटीआर दाखिल करने के नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। इसके तहत जो करदाता बिना जुर्माना चुकाए 31 जुलाई 2024 तक की अंतिम समयसीमा के भीतर आयकर रिटर्न दाखिल करेंगे, उन्हें ही पुरानी कर व्यवस्था का लाभ दिया जाएगा। इसके बाद न्यू टैक्स रिजीम की डिफॉल्ट प्रणाली लागू हो जाएगी।

### विलंबित आईटीआर में लाभ नहीं मिलेंगे

गौरतलब है कि 31 जुलाई की समयसीमा समाप्त होने के बाद टैक्सपेयर्स को जुर्माने के साथ विलंबित आईटीआर दाखिल करने का मौका दिया जाता है। इसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर होती है। अगर कोई करदाता इस अवधि में आईटीआर दाखिल करता है तो उस पर न्यू




टैक्स रिजीम के अनुसार आयकर देय होगा। उसे पुरानी व्यवस्था में मिलने वाली कर छूट और अन्य कटौतियों का लाभ भी नहीं मिलेगा। इससे बचने के लिए कर विशेषज्ञों ने 31 जुलाई तक रिटर्न दाखिल करने की सलाह दी है।

### टैक्स सिस्टम का चयन जरूरी

आयकर कानून के अनुसार, न्यू टैक्स रिजीम डिफाल्ट व्यवस्था है यानी करदाता के लिए यह पहले से ही लागू है। यदि कोई वेतनभोगी करदाता ओल्ड टैक्स रिजीम को चाहता है तो उसे नए वित्त वर्ष की शुरुआत में अपने नियोक्ता को इस संबंध में सूचित करना होगा।

अजय जडेजा ने कहा

## रवि बिश्नोई ने कैच नहीं मैच लपका



**लखनऊ, एजेंसी ।** लखनऊ ने रविवार को गुजरात पर 33 रन से जीत हासिल की। पूर्व क्रिकेटर ब्रेट ली और अजय जडेजा ने यश ठाकुर (5/30) के गेंदबाजी स्पैल और केन विलियमसन का शानदार कैच लेने के लिए रवि बिश्नोई की जम कर सराहना की। आईपीएल 2024 में अब तक कई बेहतरीन कैच देखने को मिले हैं। रविवार को इस लिस्ट में एक और जबरदस्त कैच जुड़ गया। ये कारनामा रवि बिश्नोई ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ किया और पलक झपकते ही केन विलियमसन को डगआउट की राह दिखा दी। जडेजा ने इस शानदार कैच के लिए स्पिनर रवि बिश्नोई की सराहना की। उन्होंने कहा, हमने बिश्नोई को कुछ बड़े कैच लेते देखा है, लेकिन विलियमसन का उन्होंने जो कैच पकड़ा, वो बेहद मुश्किल था। ऐसा लगा जैसे उन्होंने सिर्फ कैच नहीं लिया बल्कि मैच पकड़ लिया। यह कैच लेना किसी भी गेंदबाज के लिए आसान नहीं है। यह इतना महत्वपूर्ण कैच था जिसने मैच पलट दिया। जडेजा ने यश ठाकुर की तारीफ करते हुए कहा, शुभमन गिल का पहला विकेट जो उन्होंने लिया वह सबसे महत्वपूर्ण था और अंत में उन्होंने जो विकेट लिए वह बोनस थे। बीच के ओवरों में क्रुणाल पांड्या के तीन विकेट लेने से एलएसजी ने खुद को मजबूत स्थिति में पाया। इसके बाद एक बार फिर ठाकुर एक्शन में आए और अपनी टीम की जीत पक्की की। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने भी यश ठाकुर की दमदार गेंदबाजी की सराहना की।

## कौन हैं 25 साल के यश ठाकुर... कभी बनना चाहते थे विकेटकीपर

### अब आईपीएल में गेंद से मचाया गदर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के मैच नंबर-21 में लखनऊ सुपर जायंट्स ने गुजरात टाइटन्स को 33 रनों से करारी शिकस्त दी. रविवार (7 अप्रैल) को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकानाम स्टेडियम में खेले गए इस मैच में मेजबान टीम ने 164 रनों का टारगेट सेट किया था. जिसके जवाब में गुजरात टाइटन्स की टीम 130 रनों पर ही सिमट गई. लखनऊ सुपर जायंट्स की जीत के हीरो तेज गेंदबाज यश ठाकुर रहे, जिन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए 30 रन देकर 5 विकेट झटके. आईपीएल 2024 में पहली बार किसी गेंदबाज ने पांच विकेट लिए. यश ने अपने पहले ही ओवर में गुजरात के कप्तान शुभमन गिल को बोल्ड किया. इसके बाद जब यश को दोबारा गेंदबाजी मोर्चे पर लगाया गया, तो उन्होंने डबल विकेट मेडन ओवर फेंका. हालांकि यश को अपने तीसरे ओवर में कोई सफलता नहीं मिली. मगर आखिरी ओवर में उन्होंने दो विकेट लेकर ना सिर्फ पंजा खोला, बल्कि टीम को भी जीत दिला दी. यश ठाकुर ने शुभमन गिल के अलावा विजय शंकर, राशिद खान, राहुल तेवतिया और नूर अहमद के विकेट चटाकाए. यश ठाकुर का ये प्रदर्शन काफी मायने रखता है. इस मैच के दौरान लखनऊ के तेज गेंदबाज मयंक यादव इजर्ड हो गए थे, ऐसे में उनपर ही विकेट लेने की जिम्मेदारी आ गई थी. यश ने अपनी टीम के भरोसे पर खरे उतरते हुए धांसू प्रदर्शन किया. मयंक और मोहसिन खान जैसे तेज गेंदबाजों की इंजरी के चलते लखनऊ की टीम यश ठाकुर से आने वाले मैचों में भी धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद कर रही होगी ।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम को 4-2 से हराया

**पर्थ, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम यहां पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के अपने दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-4 से हार गई। भारत सीरीज में 0-2 से पिछड़ गया है। उसे पहले मैच में 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था। ऑस्ट्रेलिया के लिए जेरेमी हेवर्ड (6, 34), जैकब एंडरसन (42) और नाथन एफ्राम्स (45) ने गोल किये , जबकि भारत के लिए जुगराज सिंह (9) और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (30) ने एक-एक गोल किया। मैच की शुरुआत भारत ने आक्रामक की और ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस को पूरी चुनौती दी। हालांकि, मेजबान टीम के लिए जेरेमी हेवर्ड (6) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया और टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। वहीं, भारत ने शुरुआत में कई मौके गंवाए। भारत ने जवाबी हमलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपनी रणनीति में थोड़ा बदलाव किया, जिसका टीम को फायदा मिला और जुगराज सिंह (9) ने एक बेहतरीन पेनल्टी कॉर्नर के साथ स्कोर बराबर कर दिया। कुछ ही समय बाद, अभिषेक के पास



भारत को बढ़त दिलाने का सुनहरा मौका था क्योंकि उन्होंने खुद को डी क्षेत्र के अंदर एक मजबूत स्थिति में रखा और उन्हें केवल गोलकीपर को छकाना था, लेकिन उनका शक्तिशाली शॉट लक्ष्य से थोड़ा चूक गया। पहला क्वार्टर 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरे क्वार्टर के दौरान, दोनों टीमों ने अपनी आक्रामक गति बनाए रखी और लगातार एक-दूसरे की डिफेंस को चुनौती दी। हालांकि, यह भारत ही था जिसने हाफ टाइम से पहले से दूसरा गोल दागा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह (30) ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए पेनल्टी कॉर्नर को सटीकता और ताकत से गोल में तब्दील कर स्कोरलाइन को अपनी टीम के पक्ष में 2-1 कर दिया। खेल में अपनी स्थिति फिर से हासिल करने के लक्ष्य के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्वार्टर में अपना आक्रमण तेज़ कर दिया। उनके प्रयास सफल रहे क्योंकि जेरेमी हेवर्ड (34) ने पेनल्टी कॉर्नर से मैच का अपना दूसरा गोल किया। इसके बाद, जैकब एंडरसन (42) ने मेजबान टीम को 3-2 की बढ़त दिला दी। अंतिम क्वार्टर की समाप्ति से ठीक पहले, नाथन एफ़्रैम्स (45) ने ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को 4-2 तक बढ़ा दिया। भारत ने वापसी के लिए ऑस्ट्रेलिया पर पूरा जोर लगाया और बार-बार गोल के करीब पहुंचे।हालांकि, भारत के लगातार हमलों के बावजूद ऑस्ट्रेलिया का डिफेंस मजबूत रहा और भारत की हर कोशिश नाकाम कर दी। भारत दौरे के अपने तीसरे मैच में 10 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।

# दिल्ली के खिलाफ जीत के साथ MI ने रचा इतिहास

## टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली टीम बनी




**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस की टीम ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टी20 क्रिकेट की 150वीं जीत दर्ज की। अब तक कोई भी टीम दुनिया में ऐसा नहीं कर पाई है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर चेन्नई सुपर किंग्स है जिसने टी20 क्रिकेट में 148 मैच जीते हैं। वहीं, तीसरे स्थान पर भारतीय टीम 144 मैचों में जीत के साथ बनी है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत के साथ मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के 17वें सीजन में अपनी जीत का खाता खोल लिया। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में मुंबई इंडियंस ने दमदार प्रदर्शन किया। टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 234 रन बनाए। इसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स आठ विकेट गंवाकर सिर्फ 205 रन बना सकी। मुंबई ने 29 रन से जीत हासिल कर इतिहास रच दिया।

**डेथ ओवर्स में डेविड-शेफर्ड ने लूटे 96 रन** - एक वक्त मुंबई का स्कोर 17 ओवर में चार विकेट पर 167 रन था और ऐसा लग रहा था कि टीम 200-210 के स्कोर पर पहुंच पाएगी। हालांकि, डेथ ओवर में टिम डेविड (45 रन*) और रोमारियो शेफर्ड (39 रन*) की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत मुंबई इतने विशाल स्कोर तक पहुंच पाया। इन दोनों की बल्लेबाजी की बदौलत मुंबई ने आखिरी पांच ओवर में 96 रन बनाए।

**टी20 क्रिकेट में जीता 150वां मैच** - मुंबई इंडियंस की टीम ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टी20 क्रिकेट की 150वीं जीत दर्ज की। अब तक कोई भी टीम दुनिया में ऐसा नहीं कर पाई है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर चेन्नई सुपर किंग्स है जिसने टी20 क्रिकेट में 148 मैच जीते हैं। वहीं, तीसरे स्थान पर भारतीय टीम 144 मैचों में जीत के साथ बनी है।

### टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक मैच जीतने वाली टीमें

मुंबई इंडियंस - 150
चेन्नई सुपर किंग्स - 148
भारतीय टीम - 144
लंकाशायर - 143
नॉटिंघमशायर - 143

मुंबई ने 200+ स्कोर की लगाई झड़ी

यह आईपीएल में मुंबई का 24वां 200+ का स्कोर रहा। वह इस मामले में संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर आ गया है। मुंबई के अलावा बेंगलुरु ने भी 24 बार ही आईपीएल में 200+ का स्कोर बनाया है। इस लिस्ट में शीर्ष पर चेन्नई सुपर किंग्स की टीम है। उसने 29 बार ऐसा किया है। वहीं, किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा बार 200+ के स्कोर के मामले में मुंबई ने बेंगलुरु की बराबरी की। आरसीबी ने जहां पंजाब किंग्स के खिलाफ छह बार ऐसा किया है, वहीं, मुंबई ने दिल्ली के खिलाफ आईपीएल में छह बार 200+ का स्कोर बनाया है।

### आईपीएल में सर्वाधिक 200+ का स्कोर

29 बार- चेन्नई सुपर किंग्स
24 बार- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
24 बार- मुंबई इंडियंस
22 बार- पंजाब किंग्स
21 बार- कोलकाता नाइट राइडर्स

## यश की आंधी में उड़ा गुजरात

### घातक गेंदबाजी से लिया इस सीजन का पहला फाइफर, ऐसा करने वाले दूसरे गेंदबाज



आईपीएल में लखनऊ के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन

| गेंदबाज | विरोधी टीम | सीजन |
| --- | --- | --- |
| मार्क वुड (5/14) | दिल्ली कैपिटल्स | 2023 |
| यश ठाकुर (5/30) | गुजरात टाइटंस | 2024 |
| मोहसिन खान (4/16) | दिल्ली कैपिटल्स | 2022 |
| आवेश खान (4/24) | सनराइजर्स हैदराबाद | 2022 |

**लखनऊ, एजेंसी।** इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में यश ठाकुर ने पंजा खोला। उन्होंने 3.5 ओवर में 30 रन खर्च किए और पांच विकेट हासिल किए। मौजूदा सीजन में किसी गेंदबाज द्वारा हासिल किया गया यह पहला फाइव विकेट हॉल है। उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 37 रन देकर चार विकेट रहा था। यह कारनामा उन्होंने पिछले सीजन में पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मैच में किया था। लखनऊ सुपर जाएंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच रविवार को आईपीएल 2024 का 21वां मुकाबला खेला गया। इस मैच में लखनऊ के यश ठाकुर ने घातक गेंदबाजी की। उन्होंने अपने करियर का पहला फाइफर हासिल किया। लखनऊ की लगातार तीसरी जीत में युवा गेंदबाज का अहम योगदान रहा। उन्होंने अपनी कातिलाना गेंदबाजी से गुजरात का बल्लेबाजी क्रम तहस-नहस कर दिया। इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में यश ठाकुर ने पंजा खोला। उन्होंने 3.5 ओवर में 30 रन खर्च किए और पांच विकेट हासिल किए। मौजूदा सीजन में किसी गेंदबाज द्वारा हासिल किया गया यह पहला फाइव विकेट हॉल है। उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 37 रन देकर चार विकेट रहा था। यह कारनामा उन्होंने पिछले सीजन में पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मैच में किया था।

### यश के तूफान में उड़ा लखनऊ का खेमा

अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मार्कस स्टोइनिस के अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 163 रन बनाए। इसके जवाब में गुजरात की टीम सिर्फ 130 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। यश ठाकुर ने शुभमन गिल (19), विजय शंकर (17), राशिद खान (0), राहुल तेवतिया (30), नूर अहमद (04) को आउट किया। उनकी आंधी में गुजरात का खेमा पूरी तरह से उड़ गया। वहीं, क्रुणाल पांड्या ने तीन जबकि नवीन-उल-हक और रवि बिश्नोई ने एक-एक शिकार किया।

# मुंबई इंडियंस ने जीत के साथ बनाया अद्भुत कीर्तिमान, केकेआर और सीएसके रह गए पीछे

**मुंबई, एजेंसी।** हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस ने आखिरकार इस साल के आईपीएल में अपना पहला मुकाबला जीत लिया है। लगातार तीन हार के बाद ये जीत नसीब हुई है, इसलिए और भी ज्यादा अहम हो जाती है। अपने घर पर यानी वानखेड़े स्टेडिय में मुंबई को पिछले मैच में हार मिली थी, लेकिन उसी जगह टीम ने हार का सिलसिला भी तोड़ दिया है। इसके साथ ही एमआई ने ऐसा नया कीर्तिमान बना दिया है, जो काम अब तक केकेआर और सीएसके भी नहीं कर पाई हैं।

**मुंबई इंडियंस की वानखेड़े स्टेडियम में ये आईपीएल की 50वीं जीत** - दरअसल मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जो जीत दर्ज की है, वो उसकी इस मैदान पर 50वीं जीत भी है। इससे पहले टीम ने 49 मैच जीते थे। मुंबई इंडियंस के अलावा और कोई भी टीम ऐसी नहीं है, जो अपने होम ग्राउंड



पर इतने मैच जीतने में कामयाब रही हो। यहां ये ध्यान रखने की बात है कि जो 50 जीत का जिक्र हम कर रहे हैं, उसमें सुपर ओवर की जीत भी शामिल है।

**केकेआर और सीएसके का नंबर इसके बाद** - इस मामले में दूसरे स्थान पर केकेआर यानी कोलकाता नाइटराइडर्स है। केकेआर ने आईपीएल के इतिहास में अपने होम ग्राउंड यानी कोलकाता के ईडन गार्डेंस में कुल 48 मैच जीतने में सफलता हासिल की है। वहीं 5 बार आईपीएल का खिताब जीत चुकी, चेन्नई सुपरकिंग्स ने अपने होम ग्राउंड चेन्नई चेपॉक स्टेडियम में अब तक आईपीएल मे 47 मैच जीते हैं। आरसीबी की टीम यहां भी फिसड्डी है। टीम ने अपने घर एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर 41 मैच ही जीते हैं। राजस्थान रॉयल्स यानी आरआर की टीम अपने घर जयपुर के सवाईमान? सिंह स्टेडियम में अब तक 36 मैच जीत चुकी है।

# दिनेश कार्तिक को सीएसके में नहीं खेल पाने का मलाल, 16 सालों का दर्द छलका तो मुंबई इंडियंस के लिए भी कही...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल का 17वां सीजन जारी है. कई खिलाड़ी इस लीग से रिटायर हो चुके हैं. वहीं कुछ खिलाड़ी ऐसे भी हैं, जो शायद अगले सीजन में खेलते हुए न दिखें. इस लीस्ट में सबसे पहला नाम चेन्नई सुपर किंग्स के महान खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी का आता है. उनके अलावा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिनेश कार्तिक भी उन्हीं खिलाड़ियों में से एक हैं. बता दें कि कार्तिक पहले सीजन से ही आईपीएल में खेल रहे हैं. उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन के पॉडकास्ट 'कुट्टी स्टोरीज' में अपनी क्रिकेटिंग और आईपीएल करियर को लेकर बात की. इस दौरान उन्होंने अपने 16 साल के दर्द को बयां किया. कार्तिक ने अश्विन के यूट्यूब चैनल पर बताया कि उन्हें अपने क्रिकेटिंग को लेकर बहुत ज्यादा मलाल नहीं है. लेकिन 2013 में मुंबई इंडियंस के रिटेंशन को छोड़ना और



चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नहीं खेल पाना उनके करियर के दो सबसे बड़े रिग्रेट्स हैं. बता दें कि छ्य ने 2012 और 2013 का ढ्ढक्क सीजन मुंबई के लिए खेला था. 2013 में ही मुंबई ने अपनी पहली ट्रॉफी जीती थी, जिसका वे हिस्सा भी थे. इसके बावजूद उन्होंने मुंबई की रिटेंशन ऑफर को ठुकरा दिया छोड़ और 2014 की ऑक्शन में गए, जहां दिल्ली डेयरडेविल्स ने उनके लिए फाइनल बोली लगाई थी ।

**कार्तिक ने मुंबई इंडियंस की जमकर की तारीफ** - कार्तिक ने अश्विन के पॉडकास्ट पर मुंबई इंडियंस के ईको सिस्टम की जमकर तारीफ की. उन्होंने बताया कि रणजी ट्रॉफी के दौरान भी आप स्ढ्ढ से प्रेक्टिस के लिए कह सकते हैं. वो तुरंत आपको कोच, बॉल, बॉलर्स, साइडआर्मर, स्टे के लिए होटल, फ्लाइट टिकट आपको जो चाहिए हर चीज दे देंगे. उन्होंने ऐसा ईकोसिस्टम तैयार किया है, जहां खिलाड़ी अपने स्किल्स को बेहतर तरीके से बढ़ा सकता है. अगर मैं वहां रुका होता तो एक खिलाड़ी के तौर पर और भी बेहतर हो सकता था ।

**सीएसके से नहीं खेलने का मलाल** - कार्तिक ने अश्विन के साथ अपना एक और दर्द बयां किया. उन्होंने बताया कि चेन्नई के लिए न खेल पाने का उन्हें बहुत मलाल है. कार्तिक ने ष्टस्द्म से नहीं जुड़ पाने के पीछे की कहानी भी बताई. डीके ने खुलासा किया कि ढ्ढक्क के पहले सीजन में उन्हें यकीन था कि चेन्नई उन्हें पक्का खरीदेगी. ऐसा इसलिए क्योंकि पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीबी चंद्रशेखर चेन्नई की टीम का हिस्सा थे. रणजी ट्रॉफी, इंडिया ए और नेशनल टीम में भी उन्होंने ही कार्तिक को सिलेक्ट किया था. कार्तिक के लिए हमेशा ही उनके मन एक सॉफ्ट कॉर्नर रहा था. कार्तिक ने आगे बताया कि जब ष्टस्द्म ने महेंद्र सिंह धोनी के लिए बोली लगाई तो वो समझ गए थे अब वो इस टीम का हिस्सा नहीं बन सकते ।

आईपीएल 2024 के बीच सामने आई बड़ी खबर

# मार्श पर मंडराया लीग से बाहर होने का खतरा !



आईपीएल 2024 में अभी तक 21 मैचों का खेल पूरा हो गया है। सभी टीमों ने कम से कम 3-3 मैच खेल लिए हैं। इसी बीच एक टीम के खेमे से एक बड़ी खबर सामने आई है। ये खबर दिल्ली कैपिटल्स की टीम से जुड़ी हुई है। दिल्ली कैपिटल्स का एक स्टार खिलाड़ी चोट से जूझ रहा है। ये खिलाड़ी आने वाले मैचों में खेलता हुआ दिखाई नहीं देखा। वहीं, इस खिलाड़ी पर सीजन से बाहर होने का खतरा भी मंडरा रहा है।

**आईपीएल 2024 के बीच दिल्ली कैपिटल्स की बढ़ी टेंशन** - आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए अभी तक कुछ भी अच्छा नहीं हुआ है। टीम 4 मैच हारकर प्वॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे चल रही है। वहीं, अब स्टार खिलाड़ी मिचेल मार्श की चोट ने टीम की टेंशन बढ़ा दी है। मिचेल मार्श हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे हैं। वह इस चोट के चलते मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मैच का हिस्सा नहीं बने थे। अब खबर सामने आई है कि वह कम से कम एक और हफ्ते टीम से बाहर रहने वाले हैं।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 09 अप्रैल, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### श्रमिकों के कामकाजी घंटों में कटौती की सिफारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसम विभाग ने इस बार जल्दी भीषण गर्मी शुरू होने की चेतावनी दी है। ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि खेती, निर्माण और अन्य क्षेत्रों में खुले इलाके में काम करने वाले श्रमिकों के काम करने के घंटे कम किए जाएं। आईआईटी गांधीनगर में सिविल इंजीनियरिंग और अर्थ साइंस विभाग के प्रमुख विमल मिश्रा ने कहा, कि ऐसी परिस्थितियों में गहन श्रम करने से शरीर की गर्मी उस स्तर तक बढ़ सकती है जहां यह मृत्यु का कारण भी बन सकती है। निर्वाचन आयोग ने युवा और शहरी मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए इंटरनेट मीडिया के विभिन्न मंचों पर अभियान शुरू किया है।

### बिलासपुर में रेलवे महिला अधिकारी ने की आत्महत्या, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में रेलवे में पदस्थ एक महिला अधिकारी के आत्महत्या का मामला सामने आया है। बिलासपुर रेलवे में कमर्शियल इंस्पेक्टर के पद पर तैनात महिला अधिकारी ने अपने घर में खुदकुशी कर ली है। जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा करने के बाद मर्करी में रखवा दिया है। इस आत्महत्या के मामले को लेकर पुलिस जांच में जुट गई है।

यह मामला बिलासपुर जिले के तोरवा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। एनी कॉलोनी में रहने वाली विनीता साहनी नाम की महिला ने अपने घर में आत्महत्या कर ली है। यह मामला शनिवार का बताया जा रहा है जब विनीता ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी की है। बतादे कि विनीत रेलवे में कमर्शियल इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थी। शनिवार की शाम करीब 4 जब उसकी 8 साल की बेटी ने उसे आवाज लगाई और जब उसने काफी समय के बाद भी दरवाजा नहीं खोला तब बच्ची ने अपने पड़ोसियों को इस बात की जानकारी दी। बच्ची के द्वारा दी गई जानकारी के बाद किसी तरह पड़ोसियों की मदद से दरवाजे को खोला गया। दरवाजा खुलने के बाद जब लोग अंदर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि विनीता ने सुसाइड कर लिया है। इसके बाद लोगों ने फौरन इसकी सूचना पुलिस को दी है।? सूचना मिलने के बाद तोरवा थाना क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल के मरचुरी में रखवा दिया है। वही इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए तोरवा थाना के प्रभारी ने बताया कि रेलवे में काम करने वाली महिला ने अपने घर में खुदकुशी कर ली है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच करते हुए शव का पंचनामा कर लिया है। वहीं इस पूरी घटना में किसी प्रकार से सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम और जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस की माने तो मृतक महिला, उसका पति और उसकी बच्ची तीनों एक साथ रहते थे। विनीता की शादी 10 साल पहले ओब्राहम हेल से हुई थी। विनीता का पति सिरगिट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत हेमू नगर में जिम चलता है। फिलहाल पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

### कांग्रेस के एक और बागी विधायक ने मुख्यमंत्री सुक्खू को भेजा नोटिस

**शिमला, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व विधायक सुधीर शर्मा के हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को मानहानि का नोटिस भेजने के दो दिन बाद एक और बागी विधायक राजेंद्र राणा ने भी रविवार को उन्हें ऐसा ही नोटिस भेजा है। मुख्यमंत्री ने कहा था कि 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी हर्ष महाजन के पक्ष में वोट करने वाले कांग्रेस के छह बागी विधायकों और तीन निर्दलीय विधायकों समेत नौ विधायकों ने अपनी आत्मा बेच दी और उन्होंने अपने भाषणों में कांग्रेस विधायकों की तुलना 'काले नागों' से की थी। सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में गुरुवार को एक रैली में आरोप लगाया था कि कांग्रेस के बागी विधायक 'भ्रष्ट' हैं और वे जेल में जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के छह बागी और तीन निर्दलीय 15-15 करोड़ रुपये में बिक गए। राणा ने भी दावा किया कि मुख्यमंत्री सुक्खू चंडीगढ़ में अपनी सुरक्षा को दरकिनार करते हुए हिमाचल भवन में मुख्यमंत्री के कमरे (सुइट) में रुकने के बजाय हमेशा रात को पांच सितारा होटल में ठहरते हैं।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर चेकिंग के दौरान परमाणु बम बोलना पड़ा महंगा

## गुजरात के 2 कारोबारी गिरफ्तार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे (आईजीआई एयरपोर्ट) पर दो यात्रियों द्वारा सुरक्षा कर्मियों को कथित तौर पर परमाणु बम की धमकी देने का मामला सामने आया है। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने दोनों युवकों को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। गिरफ्तार किए गए दोनों यात्रियों की पहचान जिग्नेश मालन और कश्यप कुमार लालानी के रूप में हुई है। यह घटना 5 अप्रैल की है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

दिल्ली पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, आईजीआई एयरपोर्ट पर तलाशी के दौरान सुरक्षा कर्मचारियों को परमाणु बम की धमकी देने के आरोप में दो यात्रियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों यात्रियों के खिलाफ आईजीआई एयरपोर्ट थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

दरअसल, अकासा एयरलाइंस के सिक्योरिटी सुपरवाइजर राहुल शर्मा ने 5 अप्रैल 2024 को आईजीआई एयरपोर्ट थाने में अकासा एयर फ्लाइट क्यूपी-1334 में यात्रा कर रहे दो यात्रियों के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई थी। सुरक्षा लैंडिंग प्रक्रिया जांच (एसएलपीसी) के दौरान जिग्नेश मालन और कश्यप कुमार लालानी ने सुरक्षा जांच पर नाराजगी जताई थी। दोनों ने ही बार-बार जांच करने पर सवाल उठाया था। जांच में लगे कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा प्रोटोकॉल का हवाला देने के बावजूद दोनों यात्री भड़क गए और एक ने कथित तौर पर कहा कि वे परमाणु बम ले जा रहे थे।

कथित सुरक्षा खतरे को मद्देनजर रखते हुए सभी यात्रियों और विमान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दोनों यात्रियों को विमान से उतारने का निर्णय लिया गया। शिकायत और उसके बाद की जांच के आधार पर 5 अप्रैल 2024 को इनके खिलाफ आईपीसी की धारा 182/505 (1) (बी) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। उनकी गिरफ्तारी के बाद दोनों यात्रियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया और मामले की जांच जारी है।

दिल्ली पुलिस की आगे की जांच में पता चला कि दोनों यात्री कश्यप कुमार लालानी और जिग्नेश मालानी गुजरात के राजकोट में कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री में बिजनेस कॉन्ट्रैक्टर है। वे दोनों कारोबार के सिलसिले में दिल्ली के द्वारका आए थे।

## एल्विश यादव ने मोबाइल फोन से अहम डेटा डिलीट किया, कोबरा कांड में नया खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोबरा कांड में फंसे यूट्यूबर एल्विश यादव की मुश्किलें अभी कम होती नहीं दिख रही हैं। नोएडा पुलिस ने अब एल्विश और उसके साथी विनय और ईश्वर के मोबाइल फोन को गाजियाबाद के निवाणी स्थित फोरेंसिक साइंस लैब में भेजा है। तीनों ने मोबाइल फोन से कुछ ऐसे डेटा डिलीट किए गए हैं, जो इस मामले में काफी अहम हैं। उन्होंने चैट के अलावा कई तस्वीरें और वीडियो भी डिलीट किए हैं। एल्विश यादव पर रेव पार्टी करने और उसमें सांपों का जहर पहुंचाने का आरोप है। माना जा रहा है कि फोन का डेटा रिकवर होते ही एल्विश समेत सभी आरोपियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पीपुल्स फॉर एनिमल (पीएफए) संस्था के पदाधिकारी ने बीते साल एल्विश यादव और उसके साथियों पर सांपों के जहर का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज कराया था। संस्था के सदस्य ने एक स्टिंग ऑपरेशन किया था। इसमें नौ सांप और 20 एमएल सांपों का जहर पांच सपेरों के पास मिला था। सभी को जेल भेज दिया गया।

**सांपों के लिए वर्चुअल नंबर से कॉल करता था एल्विश यादव, चार्जशीट में क्या-क्या आरोप:** पीएफए के पदाधिकारी का एक ऑडियो इसके बाद वायरल हुआ, जिसमें मुख्य आरोपी राहुल संस्था के पदाधिकारी से बात कर रहा है। इसमें राहुल यह कह रहा है कि वह एल्विश की ओर से आयोजित होने वाली पार्टियों में शामिल हो चुका है। राहुल पार्टियों में अपने अन्य सपेरे दोस्तों के साथ गया था। हालांकि, बाद में सभी को जमानत मिल गई। पुलिस ने पर्याप्त सबूत मिलने के बाद मार्च में एल्विश यादव को नोटिस देकर पूछताछ के लिए दोबारा बुलाया।

## जेएनयू के पूर्व छात्र ने दिल्ली हाईकोर्ट में जीती कानूनी जंग, 12 साल बाद फिर मिला पढ़ने का हक





**नई दिल्ली, एजेंसी।** रैगिंग के आरोप में निष्कासित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र को 12 साल लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद अब इंसाफ मिला है। दिल्ली हाईकोर्ट ने जेएनयू के कृत्य को छात्र के प्रति गैरकानूनी करार दिया। साथ ही, आदेश दिया कि संस्थान छात्र को उसका कोर्स यानी एमसीए पूरा करने के लिए उचित कदम उठाए।

जस्टिस सी हरीशंकर की बेंच ने छात्र की याचिका को न्यायसंगत मानते हुए कहा कि जेएनूय ने प्राकृतिक न्याय और निष्पक्ष प्रणाली के सिद्धांतों का मजाक उड़ाया है। जेएनयू प्रशासन ने पहले से तय मंशा से छात्र के खिलाफ कार्रवाई की। इससे छात्र मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) का कोर्स भी पूरा नहीं कर पाया।

**स्कूल में फेल 5वीं क्लास का छात्र कोर्ट से हुआ पास, जानिए क्या है पूरा मामला:** बेंच ने जेएनयू को कहा कि छात्र को अपना पाठ्यक्रम पूरा करने की अनुमति दी जाए। इसके अतिरिक्त उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है, क्योंकि चाहकर भी बेंच छात्र के बर्बाद हुए समय की भरपाई नहीं कर सकता। हालांकि, जेएनयू प्रशासन का रवैया वाकई चिंताजनक है। एक छात्र को पक्ष या सफाई देने का मौका दिए बगैर निष्काषित करना पूरी तरह गैरकानूनी है।

**आपत्तिजनक वीडियो के आधार पर की थी कार्रवाई :** जेएनयू प्रशासन ने छात्र के लैपटॉप में आपत्तिजनक वीडियो होने का आरोप लगाया था। यह घटना वर्ष 2011 की है। छात्र पर रैंगिग के आरोप लगाते हुए कहा गया था कि उसने कुछ फोटोग्राफ अपने लैपटॉप में रखे हैं, जोकि आपत्तिजनक हैं। इसी आधार पर छात्र को 24 घंटे के भीतर हॉस्टल खाली करने, कोर्स से निष्काषित करने, अन्य विद्यार्थियों को शरण न देने की सख्त हिदायत दी गई थी। अब दो साल का हो गया पाठ्यक्रम = इस मामले में पिछले एक दशक में बड़ा बदलाव हुआ है। वर्ष 2011 में याचिकाकर्ता एमसीए के द्वितीय वर्ष का छात्र था। उस समय एमसीए में तीन वर्ष का पाठ्यक्रम होता था। अब यही पाठ्यक्रम जेएनूय में दो वर्ष का हो गया है। कोर्ट ने कहा कि जेएनयू प्रशासन अपने स्तर पर छात्र को सर्वोत्तम तरीके से कोर्स पूरा करने की व्यवस्था करे।

## दिल्ली में इस बार आसमान से जल्दी बरसेगी आग? आईएमडी ने जारी किया भीषण गर्मी का अलर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के कई हिस्सों में तेज गर्मी पड़ने लगी है। कर्नाटक के कलबुर्गी में रविवार को तापमान 43.1 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक, इस सप्ताह के अंत तक दिल्ली का तापमान 38 डिग्री को छू जाएगा। बीते दिनों जिन हवाओं के चलते दिल्ली को कुछ राहत मिली थी, वह भी आने वाले सप्ताह में थम जाएंगी।

मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में तेज धूप के चलते अभी तापमान बढ़ेगा। हालांकि, शुक्रवार के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से चिलचिलाती गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है, मगर इसके बाद फिर तापमान में बढ़ोतरी संभव है। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में रविवार सुबह तेज धूप निकली। इससे अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है। तेज उत्तर पश्चिमी हवाओं के चलते रात के तापमान में गिरावट हुई। न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से चार डिग्री कम है। दिल्ली की हवा साफ केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, रविवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 178 अंकों पर रहा। बता दें कि, शून्य और 50 के बीच एक एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

## ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट जज पर फूटा मस्क का गुस्सा, संविधान को धोखा देने का लगाया आरोप



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** दिग्गज कारोबारी एलन मस्क का ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के एक जज पर गुस्सा फूटा है और उन्होंने जज के इस्तीफे की मांग कर दी है। दरअसल ब्राजील सुप्रीम कोर्ट के जज एलेक्जांद्रे डे मोरेस ने ब्राजील में कई सोशल मीडिया अकाउंट को ब्लॉक कर दिया है और कई यूजर्स को जेल में डालने का भी आरोप है। दावा किया जा रहा है कि ये सोशल मीडिया अकाउंट्स ब्राजील की सरकार के खिलाफ झूठी खबरें फैला रहे थे। जिन अकाउंट्स को ब्लॉक किया गया है, उनमें कई अकाउंट्स ब्राजील के सोशल मीडिया इंफ्लुएंशर्स के हैं।

**ब्राजील के जज पर फूटा एलन मस्क का गुस्सा-** सोशल मीडिया पर कथित सेंसरशिप लगाने को लेकर एलन मस्क ने जज मोरेस पर तीखा हमला बोला। एक पोस्ट में उन्होंने लिखा कि यह जज मनमाने तरीके से ब्राजील के लोगों और संविधान के साथ धोखा कर रहा है। उसे इस्तीफा दे देना चाहिए या फिर उसके खिलाफ महाभियोग लाकर उसे पद से हटा देना चाहिए। मस्क ने एक अन्य पोस्ट में लिखा कि इस जज ने हम पर भारी जुर्माना लगाया है और हमारे कई कर्मचारियों को गिरफ्तार करने की धमकी दी है और ब्राजील में एक्स को बंद करने की धमकी दी है। इसके चलते हम ब्राजील में पूरा राजस्व खो सकते हैं और हो सकता है कि हमें ब्राजील में अपना ऑफिस बंद करना पड़े, लेकिन हमारे लिए लाभ से ज्यादा अहम सिद्धांत हैं। एलेक्जांद्रे डे मोरेस ब्राजील में एक चर्चित नाम हैं। कुछ लोग उन्हें विवादित मानते हैं तो कुछ उन्हें लोकतंत्र का रक्षक करार देते हैं। मोरेस, ब्राजील के सुपीरियर इलेक्टोरल ट्रिब्यूनल के प्रमुख भी हैं।

## उग्रवादी संगठन केएनएफ का नेता गिरफ्तार

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। दरअसल बांग्लादेश के सुरक्षा बल रैपिड एक्शन बटालियन को उग्रवादी संगठन कुकी चिन नेशनल फ्रंट (केएनएफ) के एक शीर्ष नेता को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। केएनएफ ने हाल ही में बांग्लादेश में एक सरकारी बैंक में लूट की उसके मैनेजर का भी अपहरण कर लिया था। केएनएफ के बांग्लादेश में इस्लामिक कट्टरपंथी सगठन से भी संबंध बताए जाते हैं।



### बंदरबन इलाके से हुई गिरफ्तारी

रैपिड एक्शन बटालियन ने केएनएफ के संयोजक और प्रमुख नेता चेओसिम बॉम को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी बांग्लादेश के बंदरबन इलाके से की गई है। रैपिड एक्शन बटालियन के क्षेत्रीय कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल एचएम सज्जाद ने पत्रकारों को बताया कि हमने बॉम को उसके घर से एक लॉकर से पकड़ा, जिसमें वह छिपकर बैठा हुआ था। बॉम को केएनएफ के मुखिया नाथन बॉम का करीबी माना जाता है। चेओसिम बॉम का पकड़ा जाना बांग्लादेश के लिए कितना अहम है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बांग्लादेशी सेना के प्रमुख सैफुद्दीन अहमद ने भी बंदरबन में उस जगह का दौरा किया, जहां से चेओसिम बॉम को पकड़ा गया है। बांग्लादेशी आर्मी के चीफ ने कहा कि केएनएफ सदस्य के पास से हथियार भी बरामद हुए हैं। आर्मी चीफ ने कहा कि बीते साल जून में केएनएफ के खिलाफ हुई कड़ी कार्रवाई के बात यह संगठन बातचीत के लिए तैयार हो गया था, लेकिन इनका शांति की बात करना सिर्फ दिखावा था क्योंकि ये पीछे से अपनी आपराधिक गतिविधियों को जारी रखे हुए थे।

बीते हफ्ते बांग्लादेश सरकार और केएनएफ के बीत शांति वार्ता पटरी से उतर गई थी क्योंकि केएनएफ ने बांग्लादेश के सरकारी बैंकों की तीन शाखाओं में लूट को अंजाम दिया था और साथ ही सुरक्षाकर्मियों के हथियार भी लूट लिए थे और एक बैंक मैनेजर का अपहरण कर लिया था। इसके बाद बांग्लादेश की सरकार ने इस समूह के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए इसके सदस्यों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया। बांग्लादेश की सरकार ने पहले बातचीत के जरिए बैंक मैनेजर को रिहा कराया और फिर कार्रवाई शुरू की।

## आबूधाबी के पहले हिंदू मंदिर में रमजान दौरान करवाया गया ओमसिय्यत

# विभिन्न धर्मों के 200 से ज्यादा प्रमुख बने गवाह



**दुबई, एजेंसी।** अबू धाबी में बने पहले हिंदू मंदिर बीएपीएस में रमजान के पाक महीने दौरान अंतरधार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम ओम्सिय्यत का आयोजन किया गया जिसमें मुस्लमान भाईचारे के धर्म गुरू के अलावा विभिन्न धर्मों के 200 से प्रमुख व प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में मंदिर में स्वामी ब्रह्मविहरिदास के साथ सहिष्णुता और सह-अस्तित्व मामलों के मंत्री शेख नाह्यान बिन मुबारक अल नाह्यान के अलावा, विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ थानी बिन अहमद अल जेयौदी, और सामुदायिक विकास विभाग के अध्यक्ष डॉ मुगीर खामिस अल खैली सहित कई प्रमुख हस्तियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में यह कार्यक्रम दो अप्रैल को आयोजित हुआ जिसमें स्थानीय धार्मिक समुदायों के नेता उपस्थित हुए। अब्राहमिक फैमिली हाउस के रब्बी जेफ बर्जर, रब्बी लेवी दुचमैन, चर्च ऑफ साउथ इंडिया पैरिश के फादर लालजी और बाह आई समुदाय के नेता उपस्थित थे। इस दौरान अब्राहमिक फैमिली हाउस के रब्बी जेफ बर्जर ने कहा, विविधता में एकता केवल एक सिद्धांत नहीं है बल्कि यह एक अभ्यास है। इसे आज रात यहां स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया गया है। यह कार्यक्रम समझ और सम्मान की दिशा में हमारी साझा यात्रा का प्रतीक है। जबकि शेख नाह्यान ने बीएपीएस हिंदू मंदिर के प्रभाव पर जोर देते हुए कहा, जब दुनिया अलगाववाद, अविश्वास, असहिष्णुता और संघर्षों से खतरे में हैं, तब यह मंदिर लोगों में आशा लाता है। मैं इस अंतरधार्मिक कार्यक्रम के लिए बीएपीएस हिंदू मंदिर की सराहना करता हूं। सभी मानव जाति की भलाई के लिए सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रेखाओं में एक साथ काम करने का हिंदू मंदिर का मजबूत संकल्प वास्तव में सराहनीय है। कार्यक्रम का समापन शाकाहारी सुहूर के साथ हुआ, जिसमें मंदिर के स्वयंसेवकों द्वारा बनाए गए अरबी और भारतीय भोजन शामिल थे। अंत में मंदिर के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने सभी मेहमानों का आभार जताया।

## पाकिस्तान में स्कूल बैग में हथियारों की तस्करी करने वाला पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**कराची , एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची में एक हालिया ऑपरेशन में दौरान काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट की खुफिया शाखा ने एक पुलिसकर्मी को हथियार तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया है। खास बात यह है कि आरोपी पुलिस कर्मी स्कूल बैग में हथियार छुपाकर तस्करी करने पहुंचा था लेकिन काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट ने उसके इस प्रयास को विफल कर दिया। एआरवाई न्यूज के अनुसार सीटीडी के प्रमुख राजा उमर खत्ताब ने खुलासा किया कि छापेमारी के दौरान, उन्होंने खैबर पख्तूनख्वा पुलिस बल के एक इन-सर्विस कांस्टेबल को पकड़ा। खत्ताब ने कहा, आरोपी अज़हरुद्दीन के स्कूल बैग से हथियार बरामद हुए। खट्टाब ने आगे खुलासा किया, गिरफ्तार संदिग्ध एक अंतर-प्रांतीय हथियार तस्करी गिरोह से जुड़ा हुआ है जो ऑनलाइन हथियारों की सप्लाई करता था।

एक अधिकारी ने बताया, आरोपी केपी बस स्टैंड के मुंशी डेनियल के लिए काम करता है। एआरवाई न्यूज के अनुसार, डेनियल हथियार डीलर कादिर, सद्दाम, नदीम एंड संस का प्रमुख संचालक रहा है। बरामद सबूतों के बारे में खत्ताब ने कहा, गिरफ्तार व्यक्ति, अज़हरुद्दीन के पास केपीके पुलिस का आधिकारिक पहचान पत्र भी मिला है। अधिकारी ने कहा, केपी के तीन हथियार डीलरों ने अब तक कराची में भारी हथियार भेजे हैं। उन्होंने कहा, सीटीडी ने पहले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। सीटीडी अधिकारी ने कहा, ज्यादातर सेवानिवृत्त या बर्खास्त एफसी अधिकारी हथियारों की तस्करी में शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा, ग्राहक अपने ऑर्डर ऑनलाइन बुक करते हैं और डेनियल मुंशी डिलीवरी की सुविधा प्रदान करते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129